लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, द्वितीया विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -171, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वैलेंटाइन डे और मानसिक स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 22.8° अधिकतम तापमान | 11.5° न्यूनतम तापमान | आसमान में साफ रहेगा धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:46 सूर्यास्त 5:55

कानपुर रविवार, 11 फरवरी 2024

रणवीर की रामायण में सूर्पणखा बनेंगी रकुल...13

एक नजर

महशहूर चित्रकार ए रामचंद्रन का 89 वर्ष की उम्र में निधन

नई दिल्ली। चित्रकार ए. रामचंद्रन का शनिवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके बेटे राहुल ने को बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण आज सुबह 9 बजे उनका निधन हो गया। केरल के अतिंगल में 1935 में जन्मे रामचंद्रन अपनी शानदार चित्रकारी के लिए जाने जाते थे। उन्हें 2002 में ललित कला अकादमी का फेलो चुना गया और 2005 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा गया।

पाकः गठबंधन सरकार के लिए जोड़-तोड़ शुरू

इस्लामाबाद/लाहौर। पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी एक पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर गठबंधन सरकार के गठन के लिए चर्चाएं और जोड़-तोड़ की कोशिशें शुरू हो गई हैं। त्रिशंकु संसद बनने के आसार के बीच गठबंधन सरकार बनाने के प्रयासों को तब गति मिली, जब पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शुक्रवार को प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों से पाकिस्तान को मौजूदा कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए हाथ मिलाने की अपील की।

लोकसभा चुनाव से पहले ही पूरे देश में लागू होगा सीएएः शाह

गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान, कहा- इस कानून से किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी।

सीएए के तहत केंद्र की मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे। शाह ने 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट' में कहा, 'सीएए देश का कानून है और इसकी अधिसूचना जरूर जारी होगी। इसे चुनाव से पहले जारी किया जाएगा। इसे लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना कांग्रेस नेतृत्व का भी वादा था।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, जो बांग्लादेश-पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न का सामना करके आए हैं। इस कानून का किसी को विरोध नहीं करना चाहिए।'



लोस में शाहः राम मंदिर विरोधी हवन में हड्डी न डालें

नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को नसीहत दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें। शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की और आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा, "22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वह अपने अस्तित्व को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है।"

सीएए के विरोध में शाहीन बाग में हुआ था धरना-प्रदर्शन

दिसंबर, 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित किये जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में तो इसके खिलाफ महीनों धरना-प्रदर्शन चला था। अब चार साल से अधिक की देरी के बाद सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाए जाने जरूरी हैं। इसबीच अधिकारियों ने कहा कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। विवादास्पद सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था।

पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के रहे, दुनिया ने देखी भारत की ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 17वीं लोकसभा के पांच वर्ष 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' वाले रहे और आज देश का यह संकल्प बन चुका है कि आने वाले 25 साल में वह विकसित भारत बनाने के इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देशवासियों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा हुआ है।

बजट सत्र और मौजूदा लोकसभा की आखिरी बैठक के अंतिम दिन सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीतिक आकांक्षा और अपेक्षा अपनी जगह है, लेकिन देश का संकल्प बन चुका है कि अगले 25 साल में वह इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा।' मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के थे। अपनी आंखों के सामने ही 'ट्रांसफॉर्म' होते देखना दुर्लभ होता है।

प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, दंड संहिता की जगह नई न्याय संहिता लाने समेत कई विधेयकों के पारित होने का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, 'सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, जिससे संविधान का पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ। संविधान निर्माताओं की आत्मा हमें जरूर आशीर्वाद दे रही होगी।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस कार्यकाल में परिवर्तनकारी सुधार हुए, इनमें 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव नजर आती है।'

▸▸ लोकसभा चुनाव से पहले सदन में आखिरी भाषण में बोले प्रधानमंत्री

▸▸ बतौर प्रधानमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

सांसदों की बात में 'सबका साथ...' का मंत्रः मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वह आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। इस सदन में भविष्य को लेकर जो बातें हुई हैं, उसमें संवेदना, संकल्प और सहानुभूति तीनों का समावेश है। सांसदों ने जो बातें कहीं, उनमें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाने का तत्व भी है।

सभी सांसदों का आभार, पहले सत्र में 30 विधेयक पारित

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''आपने स्थाई व्यवस्थाओं का निर्माण किया है। आपकी पहल और सभी के संयुक्त प्रयास की वजह से 17वीं लोकसभा में 97 प्रतिशत कामकाज हुआ है। यह अपने आप में प्रसन्नता का विषय है। सात सत्र तो सौ फीसदी से ज्यादा प्रोडक्टिविटी वाले रहे। आपने रात-रात भर बैठकर हर सांसद की बात को सरकार के ध्यान में रखने का प्रयास किया। मैं इस सफलता के लिए सभी सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं। पहले सत्र में दोनों सदन में 30 विधेयक पारित किए गए। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। नए-नए मानदंड स्थापित हुए।

पंजाब की सभी लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

खन्ना, एजेंसी

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर लड़ने की घोषणा की है। हालांकि आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है, लेकिन पंजाब में केजरीवाल ने अलग लड़ने का ऐलान किया है।

केजरीवाल ने कहा, 'दो साल पहले आपने बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया था। 117 में से 92 सीट दे दी थी।' उन्होंने कहा, "आज मैं आपसे एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। इस लोकसभा चुनाव में पंजाब में 13 और 1 सीट चंडीगढ़ की है। आने वाले 10-15 दिनों में आम आदमी पार्टी इन 14 की 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।" केजरीवाल की इस घोषणा को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका बताया है।

▸▸ पार्टी संयोजक केजरीवाल ने किया ऐलान, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और झटका

ईपीएफओ ने बढ़ाई ब्याज दरें, 8.15% से 8.25% की

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय की, जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ के देश में 6 करोड़ से भी ज्यादा पीएफ खाताधारक हैं, जिन्हें इस फैसले का लाभ मिलेगा। वर्ष 2021-22 में ईपीएफ ब्याज दर 8.10 प्रतिशत थी।

▸▸ पिछले तीन सालों में सर्वाधिक

श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की 235वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। ईपीएफओ ने मार्च 2022 में 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो चार दशक में सबसे कम थी। ईपीएफ पर ब्याज दर 2020-21 में 8.5 प्रतिशत थी। सीबीटी के फैसले के बाद 2023-24 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर संबंधी निर्णय को अनुमोदन के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

कश्मीर में 10 जगहों पर एनआईए का छापा

जम्मू, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी गतिविधियों के वित्त पोषण और युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में कथित रूप से शामिल तत्वों के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत शनिवार को यहां छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू शहर के गुज्जर नगर और शहीदी चौक समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एक निजी स्कूल और उसके अध्यक्ष समेत तीन अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर एनआईए के अधिकारियों ने छापा मारा। 28 फरवरी, 2019 को यूएपी अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित होने के बाद भी जमात-ए-इस्लामी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग गतिविधियों को अंजाम देते हुए पाया गया है।

▸▸ आतंकवादी फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने की कार्रवाई

इधर, तमिलनाडु में कार बम ब्लास्ट को लेकर 27 जगहों पर तलाशी

चेन्नई। एनआईए के अधिकारियों ने कोयंबटूर में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से प्रेरित होकर किए गए कार बम धमाके से जुड़े मामले में शनिवार को तमिलनाडु में कम से कम 27 स्थानों पर छापे मारे। विस्फोट के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने बताया कि इस मामले का मुख्य संदिग्ध एवं आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन अक्टूबर 2022 में आईईडी ले जा रहे वाहन में हुए धमाके में मारा गया था। एक सूत्र ने बताया कि चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, मदुरै, तिरुनेलवेली और कोयंबटूर जिलों में उन लोगों के परिसरों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, जिन पर आईएसआईएस या उसके समर्थकों से संबंध होने का संदेह है। छापेमारी शनिवार सुबह शुरू की गई।

कांग्रेस ने प्रमोद कृष्णम को पार्टी से निष्कासित किया

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को अपने वरिष्ठ नेता और आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम को अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है।

कांग्रेस के टिकट पर लखनऊ सीट से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रमोद कृष्णम को लेकर पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि वह निकट भविष्य में कांग्रेस से अपनी राह अलग कर सकते हैं। इससे पहले कि वह निर्णय लेते, पार्टी ने ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। कांग्रेस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कृष्णम को पार्टी से निकालने का प्रस्ताव दिया था। बता दें कि कृष्णम कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के करीबी और उनके सलाहकार भी रहे हैं।

▸▸ कल्कि पीठाधीश्वर पर लगाया अनुशासनहीनता का आरोप

बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा, होगी मजिस्ट्रेट जांच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः उत्तराखंड के हिंसाग्रस्त हल्द्वानी शहर के बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया है, लेकिन बनभूलपुरा क्षेत्र में यह लागू रहेगा। यहीं एक अवैध मदरसे को तोड़े जाने को लेकर उपद्रवियों ने भीषण आगजनी और तोड़फोड़ की थी। हिंसा की घटनाओं की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं और जांच 15 दिन के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मजिस्ट्रेट जांच करेंगे और 15 दिन के भीतर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शनिवार को कर्फ्यू बनभूलपुरा तक सीमित करने का आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि नैनीताल-बरेली मोटर रोड पर वाहनों की आवाजाही और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर कोई पाबंदी नहीं रहेगी। इस बीच शनिवार शाम हल्द्वानी में इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गईं।

एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) एपी अंशुमन ने बताया, 'प्रभावित इलाके में लगातार गश्त की जा रही है और स्थिति नियंत्रण में है।'

हल्द्वानी की हिंसा

▸▸ कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत करेंगे दंगे की जांच

पांच गिरफ्तार गिरफ्तार अन्य की तलाश जारी

हल्द्वानी। उत्तराखंड के हल्द्वानी में हिंसा और आगजनी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की पहचान का काम जारी है। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. नीलेश आनंद भरणे के अनुसार जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें महबूब आलम, जिशान परवेज, अरशद, जावेद सिद्दीकी और असलम उर्फ असलम चौधरी शामिल हैं।

आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे ट्रिलियनः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच शनिवार को विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन जमकर शब्दों का घमासान देखने को मिला। योगी ने शायराना अंदाज में निशाने पर लेते हुए कहा, 'आपने दिया फेल्योर स्टेट, हमने बनाया सेक्योर स्टेट, आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे वन ट्रिलियन।'

भारत रत्न से सम्मानित चौ.चरण सिंह का नाम अखिलेश द्वारा न लेने पर इसे किसानों के अपमान से जोड़ा। योगी कहा कि आप फटे दूध की तरह हैं, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा। मुख्यमंत्री ने बजट को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने वाला बताते हुए कहा कि राज्य सरकार टैलेंट, ट्रेडिशन, ट्रेड, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी के मंत्र को अपनाकर मिशन मोड में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सकल पदारथ एहि जग माही... तुलसीदास की चौपाई सुनाते हुए कहा कि पहले की सरकारों में कर्महीनता थी, अब प्रदेश सर प्लस स्टेट बन गया है। 2017 से पहले राज्य के नेतृत्व में कुछ भी करने की जिजीविषा नहीं थी। हमारी सरकार ने प्रदेश के बजट को 7 वर्षों के अंदर दोगुना तक बढ़ा दिया।

योगी ने कहा कि 2017 में पहला बजट भी प्रभु श्रीराम को साक्षी मानकर प्रस्तुत किया था, अब आठवां बजट भी भगवान राम के श्री चरणों में समर्पित है। रहीमदास का दोहा सुनाते हुए कहा, 'रहिमन फाटे दूध को मथे न माखन होय... नेता प्रतिपक्ष की आज यह स्थिति हो चुकी है कि कोई साथ में आने को तैयार नहीं है। सबको मालूम है कि पता नहीं किसको धोखा दे दें।' इसी दौरान सदन में किसी ने शिवपाल यादव का नाम लिया तो, योगी ने कहा कि चाचा तो जानते ही थे कि असल में क्या होने जा रहा है। योगी ने अपने भाषण में चौ. चरण सिंह का नाम न लेने पर अखिलेश पर हमला करते हुए कहा कि चौधरी साहब का सम्मान किसानों का सम्मान है।



▸▸ विधानसभा में योगी और अखिलेश के बीच जमकर चला शब्दों का घमासान

▸▸ योगी ने कहा, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा, आप फटे दूध की तरह

काशी-मथुरा में सपा ने बंद किया था ताला

पहले की सपा सरकार पर आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि काशी में भी उसी ने ताला बंद करवाया था और कृष्ण जन्मभूमि में भी पीछे जो पार्क है, उसका भी ताला बंद कर दिया था। दोनों ताले हमारी सरकार ने खुलवा दिए हैं।

पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लेंः योगी

योगी ने अखिलेश पर चुटकी लेते हुए कहा कि सीएम रहते न नोएडा गए होंगे, न बिजनौर। उनको डर लगता था कि पता नहीं कब हट जाएंगे, पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लें। हम तो नोएडा गए और रात्रि में बिजनौर में भी रुकते थे।

एक नजर

'संकट में हम घिरे हैं तो बचाने को राम हैं'

कानपुर। लोक सेवक मंडल के तत्वावधान में शास्त्रीभवन में हुए कवि सम्मेलन का इंद्रमोहन रोहतगी व गणेश गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर आरंभ किया। मंडल के अध्यक्ष दीपक मालवीय ने लाला लाजपतराय के व्यक्तित्व पर प्रकाशडाला। अंसार कंबरी, अंकिता शुक्ला शिवकुमार बिलग्रामी, ओमपाल सिंह निडर, कमलकांत तिवारी ने काव्यपाठ किया। संचालन राधेश्याम मिश्र ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कवियों का सम्मान किया।

एप डाउनलोड करा साइबर ठगों ने पार किए 1.71 लाख

कानपुर। दानाखोरी निवासी शरद चंद्र साहू से साइबर ठगों ने 1.71 लाख की ठगी कर ली। पीड़ित ने बताया कि बीती चार फरवरी को वह क्रेडिट कार्ड से पेमेंट कर रहे थे। इसी दौरान उनके पास कॉल आई। बात कर रहे युवक ने स्वयं को बैंक का अधिकारी बताया और एप डाउनलोड करने को कहा। एप डाउन लोड करते ही उनके खाते से तीन बार में 1.71 लाख रुपये पार हो गए।

आईआईटी के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को 10 करोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आईआईटी कानपुर में स्थापित किए जा रहे गंगवाल स्कूल आफ मेडिकल साइसेंज एंड टेक्नालाजी के तहत संचालित किए जाने वाले 500 बेड के यदुपति सिंहानिया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए प्रदेश सरकार ने 10 करोड़ रुपये दिए हैं। इस अस्पताल के लिए हुए एमओयू में 60 करोड़ रुपये देने की बात कही गई थी।

आईआईटी कानपुर में गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी और यदुपति सिंघानिया सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को बनाया जा रहा है। इसमें पहले चरण में पोस्ट ग्रेजुएट शैक्षणिक डिग्री और बायोमेडिकल अनुसंधान को पूरा किया जायेगा। इसके बाद दूसरे चरण में 500 बेड का सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल का संचालन होना है। आईआईटी का गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी जुलाई 2026 तक विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करेगा। यदुपति सिंघानिया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण होने से मरीजों को किफायती और विशिष्ट इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. एस. गणेश ने बताया कि गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसके साथ संस्थान ने चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा व अनुसंधान में क्रांतिकारी बदलाव लाने की कल्पना की है। संस्थान का यह प्रयास है कि इससे एक मजबूत स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हो सके। जो केवल अनुसंधान को बढ़ावा देगा बल्कि चिकित्सीय सुविधाओं को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा। राज्य का बजटीय आवंटन संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है। उधर गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के प्रभारी प्रोफेसर संदीप वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से आवंटित धन मेडिकल स्कूल के लिए नियोजित विविध विकास गतिविधियों को बढ़ावा देगी। इस बजट से साझा मिशन की कामयाबी सुनिश्चित हो सकेगी।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का मॉडल। अमृत विचार

चिकित्सा अनुसंधान के साथ तकनीकी नवाचार में बदलाव

आईआईटी के पूर्व छात्र और इंडिगो एयरलाइंस के सह संस्थापक राकेश गंगवाल ने 100 करोड़ रुपये दिए थे। इस धनराशि से उनके नाम पर ही गंगवाल मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलाजी स्कूल खोला गया है। इस स्कूल की परिकल्पना चिकित्सा अनुसंधान और तकनीकी नवाचारों में बदलाव लाने के लिए की गई है। इससे सम्बद्ध अस्पताल के लिए संस्थान के अन्य पूर्व छात्रों ने भी धन दिया है। योजना के पहले चरण में 8.10 लाख वर्ग फुट में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, अकादमिक ब्लॉक, आवासीय छात्रावास और सर्विस ब्लॉक की स्थापना शामिल है। पहले चरण में फ्यूचरिस्टिक मेडिसिन में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की जा रही है। दूसरे चरण में अस्पताल की क्षमता बढ़ाकर क्लीनिकल विभागों/केंद्रों, अनुसंधान क्षेत्रों में विस्तार, पैरामेडिकल विषयों, वैकल्पिक चिकित्सा, अस्पताल प्रबंधन, स्पोर्ट्स मेडिसन, और सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को शामिल किया जाएगा।

- **गंगवाल स्कूल आफ मेडिकल के तहत संचालित होना है 500 बेड का यदुपति सिंहानिया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल**
- **दो चरण के प्रोजेक्ट में वर्ष 2026 से शैक्षिक कार्यक्रमों की होगी शुरुआत**

यहां तो जंगल था, कितना कुछ बदल गया संस्थान

मेडिकल साइंस स्कूल का निर्माण देखते आईआईटी के पूर्व छात्र-छात्राएं।

कानपुर। आईआईटी कानपुर में 1973 बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं ने संस्थान से जुड़ी अपनी पुरानी यादें ताजा की।

गोल्डन जुबली रीयुनियन प्रोग्राम में भावुक हुए पूर्व छात्रों ने कहा कि आज जिस मुकाम पर हैं, उसमें संस्थान का बहुत बड़ा योगदान है। संस्थान में उन्होंने जो शिक्षा, अनुशासन और अनुभव हासिल किया वो आज तक उनके साथ है। छात्रों ने कहा कि अब संस्थान कितना बदल गया है। तब कुछ भवन थे और बाकी पूरा जंगल था। मुलाकात के दौरान संस्थान के निदेशक प्रो. एस गणेश ने सभी पूर्व छात्रों को वर्तमान उपलब्धि के साथ भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। 1973 बैच के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र अरुण सेठ ने कैम्पस के साथ गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया।

पीजीआई से जुड़ेगी ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग, छत पर बनेंगे दो हेलीपैड

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने ट्रामा सेंटर की स्थापना की प्रक्रिया शुरू की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में एपेक्स ट्रामा सेंटर की स्थापना के लिए राज्य स्तर के साथ कॉलेज प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी है। ट्रामा सेंटर को रिंग रोड, हाईवे और एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा, ताकि किसी भी हादसे की स्थिति में घायलों को सीधे और जल्दी इलाज के लिए सेंटर तक पहुंचाया जा सके। आठ मंजिला ट्रामा सेंटर की छत पर दो हेलीपैड भी बनेंगे। ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग को जीएसवीएसएस पीजीआई से जोड़ा जाएगा।आपदा की स्थिति में मरीजों को कोई दिक्कत न हो।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को एपेक्स ट्रामा सेंटर के लिए प्रदेश सरकार के बजट में 382 करोड़ रुपये बजट जारी किए जाने की घोषणा से हैलट अस्पताल परिसर में चार सौ बेड का ट्रामा सेंटर बनने का रास्ता साफ हो गया है। अब ट्रामा सेंटर के लिए चिह्नित जमीन की स्वाइल टेस्टिंग कराने की तैयारी हो रही है। कॉलेज प्रशासन के मुताबिक ट्रामा सेंटर दो भूतल समेत आठ मंजिला होगा। भूतल में फैकल्टी और मरीजों की पार्किंग की सुविधा होगी। इसके अलावा यहां की मार्चुरी भी अलग होगी। ट्रामा सेंटर में चार सौ बेड की सुविधा होंगी, जिसमें 50 बेड का आपदा प्रबंधन वार्ड बनाया जाएगा, जो ऑक्सीजन पाइप लाइन समेत सभी अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होगा। इस वार्ड का इस्तेमाल ट्रेन हादसा, बस हादसा या किसी प्रकार की आपदा की स्थिति में किया जाएगा। इन सब संसाधनों के अलावा ट्रामा सेंटर में दो हेलीपैड भी बनाए जाएंगे। वहीं, गणेश शंकर विद्यार्थी सुपर स्पेशिएलिटी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (जीएसवीएसएस पीजीआई) से ट्रामा सेंटर को जोड़ा जाएगा, जिसकी योजना तैयारी की जा रही है। ऐसा होने से आपदा की स्थिति में मरीजों को अस्पताल से बाहर निकालने में दिक्कत नहीं होगी।

कुछ ऐसे ही बिल्डिंग पर उतरेंगे हेलीकॉप्टर।

हैलट अस्पताल में स्थापित पीजीआई।

- **रिंग रोड, हाईवे और एक्सप्रेस वे से होगी कनेक्टिविटी ताकि घायलों को जल्द मिले मदद**
- **मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने बनानी शुरू की ट्रामा सेंटर निर्माण की रूपरेखा**

यह होंगी सुविधाएं

- 2 सीटी स्कैन मशीनें
- 14 आपरेशन थिएटर
- एक एमआरआई मशीन
- दो डिजिटल एक्सरे
- एक इको व ओपीजी मशीन
- पैथोलाजी, स्किल लैब व बैंक
- एटीएम व दो हेलीपैड
- आडिटोरियम और दो कैंटीन

बजट में ट्रामा सेंटर को स्वीकृति मिली है। ट्रामा सेंटर में आईसीयू के 150 बेड तो होंगे ही। साथ ही 50 बेड का आपदा प्रबंधन वार्ड भी बनाया जाएगा। दो हेलीपैड की सुविधा होगी और ट्रामा सेंटर के अधिकांश तल को जीएसवीएसएस पीजीआई से जोड़ा जाएगा। ट्रामा सेंटर के निर्माण के संबंध में प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

-प्रो. संजय काला, प्राचार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज

जन्म के एक सप्ताह में बच्चों की जांच जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बच्चे के जन्म के बाद पहले सप्ताह में उसकी दिल, थायराइड, पीलिया व सुनने की क्षमता की जांच कराना बेहद जरूरी होती है। ताकि जांच रिपोर्ट में किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर उसका इलाज शुरू कर बच्चे को उस रोग से ग्रस्त होने से बचाया जा सके, जिससे वह भविष्य में समान्य रूप से जीवन जी सके। यह सुझाव आईएसओपीएआरबी की अध्यक्ष डॉ. नीलम मिश्रा ने दिए। ताकि बच्चों का जीवन भी बचाया जा सके।

स्वरूप नगर स्थित एक होटल में आईएसओपीएआरबी व कानपुर ओब्स एंड गाइनी सोसाइटी ने गोष्ठी का आयोजन किया। आईएसओपीएआरबी अध्यक्ष डॉ. नीलम मिश्रा ने बच्चे के जन्म के 24 घंटे के बाद से सात दिन के अंदर महत्वपूर्ण जांचें कराने के संबंध में जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया कि इन जांचों को किन परिस्थितियों और कब कराना चाहिए, जिससे नवजात में खून की जांचों से भविष्य में होने वाली बीमारियों को भी जाना जा सके और उनका इलाज शुरू किया जा सके। साथ ही नवजात के सुनने की स्क्रीनिंग व दिल की जांच करना जरूरी है। रीजेंसी अस्पताल की निदेशक व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि कपूर ने बताया कि नौ वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए वैक्सीन लगाने का सरकार ने जो फैसला लिया है, वह काफी सराहनीय है। इससे सर्वाइकल कैंसर होने की संभावना बेहद कम होती है। संरक्षक डॉ.मीरा अग्निहोत्री ने बताया कि आठ वर्ष से लेकर 45 साल की उम्र तक एचपीवी वैक्सीन लगवाना महिलाओं को जरूरी होता है। कैंसर सर्विक्स भारत में दूसरा सबसे बड़ा कैंसर से मौत का कारण है, जिसे समय से जांच और टीका लगवाकर रोक सकते हैं। डॉ. सलोनी द्विवेदी ने पैथकाइंड लैब की जानकारी दी। सोसाइटी की सचिव डॉ. किरन सिन्हा, डॉ. कल्पना दीक्षित, डॉ. रेशमा निगम, डॉ. किरन पांडेय, डॉ. रीता मित्तल, डॉ. सीमा द्विवेदी, डॉ. रेनू गुप्ता, डॉ.राशि मिश्रा डॉ. विनीता अवस्थी रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं डॉ.नीलम मिश्रा, डॉ.मीरा अग्निहोत्री, डॉ.रश्मि कपूर।

परीक्षा के पहले का यह समय काफी महत्वपूर्ण

छात्रा को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

कानपुर। बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बेनाझाबर में शनिवार को इंटर के छात्रों का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट कर्नल अमित बाजपेई मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि परीक्षा को देखते हुए यह महत्वपूर्ण समय है, जितना परिश्रम कर लेंगे उतना ही लाभ मिलेगा। सभी छात्र स्मार्ट ऐज के हैं, नॉलेज भी स्मार्ट है, बस अनुभव की कमी है। अनुभव बड़ों से प्राप्त करें। कार्यक्रम में नेत्र विशेषज्ञ व विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. गौरव अग्रवाल ने कहा कि जीवन में तीन चीजें सदैव ध्यान रखनी चाहिए। समारोह में प्रधानाचार्य बृजमोहन कुमार सिंह ने बच्चों को परीक्षा सम्बन्धी आवश्यक जानकारी दी। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले 26 छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

खुशखबरी: जर्मनी के फेयर में मिले 50 करोड़ की सैडलरी के ऑर्डर

बढ़ा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जर्मनी में हुए स्पोगा हॉर्स फेयर मं् शहर के निर्यातकों को लगभग 50 करोड़ से अधिक का ऑर्डर मिले हैं। फेयर में शहर से 40 कारोबारी शामिल होने गए थे। फेयर में घुड़सवारी से जुड़े विश्वभर के चमड़े के उत्पादों को प्रदर्शित किया गया था।

शहर के कारोबारी फेयर में घुड़सवार के परिधान, काठी, ब्राइडेल, हेड स्टॉल, अस्तबल में इस्तेमाल होने वाले सामान सहित अन्य उत्पाद लेकर गए थे। घोड़े की काठी, ब्राइडल, सवारी परिधान के निर्यात आर्डर मिले हैं। करोबारियों ने बताया कि फेयर में बड़ी संख्या में शहर में बने सैंपल वहां के कारोबारियों को पसंद गए हैं। माना जा रहा है कि सैंपल पसंद आने पर वहां के कारोबारी जल्द ही शहर के कारोबारियों से संपर्क कर सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो ऑर्डर की संख्या में इजाफा हो सकता है। ऑर्डर पर सना इंटरनेशनल एक्जिम के निदेशक डॉ. जफर नफीस ने बताया कि जर्मनी में लगा यह फेयर इस बार कारोबारियों के लिए बेहतर व्यापार लेकर आया है। इजराइल-हमास युद्ध के बाद यह पहला मौका है जब किसी विदेशी फेयर में कारोबारियों आर्डर मिले हैं।

- **स्पोगा हॉर्स फेयर में शामिल हुए थे शहर के 40 चमड़ा कारोबारी**
- **घुड़सवारी से जुड़े उत्पादों के साथ ही खिलौने भी पसंद किए गए**

हाथ के बने उत्पाद आए पसंद

निर्यातकों ने बताया कि विदेशी खरीदारों को हाथ के बने उत्पाद सबसे अधिक पसंद आए हैं। खासतौर पर घोड़े की जीन में हाथ की मोटी सिलाई इस समय विदेश में प्रचलन में हैं। यही वजह रही कि इस बार जर्मनी में हुए फेयर में बेहतर कारोबार हुआ है। घोड़े के सजावटी उत्पाद जैसे लगाम और ब्राइडेल पर भी हाथ की मोटे धागे से हुई डिजाइन विदेशियों को पसंद आई है।

जीआरपी के हत्थे चढ़ा चोर

कानपुर। ट्रेनों में यात्रियों का मोबाइल, पर्स, जेवर चोरी करने व छीनकर भागने वाले शातिरों की धरपकड़ के लिए जीआरपी अभियान चला रही है। शनिवार को जीआरपी ने एक शातिर को दबोच लिया। आरोपी के पास से एक चोरी का मोबाइल बरामद हुआ है।

जीआरपी इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि आउटर पर ट्रेन धीमी होने पर यात्रियों के मोबाइल, पर्स व जेवर छीनकर भागने व चोरी करने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को कैंट साइड सर्कुलेटिंग एरिया में बने झंडेश्वर बाबा मंदिर के पीछे से एक शातिर को दबोचा गया है। पकड़ा गया चोर आशीष कुमार इटावा भरथना के रतहरी का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान उसने यात्रियों से सामान छीनने व चोरी करने की बात कबूली है। उसके पास से एक चोरी का मोबाइल बरामद किया गया है।

एनआरआई को हीरे की अंगूठी वापस की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **तेजस राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान गिरी थी अंगूठी**
- **आरपीएफ ने अंगूठी खोजकर एनआरआई को सुपुर्द किया**

अमृत विचार। भुवनेश्वर से चलकर दिल्ली जाने वाली तेजस राजधानी एक्सप्रेस में एनआरआई की हीरे की अंगूठी गिर गई। इसकी जानकारी होने पर आरपीएफ जवानों ने अंगूठी की तलाश कराई और एनआरआई के सुपुर्द की।

पुणे की एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत चंदन घोष परिवार के साथ दिल्ली जा रहे थे। उन्होंने बताया हिजली स्टेशन से वह तेजस में सवार हुए थे। ए-टू कोच में बर्थ 30 पर वह बैठे थे। परिवार के लोग भी उसी कोच में थे। चंदन ने बताया कि शनिवार सुबह जब उन्होंने अंगूठी गायब देखी तो परेशान हो गए। अंगूठी की खोजबीन की, मगर कुछ पता नहीं चला। कुछ देर बाद उन्होंने इसकी जानकारी आरपीएफ के हेड कांस्टेबल मनोज कुमार त्रिपाठी को दी। उन्होंने कोच के कर्मचारियों को जानकारी देकर अंगूठी तलाश करने को कहा। कुछ देर बाद एक सफाईकर्मी सुभाष ने बाथरूम में अंगूठी मिलने की जानकारी दी। इसके बाद आरपीएफ जवान ने उन्हें अंगूठी लाकर दी। जवान कानपुर सेंट्रल से नई दिल्ली तक अनुरक्षण ड्यूटी पर तैनात थे। चंदन घोष ने बताया कि वह परिवार सहित थाइलैंड में रहते हैं। उनके साथ पत्नी, बच्चे व भाई भी थे। दिल्ली पहुंचने के बाद वह थाइलैंड के लिए रवाना हो चुके हैं। चंदन ने ट्रेन में कार्यरत स्टाफ व आरपीएफ की सराहना की है।

बदलती संस्कृति | तीन दिवसीय चंबल लिटरेरी फेस्टिवल 16 फरवरी से पचनद में होगा आयोजित, मालासेन की पुस्तक बैंडिटक्वीन लोकप्रिय

कभी गोलियां गूंजती थीं, अब किताबें बोलेंगी

विशेष संवाददाता,कानपुर

अमृत विचार। गोलियों की तड़तड़ाहट के बीच कुख्यात डकैतों का गैंगवार, पुलिस एनकाउंटर, अपहरण, लूटपाट जैसे अपराधों की रोमांचक कथाओं के लिए उपजाऊ चंबल की घाटी अब सभ्य समाज के साहित्योत्सव के लिए चर्चित हो उठी है। नामी डकैतों के गिरोह का तो सफाया हो चुका है और जो छोटे-मोटे गिरोह बचे भी हैं, वह भी लगभग निष्क्रिय हैं। चंबल साहित्य उत्सव की खबर चौंका देने वाली है।

चंबल के नाम से ही लोग थर्रा उठते हैं, वह पर पुस्तकों, इतिहास, संस्कृति की बात हो तो निश्चित ही इसे रेगिस्तान में नखलिस्तान ही कहा जा सकता है। चंबल लिटरेरी फेस्टिवल 2024 का आगाज इसी 16 फरवरी से होगा और 18 फरवरी तक चलेगा। पचनद के विशाल जलराशि तट पर होने वाले इस लिटरेरी फेस्टिवल के आयोजक डॉ.शाह आलम राना बताते हैं कि अबकी चंबल घाटी के बीचो-बीच आयोजन होगा। यहां चंबल, यमुना, सिंध, पहुज और क्वारी इन पांच नदियों का अनोखा संगम है जहां पर साहित्यकारों का समागम होगा। प्रयास होगा कि चंबल संस्कृति को लोग जानें। एक समय यहां अंग्रेजों से लोहा लेने वाले क्रांतिकारियों मास्साब गेंदालाल दीक्षित की तूती बोलती थी। उनकी अपनी सेना थी जो अंग्रेजों से मुकाबला करती थी। उनका कहना है कि मालासेन की पुस्तक बैंडिट क्वीन लोकप्रिय है।

आलम का चंबल मिशन

कार्यक्रम के आयोजक शाह आलम राना घुमंतू पत्रकार रहे हैं। इन्होंने 2016 में 2800 किलोमीटर की चंबल यात्रा साइकिल से की। इस यात्रा का मकसद चंबल के बीहड़ों का दस्तावेजीकरण था। चंबल जनसंसद के माध्यम से फेस्टिवल की बाबत लोगों को बताया। वह कहते हैं कि देश के लिए लड़ने वाले बागियों की अमरगाथा, चंबल फेनीफेस्टो, बीहड़ में साइकिल, आजादी की डगह पे पांव, कमांडर-इन-चीफ गेंदालाल दीक्षित आदि पुस्तकों का बड़ा संकलन वह प्रदर्शित करते हैं। आलम चंबल संग्रहालय, के.आसिफ चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, पचनद दीप पर्व व चंबल मैराथन के संस्थापक भी हैं। आलम बताते हैं कि गेंदालाल दीक्षित संयुक्त प्रांत के नामचीन क्रांतिकारी थे। युवाओं और चंबल बीहड़ में सक्रिय दस्यु सरदारों में राष्ट्रीय भावना जगाकर उन्हें आजादी की लड़ाई से जोड़ा। इतिहास में उनकी पहचान मैनपुरी षड़यंत्र केस के सूत्रधार, शिवाजी समिति के कमांडर के रूप में थी। उनकी गाथा का विशेष प्रदर्शनी आयोजित होगी। वह आगरा के निवासी थे। रामप्रसाद बिस्मिल को जोड़ने का श्रेय भी उन्हीं को बताया जाता है। उन्होंने अलग-अलग प्रांतों में काम कर रहे संगठनों को जोड़ा।

चंबल का इतिहास बताना है मकसद

कानपुर। इस लिटरेरी फेस्टिवल में भाग लेने जा रहे वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिंदूर का कहना है कि चंबल अपना पवित्र इतिहास भी संजोए है जो कम लोग जानते हैं। चंबल क्षेत्र में साहित्य की समृद्ध परंपरा रही है जिससे प्रेरणा लेते हुए चंबल के बिखरे साहित्य को संवारकर समाज के सामने उजागर करने का यह प्रयास है। कानपुर में रह रहे सिंदूर मूलतः जालौन के रहने वाले हैं। डॉ शाह आलम राना बताते हैं कि स्वतंत्रता संग्राम और चंबल अंचल से जुड़ी पुस्तकों, दस्तावेजों, पत्र- पत्रिकाओं, प्राचीन सिक्कों, पत्रों, लोक संस्कृति की दुर्लभ सामग्री की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। तीन दिनी चंबल लिटरेरी फेस्टिवल आठ सत्र होंगे। आगंतुकों के लिए चंबल सफारी का भी इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में स्थानीय सांस्कृतिक गतिविधियों, दिलकश कविताओं और मनोरंजक फिल्मों और कलाओं का आगंतुक आनंद उठाएंगे। अपने आप अनोखा लिटरेरी फेस्टिवल चंबल अभयारण्य में जानवरों और पक्षियों को देखने, चंबल नदी में नाव की सवारी का आनंद लेने, प्राचीन मंदिरों के दर्शन करने और अपनी चंबल यात्रा पर अछूते प्रकृति का आनंद लेने और ताजी हवा में सांस लेने का मौका मिलता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मैं शिवम पाल पुत्र श्री बाबू पाल निवासी पिटाकपुर तहसील परगना सिकंदरा जिला कानपुर देहात का निवासी हूं। एलआईसी द्वारा जारी पालिसी संख्या 231213883 में त्रुटिवश मेरा नाम शुभम बाबू पाल पुत्र श्री बाबू पाल अंकित हो गया है। यह घोषणा करता हूं कि शुभम बाबू पाल और शिवम पाल एक ही व्यक्ति हैं।

आवश्यकता है

ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)
(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.)
में बी.काम में अध्यापन हेतु 03 शिक्षकों की आवश्यकता है।
योग्यता– उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार।
नोट– इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।
वेतनमान – उ.प्र.शासन/यूजीसी के मानकानुसार देय होगा।
प्राचार्य- 8765312453,9532071072

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैने अपने पुत्र डेनिस बाल्मीकि और पुत्रवधु निशा के गलत आचरण से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किए कार्यो एवं लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
–ओमप्रकाश पुत्र मन्नीलाल 166/ठ –1 बीबीपुर चकेरी एरोड्रम, कानपुर

सूचना

मेरे पुराने पासपोर्ट पर मेरे पिता का नाम तुर्टिवश बशीर अहमद अंकित हो गया है मेरे पिता का वास्तविक नाम छेदा है। समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का नाम छेदा ही माना जाये। मो0 गुफरान पुत्र छेदा निवासी मोहल्ला खत्राना कस्बा परगना थाना बिलग्राम हरदोई

आज का मौसम
तेज धूप रहेगी, हवाओं के चलने से रात सर्द होगी।

22.0°	04.8°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 48	सूर्यास्त 05 : 58

शहर में आज

- **महोत्सव :** श्री करौली शंकर महादेव धाम करौली में बाबा राधा रमण मिश्र जी की जयंती पर उत्सव सुबह 10 बजे से।
- **उत्सव :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रतिमा स्थल फूलबाग में उत्सव का आयोजन सुबह 11 .30 बजे।
- **गोष्ठी :** कानपुर समग्र विकास मंच की ओर से भारत रत्न के लिए चुने गए महानुभावों के जीवन पर गोष्ठी का आयोजन तिलक नगर में दोपहर 12 बजे।

एक नजर

श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव मनाया गया

कानपुर। सीएसए में अंतरिक्ष सप्ताह के तहत दो दिवसीय श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुनीश गंगवार ने की। कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ अर्चना सिंह , उमा रश्मि, डॉ. गीत शिखा एवं डॉ नवल कुमार झा भी मौजूद रहे। प्रांशी , स्नेहा और शालू ने मां सीता का वेश धारण कर वृक्षारोपण का दृश्य प्रस्तुत किया | हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने का दृश्य अभिषेक द्विवेदी ,जितेंद्र मिश्रा ,आशीष ,सतीश कमलेश ,विकास की ओर से प्रस्तुत किया गया | श्रव्य ,आयशा, दीपिका ,दीपाली, श्वेता, संगम, सुगम ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

98 केंद्रों पर समीक्षा अधिकारी परीक्षा आज

कानपुर। लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा रविवार को होगी। परीक्षा में 98 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए 33 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 98 स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था भी हर केंद्र में होगी। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली में परीक्षार्थी सुबह 9 .30 व दूसरी पाली में दोपहर 2 .30 बजे से परीक्षा देंगे।

कानपुर में रेल इंजनों में लग रही कवच डिवाइस

रविवार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

हादसों से बचाव

- गाजियाबाद-डीडीयू जंक्शन के बीच दिसंबर तक ट्रैक पर लगा दी जाएगी सुरक्षा प्रणाली
- केबल डालने का काम 50 प्रतिशत पूरा हुआ, 48 में 30 टॉवर अब तक लगाए जा चुके

अमृत विचार। रेल यात्रा को दुर्घटनाओं से सुरक्षित बनाने के लिए एंटी कॉलिजन डिवाइस (टक्कर रोधी उपकरण) कवच लगाने के काम ने गति पकड़ ली है। नॉर्थ सेंट्रल रेलवे की ओर से कानपुर, झांसी और गाजियाबाद के लोकोशेड में 300 रेल इंजनों में कवच डिवाइस लगाने का काम शुरू कराया गया है। सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि गाजियाबाद से दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (मुगलसराय) के बीच 755 किमी लंबे ट्रैक पर कवच सिस्टम लगाने का काम इस साल के अंत तक पूरा हो जाएगा।

सबसे व्यस्तम दिल्ली-हावड़ा रेल रूट बीते दशकों में कई भीषण ट्रेन हादसों का गवाह बन चुका है। भविष्य में ट्रेनों को टक्कर से बचाने के लिए रेलवे रेडियो फ्रीक्वेंसी आधारित कवच सिस्टम लगा रहा है। सीपीआरओ ने बताया कि मथुरा-पलवल के बीच 80 किमी की दूरी पर कवच सिस्टम लगा दिया गया है। आरडीएसओ के परीक्षण जारी हैं। इसी साल अप्रैल-मई माह में इसे चालू करने की संभावना है। इसी तरह अगला लक्ष्य गाजियाबाद से डीडीयू जंक्शन के बीच 755 किमी लंबा ट्रैक है।

सीपीआरओ के अनुसार कवच सिस्टम को पांच-छह हिस्सों में बांटा जा सकता है। गाजियाबाद से डीडीयू जंक्शन के बीच रेडियो सिग्नल पास करने के लिए 48 टॉवर लगाए जाने हैं। इनमें 30 टॉवर चुके हैं। स्टेशनों के पास ब्लॉक सेक्शन में केबल फिट किए जाएंगे। केबल बिछाने का काम भी करीब 50 प्रतिशत पूरा हो चुका है। स्टेशनों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी टैग (आरएफआईडी) और स्टेशन कवच डिवाइस लगेंगी। स्टेशन और सेक्शन का काम होने के बाद 300 लोकोमोटिव इंजनों में डिवाइस लगाने का काम भी जारी है।

इस तरह काम करता है पूरा सिस्टम

- यदि कोई ट्रेन लाल सिग्नल होने पर भी क्रास कर जाती है, तो कवच सिस्टम ट्रेन में ऑटोमेटिक ब्रेक रिलीज कर देता है, जिससे ट्रेन की गति कम हो जाती है।
- यदि कोई ट्रेन ओवरस्पीड में होती है, तब यह सिस्टम सक्रिय होकर ट्रेन के ब्रेक का इस्तेमाल कर स्पीड कम कर देता है।
- यदि मौसम खराब हो या घना कोहरा होता है, तब इसकी मदद से ट्रेन का संचालन किया जा सकता है। यह सिग्नल सिस्टम की मदद से चालक को ट्रेन संचालन में मदद करता है।
- यदि किसी एक ट्रैक पर दो ट्रेनें आ जाती हैं, तो यह सिस्टम ऑटोमेटिक ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक देता है, इससे दो ट्रेनों की आपस में टक्कर बच जाती है।
- कई हादसे रेलवे फाटक पर भी होते हैं। इनसे बचाव के लिए रेलवे फाटक को सिग्नल सिस्टम से जोड़ा जा रहा है। इसी तरह फाटक से पहले अभी चालक को इंजन की सीटी बजाने के लिए कहा जाता है, ताकि फाटक पर खड़े लोग सतर्क हो सकें। नई व्यवस्था में ट्रेन की सीटी को कवच सिस्टम के साथ जोड़ दिया जाएगा। ऐसे में जब भी ट्रेन किसी फाटक से गुजरेगी तो पहले ही इंजन की सीटी बज उठेगी।
- यह एक लोको-पायलट को दूसरे लोको-पायलट से संवाद स्थापित करने में मदद करता है, जिससे ट्रेन की सही लोकेशन की जानकारी मिल सके और बेहतर समन्वय के साथ ट्रेनों का संचालन हो सके।

ओवरलोड डंपर ने तोड़ी सीसामऊ नाले की स्लैब

नाले की स्लैब तोड़कर धंसा डंपर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ओवरलोड डंपर ने शनिवार को सीसामऊ नाले का स्लैब तोड़ दिया। क्रेन से ट्रक निकालने की कवायद गई, पर ओवरलोडिंग के चलते देर शाम तक डंपर नहीं निकल सका। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने डंपर मालिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुये क्षतिपूर्ति वसूलने और टूटी स्लैब का नये सिरे से निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं।

वीआईपी रोड के भैरोघाट चौराह से सुबह एक डंपर मजदूर सभा रोड की तरफ जाने के लिये सीसामऊ नाले की पुलिया पार कर रहा था। तभी डंपर का पिछला हिस्सा नाले की पुलिया का स्लैब धंसने से फंस गया। पिछले चार पहिए फंस जाने से डंपर लटक गया। चालक ने डंपर को निकालने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो सका। इस दौरान यहां का यातायात बाधित हो गया। नगर निगम जोन-4 की सहायक अभियंता मीनाक्षी अग्रवाल ने बताया कि डंपर पर कार्रवाई करने के साथ स्लैब की दोबारा मारम्मत की जाएगी।

शहर में भी की गई माहौल बिगाड़ने की कोशिश

संवेदनशील रावतपुर इलाके में पुलिस प्रशासन की सतर्कता से टकराव होते बचा, फोर्स कर रही गश्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 61 लोगों के खिलाफ बलवा मारपीट, हमला करने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट
- मंदिर मे आरती के दौरान श्रद्धालुओं के साथ रोज धक्का-मुक्की करने का आरोप

यतीमखाना चौराहा पर तैनात रहा पुलिस बल। अमृत विचार

अमृत विचार। हल्द्वानी व बरेली में हिंसा के बाद शहर के संवेदनशील इलाके रावतपुर में भी माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। लेकिन इसकी सूचना पाते ही पुलिस प्रशासन ने कुछ ही देर में इलाके को छावनी के रुप में तब्दील कर दिया। आलाधिकारियों के निर्देश पर एक नामजद समेत 61 अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, उत्तेजित होकर हमला करने, मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की तलाश सीसीटीवी फुटेज की मदद से की जा रही है।

रावतपुर आनंद नगर निवासी सतीश मिश्रा ने बताया कि नौ फरवरी को भल्लड़ नामक युवनक ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मस्जिद में मौजूद उसके 50-60 साथियों ने उन पर हमला कर दिया। सतीश का आरोप है कि भल्लड़ रोज दक्षिणेश्वर मंदिर में आरती के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के साथ धक्का मुक्की करता है। मस्जिद का एक दरवाजा भी बस्ती की ओर जबरन खोले हुए है। आरोपी हमला करके दंगा भड़काना चाहते थे। संवेदनशील इलाके में हंगामे की सूचना पर डीसपी वेस्ट विजय ढुल कल्याणपुर एसीपी अभिषेक पांडेय, रावतपुर पुलिस समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। मामले को संज्ञान में लेकर अखिल कुमार ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस ने भुल्लड़ समेत 61 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। डीसीपी विजय ढुल ने बताया कि सीसीटीवी में पूरी घटना कैद है। फुटेज के आधार आरोपियों की पहचान कराई जा रही है। घटनास्थल पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। इलाके में फुट पेट्रोलिंग भी कराई जा रही है। पुलिस प्रशासन ने कहा है कि किसी ने भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में दूसरे दिन भी तैनात रहा पुलिस बल

कानपुर। हल्द्वानी व बरेली में बिगड़े माहौल के बाद शनिवार को दूसरे दिन भी शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस मुस्तैद रही। शहर के जिन इलाकों में बवाल हो चुके है, पुलिस कमिश्नर ने उन इलाकों की विशेष निगरानी की हिदायत दी है। दंगों के इतिहास को देखते हुए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने शहर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। शहर के मिश्रित आबादी वाले इलाके सद्भावना चौकी से लेकर चारो तरफ भारी फोर्स तैनात किया गया। इसके साथ ही मिली जुली आबादी वाले रावतपुर गांव, मछरिया, नौबस्ता, बाबूपुरवा, परमपुरवा वाले इलाकों में भी पुलिस की पैनी नजर बनी रही। सभी जोन के डीसीपी ने अपने-अपने क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसके साथ ही एलआईये समेत अन्य जांच एजेंसियों को भी लगाया गया, जो कि अलग-अलग इलाकों में गोपनीय रुप से जांच कर रही है।

45 सीटों पर चुनाव लड़ेगा बीएस-4

कानपुर। लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज स्वाभिमान संघर्ष संगठन (बीएस-4) ने भी ताल ठोक दी है। प्रदेश में बीएस-4 के 45 प्रत्याशी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जिस वजह से सबसे अधिक दिक्कत बसपा, सपा व कांग्रेस को हो सकती है। वहीं, भाजपा का भी वोट बैंक गड़बड़ा सकता है। क्योंकि बीएस-4 का मुख्य टारगेट एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक है।

संगठन की दिल्ली में लोकसभा के चुनाव के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी सिंह चौहान ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की, जिसमें तय हुआ कि उत्तर प्रदेश की 45 सीटों पर बीएस-4 के प्रत्याशी लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। संगठन के पदाधिकारी शहर, गांव, गली व मोहल्लों में बैठक, पंचायत व घर-घर भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। राजनैतिक पार्टियों द्वारा समाज के लोगों पर किए गए अन्याय की जानकारी देंगे।

हाय राम भारत रत्न का ये कैसा सम्मान...

केंद्र सरकार जहां एक ओर किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देकर नवाजा वहीं दूसरी ओर शहर में रामादेवी चौराहे पर लगी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थल का शिला लेख टूटा हुआ जमीन पर पड़ा है जिसे प्रशासन अनदेखी कर देश के सपूत भारत रत्न महापुरूष की बेकद्री कर देशवासियों को अपमानित कर रहा है। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पार्टी लोक दल के नेता व कार्यकर्ता सिर्फ अपनी फोटो समाचार पत्रों में छपवाने व अपने स्वार्थ की खातिर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको इस्तेमाल करते हुए रस्म अदायगी करते हैं।

फोटो - मनोज तिवारी

नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने में अधेड़ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बीते छह माह से कक्षा पांच की छात्रा से आरोपी कर रहा था छेड़खानी
- छात्रा की मां ने बाबूपुरवा थाने में दर्ज कराया मुकदमा

अमृत विचार। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में अधेड़ करीब छह माह से कक्षा पांच की छात्रा संग अश्लील हरकतें कर रहा था। आजिज आकर छात्रा ने अपनी मां को आपबीती बताई। जानकारी पर बीते गुरुवार मां बेटी को लेने स्कूल पहुंची तो आरोपी देख कर भाग निकला। आरोप लगाया कि मूवी दिखाने के बहाने आरोपी ने थिएटर में छात्रा से छेड़छाड़ की। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बाबूपुरवा निवासी महिला ने बताया कि उनके पति सऊदी में नौकरी करते हैं, वह बच्चों के साथ यहां रहती है। उनकी 12 वर्षीय बेटी कक्षा पांच की छात्रा है। पड़ोस में रहने वाला किराना दुकानदार नासिर अली (55) बीते छह माह से बेटी संग छेड़खानी कर रहा था। बीते अगस्त माह में बिना बताए नासिर बेटी को लेकर पिक्चर दिखाने ले गया, जहां उसके साथ अश्लीलता की। बेटी के शोर मचाने पर आरोपी ने घर में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद से नासिर बेटी से लगातार छेड़खानी कर रहा था। गुरुवार को महिला बेटी को स्कूल लेने पहुंची तो आरोपी स्कूल के बाहर खड़ा मिला। बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि पॉक्सो, छेड़खानी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

फर्जी दस्तावेजों से लेफ्टिनेंट कर्नल के साथ रहती मिली महिला मित्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रिटायर्ड महिला अधिकारी ने पति व उसकी महिला मित्र के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा
- सात मई को पति को बिना बताए पहुंची घर तो महिला मित्र के देखकर रह गईं दंग

अमृत विचार। बच्चों की पढ़ाई के कारण लखनऊ में रहने वाली एयरफोर्स से रिटायर्ड महिला अधिकारी बिना बताए लेफ्टिनेंट कर्नल पति से मिलने कैंट स्थित आवास पर पहुंची तो वहां पति की महिला मित्र मिली। जानकारी करने पर पता चला कि महिला मित्र रिटायर्ड महिला अधिकारी के फर्जी दस्तावेज के तैयार कर सेना के प्रतिबंधित क्षेत्र में रहने के साथ इलाज व अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा रही थी। घर में काम करने वाली युवती व पड़ोसियों ने जानकारी की तो पता चला की पति ने महिला संग गुपचुप तरीके से विवाह कर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। रिटायर्ड महिला अधिकारी कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

लखनऊ के राजाजीपुरम निवासी राखी अग्रवाल ने बताया कि वह एयरफोर्स से अधिकारी के पद से रिटायर्ड है। उनका विवाह वर्ष 2001 में दिल्ली के पश्चिम विहार के रहने वाले सेना के आफिसर अविनाश गुप्ता से हुआ था। दोनों के एक बेटा व बेटी है। उनके पति वर्तमान में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर है। अविनाश की पोस्टिंग शहर में स्टेशन मुख्यालय में अतिरिक्त अधिकारी के पद पर है। राखी के मुताबिक वह दोनों बच्चों की पढ़ाई के कारण उनके साथ लखनऊ में रहती है। आरोप लगाया कि बीती सात मई को वह बिना बताये पति के सरकारी आवास पर पहुंची तो उन्हें पति की महिला मित्र दिल्ली के द्वारिका निवासी तनूजा भल्ला मिली। पता चला कि तनूजा भल्ला ने उनके नाम पर अपनी फोटो लगाकर फर्जी सरकारी दस्तावेज बनवाए हैं। इन दस्तावेज के सहारे वह सेना के प्रतिबंधित क्षेत्र में रहती है। इसके साथ ही तनूजा ने पति को फंसा कर संयुक्त खाते से रुपये निकाल कर गुड़गांव में एक फ्लैट खरीदा। साथ ही वह इलाज व सेना की ओर से मिलने वाली सुविधाओं का भी लाभ भी उठा रही है। उन्हें आशंका है कि पति ने उस महिला से शादी भी कर ली है। आरोप है कि विरोध करने पर अविनाश व तनूजा ने उन्हें धमकाया। इसके साथ ही आरोपी उन्हें मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर रहे है।

विधान सभा में उठी मांग | सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी की सदन में याचिका, बदहाली का मामला उठाया

जेके कैंसर को रीजनल इंस्टीट्यूट का दर्जा दिया जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जेके कैंसर संस्थान की बदहाली का मुद्दा एक बार फिर से विधानसभा में गरमा गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी से जेके कैंसर संस्थान में जो व्यवस्था नहीं है, उसकी सूची पत्र के माध्यम से देने को कहा। इसके साथ ही काकादेव के एक व्यक्ति ने जेके कैंसर संस्थान को रीजनल कैंसर इंस्टीट्यूट बनाने की मांग की, जिसकी याचिका सपा विधायक ने सदन में उपस्थित की।

रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा संस्थान है। लेकिन यहां की स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में यहां पर कई महत्वपूर्ण जांचें नहीं होने से कैंसर रोगियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 20 नवंबर 2023 को विधानसभा की समिति और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने संस्थान का निरीक्षण किया था, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी शामिल थे। विइस दौरान नया कैंसर इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट बनने के विषय में चर्चा हुई थी। संस्थान प्रदेश का सबसे अच्छा संस्थान कैसे हो सकता है, इस पर भी समिति व अधिकारियों ने सुझाव दिए थे। लेकिन यूपी के बजट में संस्थान को सिर्फ अनुरक्षण कार्य के लिए ही बजट मिला है। इस संबंध में काकादेव निवासी नीरज सिंह ने सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी को जेके कैंसर संस्थान को रीजनल कैंसर इंस्टीट्यूट में बदलने के संबंध में याचिका दी थी।

संस्थान में नहीं यह व्यवस्थाएं

सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी ने सदन में कहा कि जेके कैंसर संस्थान में कैंसर की जांच में सहायक पैट मशीन स्कैन की सुविधा नहीं है। यहां बायोप्सी तक नहीं की जाती है। संस्थान में सर्जन और ऑपरेशन थिएटर हैं, लेकिन बीते एक साल में एक भी सर्जरी नहीं की गई है। पैथोलॉजी है, लेकिन उसके संचालन के लिए पैथोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं है। लीनियर एक्सीलेटर की मशीन की भी सुविधा नहीं है। मरीजों को खून जांच कराने के लिए संस्थान से दूसरे अस्पताल जाना पड़ता है।

कार्डियोलॉजी में है दलालों का राज : रूमी

विधानसभा में समाजवादी पार्टी के विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने कार्डियोलॉजी में दलाल राज का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मरीज इलाज के लिए जनप्रतिनिधियों के पास आते है। जनप्रतिनिधि अपने लेटरपैड पर बीमार मरीज की मदद के लिए कार्डियोलॉजी संस्थान के निदेशक को संस्तुति करते हैं, लेकिन वह लेटर उन तक नहीं पहुंच पाता है और संस्थान में मौजूद दलाल घेरकर मरीजों का पर्चा व लेटरपैड छीनने लगते हैं और कहते हैं कि सरकारी स्टंट डलवाओगे तो जिम्मेदारी तुम्हारी होगी कि बचोगे या नहीं। दलाल मरीजों को लुटने, डराने व धमकाने का काम करते हैं। कार्डियोलॉजी, जेके कैंसर संस्थान, मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल, हैलट, उर्सला, डफरिन व केपीएम में ऐसे दलालों पर रोक लगना जरूरी है। विधायक ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में गरीब मरीजों के इलाज की व्यवस्था की जाए।

सदन में बोलते सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी व साथ में आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजेपेयी।

राम और हिंदी के सेवक को किया सलाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

बद्री नारायण तिवारी कों श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अमृत विचार

- लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी में श्रद्धांजलि सभा

अमृत विचार। साहित्य जागरण मंच की ओर से लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी के सभाकक्ष अशोक नगर में शनिवार को डॉ. बद्री नारायण तिवारी को श्रद्धांजलि दी गई। वे सच्चे हिंदी प्रेमी और श्रीराम का गुणगान करने वाले थे। आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कार्य हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। यह बात श्रद्धांजिल सभा में मौजूद साहित्यप्रेमियों ने कही।

सभाकक्ष में साहित्य, कला एवं संस्कृति प्रेमियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कहा कि शहर में मानस संगम, तुलसी उपवन व शहीद उपवन उनकी परिकल्पना का जीवित स्मारक हैं। श्रद्धांजलि सभा में कथाकार राजेंद्र राव ने कहा कि बद्री नारायण के प्रयास से ही राष्ट्रकवि सोहनलाल द्विवेदी पर वृत्तचित्र बना था। डॉ. प्रदीप दीक्षित ने कहा कि किसी को भी अपना बना लेने की कला उन्हें आती थी। रंगकर्मी राधेश्याम दीक्षित और विनोद पांडेय ने उन्हें कलाप्रेमी कहा तो अतहर नईम और एमएम नकवी ने उनके सामाजिक सौहार्द की चर्चा की। डॉ. विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. सुरेश अवस्थी, डॉ. कमल मुमद्दी, डॉ. लता कादम्बरी, अशोक बाजपेई, विनोद श्रीवास्तव और कविता सिंह ने उन्हें विनम्र हिंदी सेवी कहा। देश-विदेश के न जाने कितने हिंदी लेखकों को मानस संगम के वार्षिक उत्सव में पुरस्कृत किया गया।

लखनऊ हाई-वे पर हादसों को दावत देती रफ्तार

❍ एनएचएआई को करानी है मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा ❍ राजधानी को एक दर्जन जिलों से जोड़ता है यह मार्ग

हाईवे पर फैली बजरी। अमृत विचार

हाईवे पर टूटी सड़क की स्थिति। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर से लखनऊ जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति बहुत ही खराब है। जगह-जगह यह सड़क टूट गई है पर राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ और कानपुर इकाई के अधिकारियों का ध्यान इस पर नहीं है। स्थिति यह है कि इन गड्ढों की वजह से ही हादसे होते हैं और सड़क पर जाम भी लगता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बार-बार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का आदेश दे रहे हैं लेकिन अधिकारियों को इससे कोई मतलब नहीं है।

रामादेवी-जाजमऊ तक फ्लाईओवर पर कई जगहों पर गड्ढे हो गए हैं। यही स्थिति जाजमऊ से लखनऊ तक है। कहने के लिए तो समय- समय पर इस हाईवे की मरम्मत एनएचएआई द्वारा की जाती है लेकिन किस तरह की जाती है इस सड़क को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। गड्ढों के कारण ही वाहनों की रफ्तार कम होती है और जाम लगता है। दो पहिया वाहन चालक इन गड्ढों की वजह से हादसे का शिकार भी होते हैं। ऐसा नहीं है कि इन गड्ढों की जानकारी एनएचएआई अधिकारियों को नहीं है। वे जानते सबकुछ हैं पर अनदेखी कर रहे हैं। कानपुर से लखनऊ जाने के लिए झांसी, कानपुर देहात, महोबा, हमीरपुर, उरई, ललितपुर, बांदा, चित्रकूट आदि जिलों के लोग इस हाईवे का उपयोग करते हैं। हर दिन 50 हजार से अधिक डंफर समेत दो लाख से ज्यादा चार पहिया वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। ओवरलोड डंफर भी इस हाईवे पर गड्ढों की वड़ी वजह हैं लेकिन उन्हें रोकने का प्रबंध भी नहीं हो रहा है। सांसद सत्यदेव पचौरी का कहना है कि एनएचएआई की लखनऊ इकाई और कानपुर इकाई के परियोजना निदेशक को पत्र लिखकर मरम्मत का कार्य कराने के लिए कहा है। पचौरी ने कहा कि वे केंद्रीय मंत्री से बात करेंगे। उम्मीद है कि जल्द काम शुरू हो जाएगा।

हाईवे पर कुछ इस तरह की स्थिति है। अमृत विचार

युवक की गला रेतकर हत्या में तीन पर आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पूर्व सपा विधायक के बिठूर रोड स्थित फार्म हाउस के बाहर की थी हत्या
- वैज्ञानिक साक्ष्य के तौर पर कांच का टुकड़ा व कपड़ों पर मानव रक्त को बनाया साक्ष्य

अमृत विचार। बीते 11 दिसंबर को बिठूर रोड स्थित पूर्व सपा विधायक के फार्म हाउस के बाहर खून से लथपथ कन्नौज निवासी प्रदीप यादव का शव मिला था। पुलिस ने मामले में आरोपी सूरज, अंकुर व ललित को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गाली-गलौज का विरोध करने पर ई-रिक्शा सवार आरोपियों ने प्रदीप की गला रेत कर हत्या की थी। पुलिस ने शनिवार को तीनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की।

कन्नौज के ठठिया निवासी प्रदीप यादव (30) नवाबगंज थानाक्षेत्र स्थित पहलवानपुरवा में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। बीते 11 दिसंबर 2023 की रात प्रदीप कमरे पर रहा था। तभी नशे में धुत सूरज, अंकुर व ललित से उसका विवाद हो गया था। गाली गलौज करने पर प्रदीप ने विरोध किया तो आरोपी उसको ई-रिक्शा में बिठा कर पीटते हुए बिठूर रोड स्थित एटा से पूर्व सपा विधायक राजेश्वर सिंह के फार्म हाउस के बाहर ले गए और

उसकी गला रेत कर हत्या कर दी थी। नवाबगंज पुलिस ने छह घंटे के भीतर हत्या का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी। थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया प्रकरण में तीनों को मुख्य आरोपी बनाया गया है। आरोपियों ने शराब की बोतल तोड़कर कांच से प्रदीप का गला रेत दिया था। वैज्ञानिक साक्ष्य के तौर पर कांच का टुकड़ा और कपड़ों पर मानव रक्त को साक्ष्य बनाया गया है। मामले में मुख्य गवाह फार्म हाउस पर ड्यूटी कर रहा गार्ड रामानंद है। उसी ने पुलिस को हत्या किये जाने की सूचना दी थी।

सिलेक्शन ट्रायल को कल से रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चार सौ ईडब्ल्यूएस खिलाड़ियों का टीएसएच करेगा चयन

अमृत विचार। 'द स्पोर्ट्स हब' में ईडब्ल्यूएस खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिये रजिस्ट्रेशन फार्म कल से मिलना शुरू होगा। सिलेक्शन ट्रायल के बाद चौथा चरण एक मार्च से शुरू होगा। इसके लिये खिलाड़ियों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ उच्चस्तरीय कमेटी करेगी। 11 इंडोर खेलों में चयनित किये जाने वाले ईडब्ल्यूएस शामिल होंगे। चौथे चरण के लिये लगभग चार सौ आउटस्टैंडिंग खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।

टीएसएच में चयन कमेटी के सदस्य पीके श्रीवास्तव ने बताया कि इसमें बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, जूडो, कबड्डी, कराटे, शूटिंग, स्विमिंग, टेबल टेनिस और ताइक्वांडो आदि 11 इंडोर गेम्स में ईडब्लयूएस खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। यह प्रशिक्षण तीन माह के लिये होगा। पीके श्रीवास्तव ने बताया कि सिलेक्शन ट्रायल के लिये रजिस्ट्रेशन फार्म 12 फरवरी से मिलना शुरु हो जायेंगे। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी तय की गई है और 21 फरवरी से चयन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। आवेदक खिलाड़ियों को अभिभावक के आय प्रमाण पत्र के अलावा आधार कार्ड, पिछले खेल परिणामों का विवरण दाखिल करना होगा।

प्रशिक्षण लेतीं बच्चियां। अमृत विचार

730 गरीब खिलाड़ियों को दिया गया प्रशिक्षण

टीएसएच में पहले चरण में 262, दूसरे चरण में 288 और तीसरे चरण में 180 यानि अब तक 730 ईडब्लयूएस खिलाड़ियों को 11 खेलों में प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षित किये इन खिलाड़ियों में से राज्य और राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय परिणाम दिये हैं।

रिटायर्ड लिपिक व कारीगर की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

कानपुर। पनकी व रावतपुर क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से चप्पल कारीगर व रिटायर्ड लिपिक की मौत हो गई। मसवानपुर निवासी मोइन अली ने बताया कि उनके बड़े भाई शेर अली उर्फ बब्लू (40) दादा नगर स्थित चप्पल के कारखाने में कारीगर थे। फर्टिलाइजर के सामने क्रासिंग ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। रावतपुर, केशव नगर गांव निवासी संजय ने बताया कि उनके पिता राजकुमार राठौर (75) जीएसवीएम से लिपिक के पद से रिटायर्ड थे। शुक्रवार को राजकुमार मेडिकल कॉलेज काम से आए थे। वह क्रासिंग पार कर लघुशंका को गए थे। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।

कारोबारी के प्लाट पर कब्जा कर मांगी रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित ने बेकनगंज थाने में दर्ज कराई दबंग भाई-बहन के विरुद्ध रिपोर्ट

अमृत विचार। पेचबाग निवासी कारोबारी के प्लाट पर दबंग भाई-बहन ने साथियों के साथ मिलकर कब्जा कर लिया। कब्जा छोड़ने के एवज में आरोपियों ने दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पीड़ित कारोबारी ने भाई-बहन समेत पांच आरोपियों के खिलाफ बेकनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु की।

पेचबाग निवासी लेदर कारोबारी मसूद हाशिम ने बताया कि उनका क्षेत्र में ही प्लाट है। बताया कि प्लाट पर हिस्ट्रीशीटर रहे गुड्डन बमबाज के भाई इरफान और उसकी बहन शमशाद बेगम उर्फ मुन्नी व उनके तीन साथियों ने कब्जा कर लिया। आरोप है कि कब्जा खाली करने की बात कहने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही प्लाट खाली करने के नाम पर दो लाख रुपये रंगदारी मांगी।

बेकनगंज थान प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि कारोबारी की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ रंगदारी, जान से मारने की धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

ट्राफी के साथ बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

खिलाड़ियों में खेल भावना व अनुशासन जरूरी

कानपुर। सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन हुआ। खेल दिवस का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा बनर्जी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों में खेल भावना व अनुशासन पर जोर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि राजकुमार सांगवान रहे। जो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक पाने वाले प्रथम भारतीय हैं। उन्हें अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्रों ने कदमताल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुक्केबाजी व निशानेबाजी में राष्ट्रीय स्वर्णपदक विजेता विद्यालय के छात्र युनुस ने प्रतिभागियों को सौहार्दपूर्ण खेल की शपथ दिलाई। खेल दिवस पर विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताएं हुई। नन्हे-मुन्नों ने योग की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को शैक्षिक पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के सदस्य व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत से हुआ। मुख्य अध्यापक महेश कुमार मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मोहनी का गुड टाइम पैक लॉच

दिनेश अग्रवाल।

कानपुर। मोहनी चाय अपने ग्राहकों को लाभ पहुंचाने के लिए 125 ग्राम का गुड टाइम पैक बाजार में उतारा है। जिसकी कीमत मात्र 25 रुपये रखी गई है। यह जानकारी मोहनी चाय के निदेशक दिनेश अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि कंपनी के लिए ग्राहकों के हित सबसे पहले है। कंपनी का प्रयास रहा है कि सीधे तौर पर ग्राहकों से जुड़कर उन्हें लाभ पहुंचाए। 25 रुपये में 125 ग्राम गुड टाइम चाय प्रदेश के चुनिंदा शहरों में लागू की गई है। ग्राहकों के अलावा मोहनी होल-सेलर्स व रिटेलर्स के लिए 12 किग्रा मोहनी चाय की खरीद पर कैश बैक स्क्रैच कूपन योजना चला रही है। जिसके माध्यम से 1100 रुपये तक का कैश बैक व 10 कैश बैक कूपन एकत्र करने पर एक बोनस स्क्रैच कूपन दिया जाएगा। जिसके द्वारा होल-सेलर्स व रिटेलर्स 21 किग्रा तक मोहनी चाय मुफ्त प्राप्त कर सकते हैं। यह योजना एक दिसंबर से 30 अप्रैल-2024 तक चुनिंदा जिलों में लागू है।

बच्चों ने दिखाई प्रतिभा की झलक। अमृत विचार

बच्चों ने सांसकृतक कार्यक्रम में दिखाई प्रतिभा

कानपुर। प्रभात शिशु शिक्षा सदन लिटिल एंजल पीरोड में शनिवार को स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस आयुक्त श्वेता कुमारी मौजूद रहीं। उन्होंने स्कूली बच्चों की प्रतिभा के लिए अभिभावकों और स्कूल की ओर से की जा रही मेहनत को सराहनीय बताया। अध्यक्ष सुयश श्रीवास्तव, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, उमाकांत मिश्र, प्रधानाचार्या राधा दीक्षित सहित रहे।

मक्खन-मिश्री के भोग का होगा वितरण

कानपुर। सिद्धपीठ श्री जंगली देवी मंदिर के 43वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को प्रेसवार्ता हुई। जिसमें मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि 14 फरवरी बुधवार को सिद्धपीठ का वार्षिकोत्सव धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। प्रेसवार्ता में मंदिर ट्रस्ट की अध्यक्षा माया वर्मा ने बताया कि मां के हजारों नामों का जाप होगा। मक्खन-मिश्री के भोग का वितरण किया जाएगा।

दीप जलाने जा रहे बच्चे पर कुत्तों का हमला, घायल

कानपुर। बर्रा दो में आवारा कुत्तों ने शनिवार शाम मंदिर में दीप जलाने जा रहे बच्चे पर हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्चे के हाथ व पीठ पर काट लिया। दहशतजदा बच्चे ने पास खड़ी कार के नीचे छिप कर अपनी जान बचाई। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों ने कुत्तों को भगा परिजनों को जानकारी दी।

बर्रा दो निवासी उमेश कुमार का बेटा शुभ(11) घर से कुछ दूर स्थित दुर्गा पूजा पार्क स्थित मंदिर में शनिवार शाम दीप जलाने के लिए जा रहा था। भाई आर्यन ने बताया कि इसी दौरान गली में घूम रहे आधा दर्जन कुत्तों ने उसे दौड़ा लिया। दहशत में शुभ ने बचने के लिए भागा तब तक एक कुत्ते ने उस पर हमला कर उसके हाथ व पीठ में काट लिया। क्षेत्रीय लोगो ने बताया कि गली में आवारा कुत्तों का आतंक रहता है। इलाके में अब तक कई लोग आवारा कुत्तों के शिकार हो चुके है।

कुलपति इलेवन ने जीता क्रिकेट मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में शनिवार को हुए फ्रेंडली क्रिकेट मैच में कुलपति इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने मैच में कुलसचिव इलेवन को 6 विकेट से हरा दिया। विश्वविद्यालय के शिवाजी स्टेडियम में हुए इस मैच में कुलपति इलेवन के प्रभाकर पांडेय ने शानदार बल्लेबाज करते हुए 72 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

विश्वविद्यालय के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। 20-20 ओवर के इस मैच में कुलपति इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। कुलसचिव इलेवन ने 20 ओवर मे 143 रन का स्कोर खड़ा किया। राहुल दीक्षित (3 विकेट) ने कुलपति इलेवन की ओर से गेंदबाजी में कमाल दिखाया तो वहीं सलामी बल्लेबाज अभिषक (59) और पंकज (35) ने कुलसचिव इलेवन की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया। जवाब में कुलपति इलेवन की टीम ने प्रभाकर की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के चलते 18वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रभाकर पांडेय ने 10 चौके और 3 छक्कों की बदौलत 72 रन बनाए। अंकित ने 38 रन बनाए। प्रभाकर को बेस्ट बैट्समैन व राहुल को बेस्ट बॉलर के तौर पर चुना गया। इस अवसर पर मैच के अंपायर रहे संजीव शर्मा और फरीद सिद्दकी को भी सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक, आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक, कुलसचिव डॉ अनिल यादव, प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार रहे।

विजेता टीम के साथ कुलपति प्रो. विनय पाठक। अमृत विचार

- फ्रेंडली क्रिकेट मैच में कुलपति इलेवन की टीम ने किया शानदार प्रदर्शन
- प्रभाकर पांडेय की बल्लेबाजी ने दिलायी एकतरफा जीत, बने मैन ऑफ द मैच

अब कुछ करें तो मुकदमा लिखवा देना दीदी...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किशोर ने वीडियो वायरल होने के बाद नौबस्ता थाने में दी तहरीर

अमृत विचार। नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी किशोर का वीडियो एक युवती के पैर छूकर माफी मांगते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद किशोर की ओर से नौबस्ता थाने में तहरीर दी गई। तहरीर के मुताबिक बाईपास बस्ती निवासी एक युवक ने अपने साथियों के किशोर को जबरन अर्मापुर स्थित जंगल में ले गया, जहां पिटाई की। इसके बाद तमंचे के बल पर युवती के पैर छूने को कहा और माफी मंगवाई।

यशोदा नगर एच ब्लॉक निवासी एक किशोर का शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। 31 सेकेंड के वायरल वीडियो में किशोर पैर छूकर एक युवती के माफी मांग रहा है। जिसमें वह कह रहा है कि अगर हम अब कुछ करें तो दीदी मुकदमा लिखवा देना। वीडियो निहाल सोनकर नामक युवक की आईडी से इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया। वीडियो वायरल होने के बाद किशोर ने नौबस्ता थाने में तहरीर दी। किशोर ने बताया कि बीते गुरुवार को शाम चार बजे करीब 10 से 12 युवक उसे श्री राम चौक से जबरन उठा कर अर्मापुर के जंगल में ले गए, जहां उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद बाईपास बस्ती लाकर युवती से माफी मंगवाई। एसीपी नौबस्ता आशुतोष ने बताया कि मामले की जांच कराई गई।

कुछ दिन पूर्व किशोर ने युवती से अभद्र टिप्पणी की थी, जिसके बाद वह माफी मांग रहा है। अगवा करने व तमंचे के बल पर उठाने की बात बेबुनियाद है।

भजनों पर झूम उठे लोग | बाबा श्री राधा रमण मिश्र के 140 वें जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय उत्सव का आयोजन, नेपाल, हांगकांग और दुबई से आए श्रद्धालु

करौली शंकर महादेव ने श्रद्धालुओं को बताए सुखी जीवन के सूत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। करौली शंकर महादेव धाम में बाबा राधा रमण मिश्र जी का 140 वां पांच दिवसीय जन्मोत्सव शनिवार को धूमधाम से शुरू हुआ। इस अवसर पर नेपाल,हांगकांग,दुबई समेत कई देशों के श्रद्धालु आश्रम पहुंचे और बाबा राधा रमण का पूजन अर्चन किया। करौली शंकर महादेव से आशीर्वाद प्राप्त कर उनसे सुखी जीवन के सूत्र जाने। इस दौरान भजन गायकों ने भजनों की ऐसी गंगा बहाई की हर कोई उसमें गोते लगाने को मजबूर हो गए। भजन गायक संदीप संदीप राजपुत , विशाल चौरसिया जैसे गायकों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। जय जय राधा रमण हरि बोल, जय जय राधा रमण हरि बोल , जय बोल दे डमरू वाले की जय बोल करौली वाले की आदि भजन देर रात तक वातावरण में गूंजते रहे। इस दौरान हर- हर महादेव का जयकारा गूंज उठा।

करौली शंकर महादेव ने बाबा राधा राधा रमण जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि उन्होंने आजीवन समाज की सेवा के लिए कार्य किया और लोगों का जीवन कैसे संवरे, समाज में आध्यात्म की ऊर्जा का प्रवाह करने के लिए वह आजीवन कार्य करते रहे। उन्होंने कहा कि सत्य से भरा हुआ संकल्प होना चाहिए। ऐसा संकल्प जो सत्य से भरा होता है वह अवश्य पूरा होता है। ऐसे संकल्प को ऋतंभरा कहते हैं। जब आस्था, श्रद्धा और विश्वास होता है तभी व्यक्ति करौली शंकर धाम आता है। भजन गायक संदीप राजपूत ने मेरा दिल ये पुकारे बाबा हम हैं तेरे सहारे बाबा, मुझे अपनी शरण में रख लो बाबा भजन सुनाया।

भजन गायक संदीप के साथ करौली शंकर महादेव और उत्सव में उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

(Governed by Shri Bramhawart Sanatan Dharma Mahamandal)
BNSD SHIKSHA NIKETAN INTER COLLEGE
BENAJHABAR, KANPUR-2
Phone : 8874209091, E-Mail: bnsdsn.kanpur@gmail.com, web: www.bnsdshikshaniketan.in
REQUIRED
PGT:- Mathematics, Hindi (Post Graduate with B.Ed.)
TGT:- Mathematics, Science, Hindi, Social Science, Sports (Graduate/Post Graduate with B.Ed.)
PRT :- English, Hindi (Graduate with B.Ed./D.El.Ed./B.T.C.)
PRE-PRIMARY TEACHER:- English, (Graduate with B.Ed./NTT/B.T.C.)
Note: The canditates with 3-5 years experience of teaching relevant subject will be preferred.
छात्रावास अधीक्षक/वार्डेन :- छात्रावास देखने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। (B.P.Ed. को प्राथमिकता दी जायेगी)
वाहन चालक :- विद्यालय बस चलाने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव रखने वाले को वरीयता दी जायेगी।
सहयोगी कर्मचारी वर्ग :- माली, विद्युत मिस्त्री, छात्रावास भोजनालय हेतु कर्मचारी।
Note :- The interested candidates must send their Application & detailed resume with recent photograph to 8874209091 (WhatsApp) before 25 Feb 2024
UPADHYAY

बच्चों में बढ़ती डायबिटीज डराने लगा खतरा

छोटे बच्चों और किशोरों को हाल के वर्षों तक टाइप-2 डायबिटीज नहीं हुई थी। इसी कारण इसे व्यस्कों की बीमारी कहा जाता था, लेकिन अब यह समस्या तेजी से बच्चों और किशोरों को जकड़ रही है। यहां तक कि दस साल से कम उम्र के बच्चे भी चपेट में आ रहे हैं।

कानपुर। बच्चों में बढ़ता जंक और फास्ट फूड का स्वाद और खेलकूद की जगह मोबाइल तथा लैपटाप से चिपके रहने की आदत उन्हें मोटापा देने के साथ डायबिटिक भी बना रही है। जंक और फास्ट फूड में हाई कैलोरी कंटेट, अधिक शुगर, सेहत के लिए नुकसानदेह फैट्स और लो न्यूट्रीशन होता है। आप भी नौनिहालों की जिद के आगे ऐसे खानपान दे रहे हैं तो खतरा मोल ले रहे हैं।

सीबीएसई परीक्षा में डायबिटिक छात्रों को छूट भयावहता का संकेत

सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं की 15 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं के लिए डायबिटीज पीड़ित छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत दी है। टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित छात्र पारदर्शी पैकेट में परीक्षा कक्ष में शुगर की गोलियां, चॉकलेट, कैंडी के अलावा केला/सेब/संतरा जैसे फल और स्नैक आइटम जैसे सैंडविच या हाई प्रोटीन आहार के साथ ही डॉक्टर की लिखी दवाइयां-पानी की बोतल (500 मिली लीटर), ग्लूकोमीटर और ग्लूकोज टेस्टिंग स्ट्रिप्स, ग्लूकोज मॉनिटरिंग मशीन या इंसुलिन पंप आदि ले जा सकेंगे। इस नियम से डायबिटिक छात्र-छात्राओं को बहुत फायदा मिलेगा और वे शुगर लेवल ड्रॉप होने के खतरे से बच सकेंगे। परीक्षा में कई बार तनाव बढ़ने और बच्चों के ठीक से खाने-पीने नहीं के कारण शुगर लेवल घट जाता है। सीबीएसई के इस फैसले से उन्हें राहत मिलेगी। देखने में यह फैसला सराहनीय लगता है, लेकिन डायबिटीज का रोग किस कदर बढ़ गया है, इस भयावहता की तरफ इशारा भी करता है। कभी ऐसा माना जाता था कि डायबिटीज बड़ों में होने वाली बीमारी है, लेकिन बदलती जीवन शैली और दिनचर्या की वजह से अब यह बीमारी तेजी से बच्चों को अपना शिकार बना रही है। इस बीमारी की वजह से बच्चों के विकास और उनके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



कानपुर में हर नौवें शहरी का शुगर बढ़ा हुआ

- कानपुर में हर नौवें शहरी का शुगर बढ़ा हुआ है। यह चौंकाने वाला तथ्य एक चिकित्सकीय सैंपल सर्वे में उजागर हुआ है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर पांच लाख से ज्यादा लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं। इनमें बहुत से लोगों की शुगर लंबे समय से बड़ी हुई है, लेकिन कोई भी परेशानी नहीं होने के कारण ऐसे मरीजों को काफी दिनों तक रोग का पता ही नहीं चलता है। जब उन्हें कोई परेशानी होती है तब जांच में शुगर की बीमारी के बारे में पता चलता है। इनमें कुछ डायबिटीज की बॉर्डर लाइन पर मिलते हैं, तो कुछ डायबिटीज की लक्ष्मण रेखा पार कर चुके होते हैं। शहर में बिगड़ी लाइफ स्टाइल, खानपान में गड़बड़ी और प्रदूषण के कारण डायबिटीज रोगी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अमूमन 40 साल की उम्र के बाद डायबिटीज होने का खतरा माना जाता था। अब 18-20 साल के युवा रोग की चपेट में आ रहे हैं।

जीएसवीएसएस पीजीआई की ओपीडी में तीन से चार बीमार बच्चे आते

- चिकित्सकों के मुताबिक आउटडोर गेम न खेलने, अनियमित खानपान व शरीर में इंसुलिन की कमी बच्चों को डायबिटिक रोगी बना रही है। जीएसवीएसएस पीजीआई की ओपीडी में तीन से चार बच्चे ऐसे पहुंचते है, जो टाइप वन या टाइप टू डायबिटिज से ग्रस्त मिलते है। इसके बाद ऐसे बच्चों को हर बुधवार ओपीडी में फॉलोअप के लिए बुलाया जाता है। हैरत की बात यह है कि ढाई साल की बच्ची से लेकर युवास्था तक के लोग इस बीमारी की चपेट में है। इंडोक्रोनोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ .शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि बुधवार को ओपीडी में तीन से चार बच्चे डायबिटिक की समस्या से ग्रस्त आते हैं। अब तक 40 से 50 बच्चे टाइप वन व टाइप टू से ग्रस्त मिले हैं। बच्चों के शुगरग्रस्त होने की मुख्य वजह शरीर में इंसुलिन की कमी, आउटडोर गेम न खेलना, भागदौड़ न करना व अनियमित व पोषण युक्त खानपान न करना है। इसके अलावा कुछ बच्चों में अनुवांशिक कारण भी होते हैं।

80% रोगी डायबिटीज का इलाज देर में लेते हैं

कोरोना के बाद तेजी से बढ़ा ग्राफ

कोरोना काल के बाद जो लोग डायबिटीज की बॉर्डर लाइन पर थे, उनमें 20 फीसदी डायबिटिक हो गए हैं। युवाओं में नशे की लत, नींद पूरी नहीं होने, स्ट्रेस अधिक होने, खानपान में लापरवाही के कारण इंसुलिन रिसेस्टेंट बढ़ रहा है। सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि 80 फीसदी रोगी डायबिटीज का इलाज देर में लेते हैं।

इस तरह कर सकते बचाव

- सुबह की सैर, योग अथवा व्यायाम करें।
- नींद पूरी लें, खुश रहें और तनाव से दूर रहें।
- तली-भुनी चीजें, जंक फूड से परहेज करें।
- फल, सलाद व मोटे अनाज का सेवन करें।
- नाश्ता भरपूर करें, लेकिन डिनर हल्का लें।
- खाने के तुरंत बाद सोने की आदत छोड़ दें।
- डिनर सोने के डेढ़ से दो घंटे पहले करें।

डायबिटीज के कारण गुर्दा लिवर व हृदय रोग भी बढ़े

- चिकित्सकों का कहना है कि डायबिटीज के कारण गुर्दा, लिवर, हृदय और न्यूरो रोग के साथ नसों की बीमारियां भी काफी बढ़ गई हैं। डायबिटीज का सबसे पहला असर गुर्दों पर पड़ता है। चिकित्सकीय अनुमान के | मुताबिक डायबिटीज रोगियों में चार-पांच साल के अंदर 30-40 प्रतिशत गुर्दा रोग से पीड़ित हो जाते हैं। इसी तरह एक तिहाई मरीजों में लिवर की समस्या देखने में आती है। हार्टअटैक और ब्रेन अटैक के लिए भी डायबिटीज के मरीज जोखिम श्रेणी में रहते हैं।

04 पांच साल के अंदर 30-40 प्रतिशत गुर्दा रोग से पीड़ित हो जाते हैं

18 -20 साल के युवा इस रोग की चपेट में तेजी से आते जा रहे



बच्चों में इन लक्षणों पर हो जाइए सावधान

अचानक वजन गिरना

- बच्चे का वजन अचानक बिना किसी कारण कम होना डायबिटीज का संकेत हो सकता है। यह लक्षण टाइप-1 डायबिटीज में ज्यादा देखने को मिलता है, लेकिन टाइप-2 डायबिटीज में भी वजन कम हो सकता है।

जल्दी थकान आना

- बच्चा अगर बिना किसी शारीरिक परिश्रम के जल्दी थक जाता है या अधिकतर समय थका हुआ महसूस करता है, तो यह डायबिटीज का लक्षण हो सकता है।

बार-बार प्यास लगना

- बच्चे को ब्लड शुगर लेवल बढ़ने से ज्यादा प्यास लग सकती है। बच्चा अचानक जरूरत से ज्यादा पानी पीने लगे या उसे बार-बार प्यास लगे, तो यह डायबिटीज का लक्षण हो सकता है।

थोड़ी-थोड़ी देर में पेशाब

- ब्लड शुगर बढ़ने पर बार-बार प्यास लगती है, इस कारण बच्चे को पेशाब भी ज्यादा होती है। ऐसे में रात में बिस्तर गीला करने की समस्या हो सकती है।

अधिक भूख लगना

- बच्चे को बार-बार भूख लग रही है, तो यह भी डायबिटीज का लक्षण हो सकता है। भरपेट खाना खाने के बाद भी बच्चा भूख की शिकायत करे तो जांच कराएं।

आचरण में बदलाव

- बच्चे में अचानक गुस्सा, चिड़चिड़ापन या झुंझलाहट बढ़ना या उदास हो जाना भी डायबिटीज का संकेत हो सकता है

टाइप-1 डायबिटीज पीड़ित हर पांचवां बच्चा भारत का है

- इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के मुताबिक, दुनिया में डायबिटीज मरीजों की संख्या के मामले में भारत दूसरे नंबर पर है। टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित दुनिया का हर पांचवा बच्चा या किशोर भारत देश का है। इसके अलावा युवा कम उम्र में ही टाइप-2 डायबिटीज के मरीज बनते जा रहे हैं। यह आंकड़ा काफी चिंताजनक है।

एक नजर

कीमो से फायदा न मिलने पर किया ऑपरेशन

कानपुर। कीमोथैरेपी से इलाज न मिलने पर एक कैंसर रोगी इलाज कराने हैलट अस्पताल पहुंचा। यहां पर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने मरीज की जांच कराई, जानकारी हुई कि मरीज का पहले भी ऑपरेशन हो चुका, लेकिन दोबारा से जबड़े में कैंसर हो गया। प्रो. संजय काला ने मरीज को भर्ती किया और प्लास्टिक सर्जन डॉ .प्रेम शंकर व टीम के साथ उसका ऑपरेशन किया। प्राचार्य के मुताबिक ऑपरेशन के माध्यम से जबड़े व गले में संक्रमण को दूर करने में सफलता मिली है। इस दौरान डॉ .हरेंद्र कुमार, डॉ .आशीष आदि रहे।

निष्ठा की हालत गंभीर

कानपुर। बिल्हौर सड़क हादसे में घायल निष्ठा की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि तीनों बच्चे अब खतरे से बाहर है। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि बिल्हौर हादसे में घायल देवांश, कृतिका व सुयांश त्रिपाठी की हालत बेहतर है। छात्रा निष्ठा की हालत नाजुक है।

200 को मिले स्मार्टफोन

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में दो सौ युवाओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। यह स्मार्टफोन स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत दिए गए। स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डिपार्टमेंट ऑफ़ कंप्यूटर एप्लीकेशन में बीसीए के विद्यार्थी इससे लाभांवित हुए।

वकीलों के बीच विवाद में दोनों पक्षों ने कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बीती आठ फरवरी को अधिवक्तओं के बीच हुई थी मारपीट की घटना

अमृत विचार। बीती आठ फरवरी को कोर्ट में पुराने विवाद को लेकर अधिवक्ताओं के बीच मारपीट हो गई थी। शनिवार को दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली में जानलेवा हमला, लूट, बलवा, मारपीट, एससीएसटी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराया गया।

लाटूश रोड निवासी अधिवक्ता चंदन सोनकर ने बताया कि उनका अधिवक्ता मधु कुमार यादव से विवाद चल रहा है। जिसके मुकदमें कोर्ट में विचाराधीन है। बताया कि बीती आठ फरवरी को वह बहन मनीषा सोनकर के साथ सीएमएम कोर्ट में मुकदमों की पैरवी के लिये गए थे। आरोप है कि इसी दौरान मधु, राजीव यादव, नमन द्यगुप्ता समेत 20 अज्ञात लोग कोर्ट में घुस आए और गाली-गलौज कर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप लगाया कि भागने पर महेंद्र शर्मा का कोट फाड़ दिया गया और उसमें पड़े सात हजार रुपये लूट लिए। साथ ही मधु यादव ने कट्टे से फायर किया, जो कि मिस हो गया। इसके बाद आरोपी ने कट्टे की बट पैर में मार दी, जिससे उनका पैर टूट गया। वहीं दूसरे पक्ष से सौर्य दरियावादी ने चंदन और उनके साथ मौजूद वकीलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। आरोप लगाया कि वह 12 बजे करीब कोर्ट गये थे जहां महेंद्र शर्मा, अवरिल शर्मा, चंदन सोनकर, मोनिका, वरूण, कमलेश राजपूत समेत आठ से 10 लोग पहले से घात लगाए बैठे थे। आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। जातिसूचक गालियां देते हुए बुरी तरह पीटा।

आरोप है कि महेंद्र शर्मा ने कट्टा निकाल कर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया, जो कि वह मिस हो गया। आरोपियों ने जेब में पड़े रुपये व चेन लूट ली। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर लूट, जानलेवा हमला, एससीएसटी एक्ट, बलवा की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

24 जुआरियों को पकड़ा, 1.70 लाख बरामद

कानपुर। नौबस्ता पुलिस ने शनिवार रात मछरिया में जुआड़खाने में छापा मारकर 24 लोगों को जुआ खेलते दबोच लिया। इस दौरान करीब 1.70 लाख रुपये से अधिक बरामद हुए।

नौबस्ता आवास विकास चौकी इंचार्ज सद्दाम खान ने बताया कि बीते कई दिनों से मछरिया के राजा सिंह का टीला इलाके में जुए की फड़ सजने की जानकारी मिल रही थी। शनिवार रात पुलिस टीम ने छापा मारकर जुआरियों को दबोच लिया है।

छापे मारी में वाहिद खान उर्फ बबलू सजारी सहित अन्य को पकड़ा गया है। बबलू पर 12 मुकदमें दर्ज हैं।

सफलता के लिए लक्ष्य को छिपाकर मेहनत करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अवध ओझा।

- परिचर्चा में बोले मोटिवेशनल स्पीकर अवध ओझा

अमृत विचार। सफलता और असफलता दोनों ही व्यक्ति पर निर्भर करती है। आप अपने लक्ष्य को लेकर कितने फोकस हैं यह कोई जान ही नहीं सकता। अपना लक्ष्य किसी को बताना भी नहीं चाहिए। युवाओं को भटकाने का काम कोई और नहीं करता है, उसके आस-पास के लोग ही करते हैं। इसलिए जो भी लक्ष्य है उस लक्ष्य को तब तक किसी को नहीं बताना चाहिए जबतक वह पूरा नहीं हो जाता। सफलता के लिए आब्जर्वेशन और दृढ़ निश्चय बहुत जरूरी है।

यह विचार शनिवार को मोटिवेशनल स्पीकर अवध ओझा ने व्यक्त किए। वे डीएवी कॉलेज के डीएसडब्लू प्लेसमेंट सेल एवं इकरा आईएएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई परिचर्चा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जीवन में अपनी कमियां किसी को भी नहीं बतानी चाहिए।

कमियां बताने से लोग उसका फायदा उठाने का प्रयास करते हैं। कोई सफल हो यह कोई नहीं चाहता। इसलिए कामियाबी ऐसी होनी चाहिए जो छुपी हुई हो।

सफलता के लिए उन्होंने युवाओं को यह भी कहा कि युवाओं का देखने का दृष्टिकोण बहुत अलग होता है। किताबें उनके इसी दृष्टिकोण को बेहतर करने और अनुभव देने का कार्य करतीं हैं। इसलिए युवाओं को सच्ची दोस्ती किताबों से ही करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार दीक्षित ने की। उन्होंने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अनुज त्रिपाठी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर पंकज टंडन, चीफ प्रॉक्टर प्रो. रजत कुमार, प्रो. सुनीत अवस्थी व एनएसएस ऑफिसर चंद्र सौरभ सहित अन्य मौजूद रहे।

अवध ओझा की स्पीच को सुनते छात्र- छात्राएं। अमृत विचार

मौसम ने फिर ली करवट, पारा पहुंचा 4.8 डिग्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मौसम विभाग ने सोमवार तक सिहरन भरी सर्दी बढ़ने की जताई संभावना

अमृत विचार। दो सप्ताह बाद मौसम ने फिर करवट ली है। शनिवार को न्यूनतम पारा 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 27 जनवरी को न्यूनतम पारा 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग की ओर से मौसम में बदलाव पहाड़ों में हो रही बर्फबारी और तेज चल रही हवाओं को माना जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने फिलहाल सोमवार तक मौसम में सिरहन भरी हवाओं के चलने की आशंका जताई है। तापमान में अचानक गिरवट के बाद मौसम विभाग की ओर से फिर से बारिश व बूंदाबादी की चेतावनी भी जताई गई है। वैज्ञानिकों ने बताया कि 12, 13 और 14 फरवरी को बारिश की संभावना है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी।

हमलावरों पर दर्ज किया जाए राजद्रोह का मुकदमा

पुलिस आयुक्त को ज्ञापन देते अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद के पदाधिकारी। अमृत विचार

कानपुर। पुलिस और सेना राष्ट्र की अस्मिता का प्रतीक है। उस पर हमला राजद्रोह है। ऐसे लोगों की संपत्ति जब्तकर नागरिकता समाप्त की जाए।

हल्द्वानी में पुलिस और सेना पर हुए हमले के विरोध में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष अतुल द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड के सीएम को संबोधित ज्ञापन पुलिस आयुक्त अखिल कुमार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि दोषियों पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज हो और उनकी संपत्ति जब्त की जाए।

घरों पर बुलडोजर चलाया जाए और देश से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। प्रांत अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस व सेना पर हमला करने वाले आतंकवादी हैं।

ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय महिला परिषद की प्रांत अध्यक्ष सुनील निधि अवस्थी, कानपुर महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह, राष्ट्रीय बजरंग दल के महानगर अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. आशीष वर्मा, पंकज वर्मा, सनी निषाद, बृजेश सोनकर, मनोज विश्वकर्मा, प्रखर मिश्रा, रोशन महतो, देवेंद्र सिंह चौहान, अंशु बजरंगी, सौरभ मिश्रा, विनोद साहू, पुष्पेंद्र सिंह, विजय कुमार, राहुल निषाद, जितेंद्र निषाद, अजय निषाद, उत्कर्ष अवस्थी, कुलदीप कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

रसिका ने जीता पहला पुरस्कार

कानपुर। सीएसजेएम विश्वविद्यालय कानपुर में शनिवार को रसायन विज्ञान विभाग की ओर से पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में युवाओं ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान विशेषज्ञों की परिचर्चा भी हुई। इसमें युवाओं को शोध के लिए ज्ञान, उत्साह और अनुभव का महत्व बताया गया।

कार्यक्रम में रसायन विज्ञान विभाग आईआईटी कानपुर की एसोसिएट प्रो डॉ. नम्रता सिंह ने युवाओं को खेलों में जैव रसायन पर व्याख्यान दिया। उन्होंने इस विषय पर शोध एवं विषय से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। युवाओं से यह कहा कि शोध के लिए उत्साह, अनुभव और ज्ञान का मिश्रण होना बहुत जरूरी है।।

सियासत 12 फरवरी को विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित होगा कार्यक्रम, शामिल होंगे दूसरे दलों के लोग

भाजपा ने दूसरे दलों में लगाई सेंध, अब मिलन समारोह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

भाजपा उत्तर कार्यालय में बैठक लेते दीपू पांडे। अमृत विचार

अमृत विचार। भाजपा उत्तर कार्यालय में जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में हुई बैठक में तय हुआ कि सात फरवरी को प्रदेश मुख्यालय पर दूसरे दलों से आए लोगों को पार्टी में शामिल कराने का जो सिलसिला शुरू हुआ है, उसी क्रम में उत्तर जिला में 12 फरवरी को सभी चारों विधानसभा क्षेत्र में मिलन समारोह आयोजित होगा। हर विधानसभा में 500- 500 लोगों को पार्टी ज्वाइन कराया जाएगा। सपा, बसपा, कांग्रेस के जिन लोगों का 22 जनवरी के बाद हृदय परिवर्तित हो गया है, उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई जाएगी। दीपू पांडे ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी जीत का अंतर पांच लाख से ज्यादा करने जा रही है। सह मीडिया प्रभारी अंकित वाजपेई ने बताया कि ज्वाइनिंग के लिए कल्याणपुर विधानसभा में अंशु ठाकुर गोविंद नगर विधानसभा में आनंद मिश्रा सीसामऊ विधानसभा में अनुराग शर्मा और आर्य नगर विधानसभा में अमित बाथम को संयोजक बनाया गया है। बैठक में जितेंद्र विश्वकर्मा, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अभिनव दीक्षित उपस्थित रहे।

12 फरवरी से होगी ग्राम परिक्रमा यात्राः भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में दिनांक 12 फरवरी 2024 से 12 मार्च 2024 तक ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत होगी। भाजपा किसान मोर्चा के दक्षिण जिलाध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि यात्रा में किसानों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।

मोदी की गारंटी गाड़ी से बनाए लाभार्थी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड 16 जूही परमपुरवा में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के प्रत्येक वार्ड में पहुंचने से जरूरतमंद लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अगुवाई में महिला कल्याण, डूडा, जिला उद्योग केंद्र, उज्ज्वला योजना , आयुष्मान भारत, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम व खाद्य विभाग ने कैंप लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी। कैंप में 68 पात्र लोगों ने अलग-अलग योजनाओं के लिए आवेदन किया। कार्यक्रम में पीएम सम्मान निधि के लाभार्थियों को पत्र, पीएम आवास की चाभी, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला गैस कनेक्शन एवं पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को पत्र वितरित किया गया। विनोद मिश्रा, मंउल अध्यक्ष गौरव तिवारी, पार्षद विद्या वर्मा, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, दिव्यांशु बाजपेई, पंकज द्विवेदी, दीपू पासवान रहे।

गंगा आरती में विधायक अभिजीत सिंह सांगा के साथ गणमान्य लोगों ने भाग लिया। अमृत विचार

बिठूर के महाराज घाट पर शाम साढ़े पांच बजे गंगा आरती की गई। अमृत विचार

कैलाश खेर की 'बम-बम लहरी' में झूमी फिजा

बिठूर महोत्सव का आगाज, सूफी गायक के तरानों ने बांधी शमा

संवाददाता, बिठूर

अमृत विचार: बिठूर महोत्सव का शनिवार को आगाज हो गया। मशहूर गायक कैलाश खेर की सुरलहरी में फिजा झूम उठी। खासकर युवा अपने पैरों की थिरकन नहीं रोक सके। पूरे समय तक तालियां गूंजती रहीं। इससे पहले गंगा आरती हुई, जिसमें अफसरों के साथ जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बिठूर महोत्सव में दोपहर 12 बजे से लेकर शाम चार बजे तक नृत्य, रंगोली, स्लोगन और कला प्रतियोगिताएं हुईं। शाम 5:30 बजे बिठूर के महाराज घाट पर गंगा आरती की गई, जिसमें बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा, चौबेपुर ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला, कृष्ण मुरारी शुक्ला आदि रहे।

शाम 7:30 बजे बॉलीवुड के मशहूर गायक कैलाश खेर जैसे ही मंच पर पहुंचे, तालियों से महोत्सव स्थल गूंज उठा। कैलाश खेर ने जैसे ही 'पिया के रंग-रंग दी ओढ़नी' का राग छेड़ा, भीड़ झूम उठी। इसके बाद उन्होंने 'क्या कभी अम्बर से सूर्य बिछड़ता है, क्या कभी बिन बाती दीपक जलता है', 'कौन है वो कौन है वो, कहा से वो आया', 'तेरे नाम से जी लू, तेरे नाम से मर लू, तेरे नाम से सदके से ऐसा कुछ कर जाऊ', 'जय-जय जयकार, स्वामी देना साथ हमारा', 'तेरी दीवानी', 'बन-ठन के गोरा कहा चली', 'अल्लाह के बंदे हसले, जो भी होगा कल आएगा', 'बम-बम-बम लहरी' गीत पेश कर ऐसा जोश भरा कि लोग झूम उठे और अपने पैरों की थिरकन नहीं रोक सके। करीब दो घंटे तक कैलाश खेर ने धूम मचाई। रात 9:30 बजे कैलाश खेर का कार्यक्रम खत्म होते ही मंच पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कवियों ने खूब वाहवाही लूटी। कवि सम्मेलन में मुख्य रूप से विनीत चौहान, कविता तिवारी, सर्वेश अस्थाना, गौरव चौहान, हेमंत पांडेय ने अपनी रचनाएं पेश कीं।

बिठूर महोत्सव की पहली शाम सूफी गायक कैलाश खेर के नाम रही। अमृत विचार

महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने धूम मचाई। अमृत विचार

कन्नौज का इत्र और बनारस के जरी उत्पाद खूब भाए

महोस्थल पर प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें विभिन्न उत्पादों के स्टाल लगाए गए हैं। यहां कन्नौज का इत्र, तांबे के बर्तन, आयुर्वेदिक दवाएं, सुगंधित अगरबत्तियों के साथ जालौन के हस्तनिर्मित पेपर बैग और वाराणसी के जरी उत्पादों ने लुभाया।

मशहूर गायक कैलाश खेर के बेहतरीन तरानों के साथ युवा पूरे समय तक झूमते रहे। अमृत विचार

मैराथन में युवाओं ने दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बिठूर महोत्सव-2024 के उपलक्ष्य में आयोजित मैराथन दौड़ में प्रतिभागी युवक व युवतियों ने अपने दमखम का प्रदर्शन किया। मैराथन दौड़ के टॉप आठ प्रतिभागियों को नकद इनाम व पुरस्कार देकर जिला प्रशासन ने सम्मानित किया।

सरसैया घाट स्थित जेल चौराहा से शनिवार सुबह साढ़े छह बजे मैराथन दौड़ शुरू हुई। जो निर्धारित रूट से होते हुए नानाराव पेशवा स्मारक बिठूर के लिए निकली। मैराथन के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी व पुलिस बल चल रहा था। मैराथन दौड़ बिठूर पहुंचने पर प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। पुरुष वर्ग में अयोध्या के प्रिंस राज यादव को 21 हजार, बुलंद शहर के विनित राठी को 11 हजार, हरदोई के सौरभ तिवारी को पांच हजार का इनाम दिया गया। पांच प्रतिभागियों को एक-एक हजार का इनाम मिला। वहीं महिला वर्ग में एटा की रंजना राजपूत को 21 हजार, भदोंही की निशा को 11 हजार, कानपुर के यशी सचान को पांच हजार व पांच अन्य प्रतिभागियों को एक-एक हजार का इनाम दिया गया। मैराथन में कुल 16 प्रतिभागियों को कुल 84 हजार रुपये इनाम दिए गए।

मैराथन में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अमृत विचार

सार-संक्षेप

चोरी के लिए छिप कर बैठे युवक को पकड़ा

शिवराजपुर। मधई निवादा के पास गोदाम में छिपकर बैठा चोर पकड़ा गया है। मकान मालिक विकास तिवारी ने बताया कि मकान के नीचे गोदाम है, जिसमें धान का व्यापार करते हैं। रात करीब 10 बजे वह जब नीचे गोदाम का शटर बंद करने पहुंचे तो कोने से कुछ आवाज आई। पास जाकर देखा तो एक युवक छिप कर बैठा था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। एसओ सुबोध कुमार ने बताया कि युवक को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ में उसने अपना नाम अल्ताफ पुत्र फूल खान निवासी कन्नौज बताया है। वह नशे की हालत में था। पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिले पर कार्रवाई की जाएगी।

आरोग्य मेले में पशु पालन की योजनाएं बताईं

घाटमपुर। ग्राम पंचायत चौबेपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले में विकास सिंह भोले, ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह, तहसीलदार लक्ष्मीकांत वाजपेई पहुंचे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरडीएन चतुर्वेदी ने बताया कि मेले में बड़े पशुओं में 8331 व छोटे पशुओं में 8845 पशुओं का पंजीकरण किया गया। मेले में जुरईयां, चौबेपुर, नवेड़ी सरैया, मुइया, मदनपुर आदि गांवों के किसानों ने पशुओं का पंजीकरण कराया। यहां बीडीओ चंद्रमणि, भाजपा जिला महामंत्री वेद व्रत सचान, पशु धन प्रसार अधिकारी श्रीमती मैत्री, बीओ डॉ. संजय सिंह, डॉ. मुकेश गुप्ता, नोडल अधिकारी विनय कुमार, शाहिद आदि लोग मौजूद रहे।

रामलला के दर्शन के लिए जत्था रवाना

घाटमपुर। भारतीय जनता पार्टी के नगर मण्डल अध्यक्ष अनूप अवस्थी के नेतृत्व में पदाधिकारियों का एक जत्था शनिवार को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हुआ। जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा व जिला प्रभारी राधाश्याम पांडेय ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर मण्डल से प्रमुख रूप से अमोल सिंह, राजेश सिंह, शोभित सेंगर, अमित सोनी, विक्रम गोस्वामी, हरिओम गुप्ता, मीडिया प्रभारी उमेश द्विवेदी, श्याम नारायण सचान, प्रशांत खरे आदि शामिल रहे।

कार में लगी आग, कूदकर बचाई जान

चौबेपुर। बिठूर निवासी अतुल कश्यप शुक्रवार देर रात अपने दो साथियों के साथ बिल्हौर से अपने घर लौट रहे थे, तभी आधी रात करीब एक बजे मरियानी गांव के सामने अचानक कार में आग भड़क उठी। कार में सवार लोग गाड़ी से कूद गए। सूचना पर पहुंची दमकल गाड़ी ने आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि कोई तहारीर नहीं मिली है।

रोजगार मेला में 175 युवाओं को मिली नौकरी

घाटमपुर : आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह कछवाह एवं संजय विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य योगेश कुमार एवं कार्य निदेशक श्रवण शुक्ल पहुंचे। नोडल प्रधानाचार्य डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि मेले में कुल 17 कंपनियां पहुंचीं, जिसमें लगभग 553 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों ने 175 अभ्यर्थियों का चयन किया है। रोजगार मेले में मुख्य रूप से नागेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार दिवाकर, दिनेश कुमार, रूपेश सिंह, जितेंद्र गोंड, पंकज अवस्थी, अंगद राज चौधरी, अजय कुमार शुक्ला, कौशल विकास से मुकेश श्रीवास्तव, डीपीएम आमिर खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश कुमार ने किया।

शराब पिलाने से मना किया तो मां-बेटे को पीटा

सरसौल। नरवल के नसडा गांव निवासी रज्जन कुमार ने आरोप लगाया की गांव के आशु पुत्र कल्लू और विकास पुत्र रामविलास शुक्रवार को उसके घर आए और उससे शराब पिलाने की बात करने लगे जब इसका विरोध उसने किया तो दोनो हाथापाई पर उतारू हो गए और उसे मारने-पीटने लगे। बीच बचाव करने आई मां को भी उन लोगो ने पीट दिया। एसओ नरवल केशव तिवारी ने बताया की पीड़ित की तहरीर पर दोनो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

गरीब की झोपड़ी में लगी आग, गृहस्थी हुई खाक

बिल्हौर। ककवन निवासी बंसलाल गांव के बाहर झोपड़ी बनाकर खेतों में रखवाली के लिए रहते थे शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों से उनकी झोपड़ी में आग लग गई, जिससे झोपड़ी में रखा सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दंपति को बाहर निकाला। झोपड़ी में रखा राशन व अन्य खाद्य सामग्री जलकर खाक हो गई। दो बकरी के बच्चे भी जल गए। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने लेखपाल जितेंद्र सिंह को भेजा और नुकसान का आकलन कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

सैंबसू गांव में 15 लाख के जेवरात और नकदी चोरी

बिल्हौर। सैंबसू गांव के सम्पन्न किसान सुरेंद्र प्रजापति उर्फ टिल्लन का परिवार शुक्रवार शाम खाना खाने बाद सो गया। देर रात छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने मुख्य कमरे का ताला खोल लिया और लाकर व बक्से के लाक खोलकर 60 हजार की नकदी और हार, कंगन, झुमकी, बाले, पेंटी, पायल और तोड़िया सहित लगभग पन्द्रह लाख रुपए के जेवर चोरी कर लिए और कमरे का ताला उसी बंद कर फरार हो गए। सुबह जब महिलाओं ने झाड़ू लगाने के लिए कमरे का ताला खोला तो सामान बिखरा देख हड़कंप मच गया। कोतवाल सुरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। छानबीन के दौरान एक बक्सा घर के पीछे तालाब के पास झाड़ियां में मिला।

इटरा गांव में भागवत कथा सुनाते पं .शिवाकांत जी महाराज। अमृत विचार

सनातन सेना का शीघ्र होगा गठन: शिवाकांत जी महाराज

चौबेपुर। चौबेपुर ब्लाक के इटरा गांव में कथावाचक पंडित शिवाकांत जी महाराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा में कहा कि माता-पिता को चाहिए कि बच्चों को बालपन से ही संस्कारवान बनाएं। उन्होंने कहा कि जल्द ही सनातन सेना का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ध्रुव ने अपने संस्कारों की वजह से ही मात्र पांच वर्ष की उम्र में भगवान को प्राप्त कर लिया था। व्यास जी ने कहा कि जो स्त्री न्याय और अन्याय का विचार करके न्यायपूर्ण कार्य करती है, उसे सुनीत कहते हैं। सुनीत के सदैव ध्रुव रूपी पुत्र पैदा होता है, जो स्वयं तो बैकुंठ जाता ही है, साथ में माता-पिता को भी बैकुंठ गामी बना देता है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही सनातन सेना का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां-जहां मुस्लिम शासकों ने मंदिरों को तोड़कर मस्जिदों का स्वरूप दिया है, उन सभी मस्जिदों में हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कराया जाएगा, ताकि सनातन धर्म की पुन: स्थापना हो सके।

दोगुनी रफ्तार बनी हादसे की मुख्य वजह

अरौल हादसा

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: अरौल कस्बे में हुए दर्दनाक हादसे की मुख्य वजह तेज रफ्तार थी। स्कूली वैन की दोगुनी रफ्तार से दौड़ रही थी, जिसे ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर सका और हादसा हो गया। यह बात डीएम की ओर से गठित कमेटी की जांच में सामने आई है। स्कूल प्रबंधन की भी घोर लापरवाही सामने आई है। वैन में लगभग दर्जन भर बच्चे सवार थे और ड्राइवर के पास लाइसेंस भी नहीं था।

जांच कमेटी ने हादसे की बारीकियों पर नजर दौड़ाने के बाद अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी है। कहा गया है कि प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने विद्यालय के वाहन चलाने वाले ड्राइवरों के जरूरी कागजात तक चेक नहीं किए। इसके साथ ही शिक्षा विभाग व पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं कि जीटी रोड पर दौड़ने वाले प्राइवेट विद्यालयों के मानकविहीन वाहनों की जांच नहीं की जाती है।

बिना ड्राइविंग लाइसेंस के चालक स्कूल वाहन चला रहे हैं। कई हादसों के बाद भी जिम्मेदार अपनी आंख नहीं खोल रहे हैं। इधर, एसआईटी की ओर से जिलाधिकारी को दी गई जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि हादसे के वक्त स्कूल वैन की रफ्तार लगभग 100 किलोमीटर प्रति घंटे की थी, जिसके कारण लोडर की टक्कर लगते ही वैन की रफ्तार दोगुनी हो गई और वह सीधे जाकर ट्रक में भिड़ गई।

गिरफ्तार किए गए तीनों वाहनों के चालक। अमृत विचार

- **ओवर स्पीड के कारण आपस में टकराए वाहन, चालक के पास लाइसेंस भी नहीं था**

एफआईआर में प्रबंधक व प्रधानाचार्य का नाम नहीं

हादसे को लेकर आलोक त्रिपाठी की ओर से दी गई तहरीर में स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य का नाम नहीं खोला गया है। इसको लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि हादसे को हल्के में लेकर महज खानापूरी की जा रही है। एफआईआर में प्रधानाचार्य व प्रबंधक का नाम नहीं होना राजनतिक दबाव माना जा रहा है।

तीनों वाहनों के चालकों को भेजा गया जेल

प्रशासन ने तीनों चालकों को जेल भेज दिया है। एसीपी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि ओमनी चालक हरिओम कटियार निवासी हलपुरा को धारा-304ए के तहत जेल भेजा गया है। उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था, जबकि लोडर चालक व ट्रक चालक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

दो समुदायों में झगड़ा गांव में पुलिस तैनात

संवाददाता, शिवराजपुर

- **आपत्तिजनक टिप्पणी पर टकटौली में हुआ टकराव**

अमृत विचार: क्षेत्र के टकटौली गांव में आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर तो समुदायों के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों समुदायों के बीच लाठी-डंडे और फरसे चलने लगे, जिसमें दोनों तरफ से दो-दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने माहौल शांत कर घायलों को सीएचसी भेजा। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

टकटौली गांव निवासी कमलेश कोरी, रिंकू गांव में ही बैठे थे, उसी समय गांव के ही अंसार अली व साबिर अली वहां से निकल रहे थे। समुदाय विशेष पर टिप्पणी होने लगी। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच झगड़ा होने लगा और दोनों पक्षों से कई लोग सामने आ गए। दोनों ओर से लाठी-डंडे और फरसे निकल आए और एक-दूसरे पर हमला करने लगे। इसी बीच कमलेश और रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गए।

हमले में दोनों भाई लहूलुहान होकर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। एसओ सुबोध कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। जांच में पता चला है कि दोनों पक्षों में झगड़ा भैंस बांधने को लेकर हुआ है। गांव में माहौल शांतिपूर्ण है। आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

फ्रेशर्स पार्टी लैंप लाइटिंग कार्यक्रम के दौरान बिल्हौर एसडीम ने छात्रों को समझाए नर्सिंग के मूल सिद्धांत

निस्वार्थ भाव से सेवा ही नर्सिंग का उद्देश्य : रश्मि

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार। नर्सिंग का उद्देश्य जीवन की रक्षा करना है। गरीब, असहाय व रोगियों की सेवा करना धर्म का कार्य है। यह नसीहत शनिवार को क्षेत्र के तातियागंज गांव स्थित यशराज इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल स्टडीज में आयोजित लैंप लाइटिंग कार्यक्रम व फ्रेशर्स पार्टी के दौरान एसडीएम बिल्हौर रश्मि लांबा ने नर्सिंग छात्र छात्राओं को दी। साथ प्रशिक्षण के उपरांत पूरी लगन के साथ स्वास्थ्य सेवाएं देने की बात कही।इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम रश्मि लाम्बा और संस्थान के सचिव आशीष शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एसडीएम ने कहा ने नर्सिंग मूल सिद्धांतों पर चर्चा कर इसे मानव कल्याण में सहयोग देने का मार्ग बताया। उन्होंने छात्रों से प्रशिक्षण के बाद निस्वार्थ भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करने की बात कह उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने दीप जलाकर दया की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटेंगल और मदर टेरेसा को प्रेरणा स्रोत मानकर मानव सेवा, कर्तव्य निष्ठा व समर्पण की भावना रखने की शपथ ली। संस्थान की निदेशक स्वाती मिश्रा द्वारा नर्सिंग छात्राओं से 'द लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात फ्लोरेंस नाइटेंगल को अपना आदर्श मानकर सेवा कार्य करने की बात कही गई। वहीं प्रधानाचार्या सारा एडमिन ने भी छात्रों को मदर टेरेसा के विचार 'प्यार की भूख, रोटी की भूख से बड़ी है' को ध्यान मे रख जरूरतमंदों की सेवा के लिए प्रेरित किया। इसी तरह विशिष्ट अतिथि महाराणा प्रताप कॉलेज आफ नर्सिंग की प्रधानाचार्या इंदिरावती ने भी छात्रों को नर्सिंग के मूल सिद्धांत बताकर जीवन में हमेशा आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर नर्सिंग छात्राओं अवनी यादव, एकता व ज्योति आदि ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं कोमल ,एंजेल ,शिवानी व भानू आदि ने गीत व नृत्य नाटिका के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया। संस्थान के सचिव आशीष शुक्ला ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस मौके पर संस्थान के शिक्षक दिनेश शर्मा, राहुल श्रीवास्तव, पूजा, गरिमा व मयंक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

कैंडल जलाकर शपथ ग्रहण करतीं नर्सिंग की छात्राएं। अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने नृत्य पेश किया। अमृत विचार

विज्ञान बहुत ही आसान: वर्मा

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: श्री शक्ति डिग्री कॉलेज शाखाहारी के छात्र-छात्राओं को शनिवार को महान वैज्ञानिक एवं शिक्षक पद्मश्री प्रो. एचसी वर्मा का सानिध्य मिला। विज्ञान प्रदर्शनी में पहुंचे प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि विज्ञान किताब से पढ़कर अथवा व्याख्यान सुनकर या समीकरण को उत्तर पुस्तिका में लिखकर नहीं समझा जा सकता है, विज्ञान बहुत ही रोचक और आसान है। यह प्रकृति की हर घटना में होता है।

उन्होंने कहा कि दिनचर्या में भी विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को समझने और सीखने का अवसर है। विज्ञान को सीखने के लिए बहुत महंगे उपकरणों की जरूरत नहीं है, बल्कि इसको रसोईघर में इस्तेमाल होने वाले सामान की सहायता से भी जाना जा सकता है। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने जल प्रदूषण और उद्योगों से फैलने वाले कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने का मॉडल बनाया। कुछ छात्राओं ने पशुओं से खेतों की रक्षा के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक मॉडल तैयार किए तो कुछ ने रात में बुजुर्गों के लिए सेंसरयुक्त छड़ी बनाई, जिससे सांप आदि से बचा जा सकता है। प्रदर्शनी में सेंसरयुक्त इलेक्ट्रिक सिटी जनरेशन का एक प्लांट भी बना कर दिखाया गया। कुछ छात्रों ने पाइथन प्रोग्रामिंग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के रास्ते बताए। प्रो. एचसी वर्मा ने छात्राओं की प्रशंसा कर उनका उत्साह बढ़ाया और भविष्य में भी यहां आने के लिए आश्वस्त किया। छात्रा शैलेश कुमारी, नेहा साहू, ईशा यादव, श्रेया सोनकर, आस्था तिवारी, अंकुश कुशवाहा, आयुष शुक्ला, देवेश दीक्षित, अर्पित त्रिवेदी, शिवानी ने विज्ञान के मॉडल विज्ञान मेला में प्रदर्शित किया।

वैज्ञानिक एचसी वर्मा ने छात्रों को टिप्स दिए। अमृत विचार

खनन की रायल्टी में हो रहा बड़ा 'खेल'

❍ जितनी देते रायल्टी उससे दो गुना होता परिवहन ❍ ग्रामीणों ने कहा, जांच के बाद साफ होगी तस्वीर

संवाददाता, सोहरामऊ

अमृत विचार। थानाक्षेत्र के रसूलपुर गांव में बन रहे एक वेयर हाउस में इन दिनों मिट्टी भरान का काम हो रहा है। मिट्टी डालने के नाम पर वहां जमकर खेल हो रहा है। हर डंपर में 9 घनमीटर मिट्टी लानी होती है। लेकिन, डंपर में 18 से 20 घनमीटर मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। इससे जहां एक ओर राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। तो वहीं दूसरी ओर आसपास की सड़कें भी ध्वस्त हो रही हैं। डंपरों में तिरपाल न ढका होने से मिट्टी उड़ने से लोग बीमार भी हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार रसूलपुर गांव में बन रहे एक वेयर हाउस में काफी मिट्टी की आवश्यकता है। वर्तमान में खननकर्ता द्वारा मिट्टी रायल्टी के साथ डालने की बात कही जा रही है। लेकिन, इसमें बड़ा खेल हो रहा है। दो एक्सल के डंपर में मात्र 9 घनमीटर की रायल्टी मिलती है। जिला खनन अधिकारी प्रान्जुल सिंह ने बताया की दो एक्सल के डंपर में 9 घनमीटर की ही रायल्टी दी जाती है। जबकि, वहां पर जो डंपर चल रहे हैं उनमें 9 की बजाय 18 से 20 घनमीटर मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। जिससे राजस्व की हानि हो रही है। इसके साथ ही सड़कें भी ध्वस्त हो रही हैं।

खनन नियमावली के अनुसार रास्तों में पानी के टैंकरों से छिड़काव होना चाहिये। साथ ही वाहनों पर तिरपाल भी ढका जाना चाहिये। लेकिन, क्षेत्र में लगातार 10 दिन से सैकड़ों डंपर मिट्टी डाली जा चुकी है। क्षेत्रीय लोग बताते हैं कि इस खनन में सभी अधिकारी व पुलिस शामिल है। इस बारे में एसओ कमल कुमार दुबे ने बताया कि उन्हें रायल्टी देकर मिट्टी डालने की जानकारी है। अगर ज्यादा मिट्टी डंपर से लाई जा रही है तो इसे खनन विभाग देखे और नाप करे।

खनन कर रही जेसीबी को एसडीएम ने पकड़ा

संवाददाता पाटन उन्नाव

अमृत विचार। बीघापुर तहसील प्रशासन की शख्ती के बावजूद खनन माफिया रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीती रात बिहार थानाक्षेत्र में अवैध खनन कर रही जेसीबी को एसडीएम ने छापेमारी कर पकड़ लिया। जेसीबी को सीज कर खनन संबंधी जांच की जा रही है।

तहसील क्षेत्र के बिहार थानांतर्गत अवैध खनन का कारोबार फल फूल रहा है। थाना पुलिस से मिलीभगत कर अवैध कारोबारी रात में धड़ल्ले से खनन करने में जुटे हुए हैं। इस दौरान पीआरवी व थाना पुलिस आंखें बंद रखने की कीमत वसूल करती है। बीते सप्ताह एसडीएम द्वारा अवैध खनन कर रहे वाहन पकड़े गए थे। शुक्रवार रात अवैध खनन की सूचना मिलने पर फिर एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने रात करीब 11 बजे भगवंतनगर चौकी क्षेत्र के चैनपुर व फत्तेपुर गांव के बीच छापेमारी की। रात में वाहनों की लाइटें बन्द कर पुलिस को सूचना दिए बिना की गई छापेमारी के दौरान ट्रैक्टर चालक तो वाहन लेकर भागने में सफल रहे लेकिन, मौके पर खनन कर रही जेसीबी को एसडीएम ने पकड़ लिया। एसडीएम ने बताया कि खननकर्ताओं के बारे जानकारी करने के साथ उस भूमि की भी जांच की जा रही है जहां खनन हो रहा था। बता दें कि क्षेत्र में प्रतिबंधित पेड़ों की कटान, अवैध शराब बनाने व बिक्री का काम, प्रतिबंधित नशे का कारोबार और बुक व जुआं का कारोबार पुलिस की सह पर धड़ल्ले से जारी है। इनमें युवा पीढ़ी बरबाद हो रही है।

सीज की गई जेसीबी के साथ एसडीएम व अन्य। अमृत विचार

शराब पीने से मना किया तो लगा ली फांसी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सदर कोतवाली अंतर्गत राजेपुर पतारी गांव में शराब पीकर घर लौटे युवक को मां ने टोका तो नाराज बेटा रस्सी का फंदा बनाकर फांसी पर लटक गया। सुबह उसे फंदे पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सुनील।

राजेपुर पतारी गांव निवासी सुनील गौतम (35) शराब पीने का आदी था। इसी कारण वह क्षय रोग से भी ग्रसित था। अत्यधिक शराब पीने से उसकी पत्नी पूजा भी करीब पांच साल पहले उसे छोड़ कर चली गई थी और उसने दूसरी शादी कर ली थी। सुनील अपनी वृद्ध मां के साथ रहता था। शुक्रवार देर शाम वह शराब पीकर घर आया। इस पर मां ने बीमारी के बाद भी शराब पीने पर नाराजगी जताई। नशे में उसने अपनी मां को मारपीट कर घर से भगा दिया। मां गांव में ही रहने वाली अपनी बड़ी बहू सुशीला के घर चली गई। सुबह बकरी चराने के लिए घर लौटी तो मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर आवाज देने और दरवाजा खटखटाने के बाद भी कोई उत्तर नही मिला। शोर सुन पड़ोसी भी आ गए। जिन्होंने चबूतरे से अंदर देखा तो युवक का शव रस्सी के फंदे से लटक रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और दीवार फांद कर दरवाजा खुलवाया गया। जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जहां वृद्ध मां जगदेई ने रोते हुए बताया कि उसके पति की मौत बहुत पहले हो गई थी। उसके दो बेटे थे करीब 10 साल पहले बड़े बेटे ब्रह्मा ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके बाद बुढ़ापे का सहारा रहे छोटे बेटे ने भी जान दे दी। भाई को मौत से तीनों विवाहित बहने भी रो-रोकर बेहाल रहीं।

पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद गमगीन परिजन। अमृत विचार

एक्सप्रेस-वे पर खड़ी बाइक में कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत

संवाददाता औरास उन्नाव

अमृत विचार। औरास थानांतर्गत एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार ने खड़ी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा की टीम ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां एक युवक को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे को प्राथमिक इलाज देकर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत नगर के मोहल्ला तकिया निवासी राजू (18) अपने चचेरे भाई आजाद (24) को लखनऊ डाक्टर को दिखाने निकला था। शनिवार सुबह औरास थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर औरास गहाखेड़ा गांव के पास किसी काम से बाइक रोककर दोनों खड़े थे। तभी पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची यूपीडा की एम्बुलेंस से उन्हें सीएचसी औरास लाया गया। जांच में डाक्टर ने राजू को मृत घोषित कर दिया। वहीं आजाद का प्राथमिक उपचार देकर ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। युवक की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद कार चालक कार छोड़ कर फरार हो गया। जिसे पुलिस ने थाने में खड़ा कराया। परिजनों के मुताबिक मृतक राजू की दो माह पूर्व शादी हुई थी। पति की मौत से उसकी पत्नी सदमे में है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

- लखनऊ जाते समय औरास थानाक्षेत्र में हुआ हादसा

हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

शराब पीकर घर लौटे अधेड़ की संदिग्ध हालात में मौत

उन्नाव। शराब पीकर घर लौटे अधेड़ की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। दही थानांतर्गत कोइथर गांव निवासी शिव बालक सविता (50) शराब पीने का आदी था। शुक्रवार को शाम वह शराब पीकर घर लौटा और उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। पत्नी गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में काम करने गई थी। जानकारी पर वह घर पहुंची और पति को सीएचसी नवाबगंज लाई। जहां उसकी हालत गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन वहां पहुंचने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पत्नी रामलली ने बताया कि पति को एक बार हृदयाघात हो चुका था। उसके छह बेटे और एक बेटी है। बड़े राजेंद्र सहित पांच भाई गैर प्रांतों में नौकरी करते हैं। पिता की मौत की सूचना पर सभी गांव लिए निकल चुके हैं। वहीं पत्नी सहित छोटा बेटा सत्यम व बेटी खुशबू रो-रोकर बेहाल रही।

शारदा नहर में उतराता मिला महिला का शव

आसीवन उन्नाव। आसीवन थानांतर्गत शारदा नहर की आसीवन ब्रांच में एक अधेड़ महिला का अर्द्धनग्न शव उतराता देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस पहुंची ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकलवाया। आसीवन थानाक्षेत्र के मियागंज-सफीपुर मार्ग पर मुशीराबाद गांव के पास निकली शारदा नहर की आसीवन ब्रांच में शनिवार सुबह नौ बजे करीब 52 साल की महिला का अर्धनग्न हालत में शव उतराता देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर एसओ फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकलवाया। शव पर सिर्फ फटी हुई साड़ी लिपटी थी। हालत देखकर शव तीन से चार दिन पुराना होने के कयास लगाए गए हैं। मौजूद भीड़ में कोई भी उसकी पहचान नहीं कर सका। पुलिस सोशल मीडिया पर शव की फोटो डालकर पहचान के प्रयास में जुटी है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। आसपास के सभी थानों व जिलों में सूचना दी गई है।

सरकारी स्कूल की भूमि पर किया गया अवैध निर्माण। अमृत विचार

सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जा, एसडीएम से शिकायत

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। दबंग भूमाफिया सरकारी स्कूल के लिए सुरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण कर जबरन कब्जा करने में जुटा है। ग्रामीणों ने एसडीएम से अवैध निर्माण ध्वस्त करवाने और भूमि कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

गांव छतरापुर के मजरा कन्हई खेड़ा के ग्रामीणों ने एसडीएम अतुल कुमार को दिए शिकायती पत्र में बताया कि राजस्व अभिलेखों में गांव के पास सरकारी स्कूल हेतु करीब 15 बिसुआ सुरक्षित भूमि दर्ज है। इस भूमि पर गांव का ही नन्हेलाल पुत्र कन्हई निर्माण करा रहा है। जब विद्यालय के प्रधान शिक्षक व रोजगार सेवक ने निर्माण करने से मना किया तो भूमाफिया झगड़े पर अमादा हो गया। यहां तक हल्का लेखपाल द्वारा निर्माण पर रोक लगाने के बावजूद दबंग का कब्जा जारी है। गांव के स्वामी दयाल, हरिश्चंद्र, राम औतार, संतराम, गुरु प्रसाद, रामकुमार, जगदीश, राजेश व अशोक आदि ने एसडीएम से सरकारी स्कूल की भूमि कब्जामुक्त कराने और भूमाफिया के विरुद्ध कार्यवाही कराने की मांग की है।

सार-संक्षेप

मारपीट के बाद घर के बाहर खड़े वाहन में की तोड़फोड़

उन्नाव। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गांधी नगर में घर में घुस कर तीन युवकों ने महिला के साथ मारपीट की। शोर सुनकर पड़ोसी दौड़े तो हमलावर घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ कर भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मोहल्ला गांधी नगर निवासी शिवरानी ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि शुक्रवार रात 11 बजे उसके पड़ोसी नीरज उर्फ हीरो पुत्र राजाराम चौरसिया, शंकर नगर निवासी विवेक उर्फ छोटू पुत्र सुशील कुमार, गांधीनगर निवासी प्रकाश दीक्षित उर्फ कान्हा पुत्र रामबाबू नशे में उसके घर में घुस आए और उससे मारपीट करने लगे। शोर सुन पड़ोसी दौड़े तो तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए घर के बाहर खड़े चौपहिया वाहन को तोड़ कर भाग निकले। पीड़िता ने बताया कि विवेक पर बीघापुर थाने में कई मामले दर्ज हैं और उसके पिता लखनऊ में पुलिस विभाग में तैनात हैं। तीनों लोगों से पूरा मोहल्ला पीड़ित है। एसओ अखिलेश तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेक व नीरज उर्फ हीरो को रात गिरफ्तार कर लिया गया है। तीसरा आरोपी कान्हा मौके से भाग निकला है। उसकी तलाश की जा रही है।

चोरों की मंडली घूम-घूम कर दे रही वारदात को अंजाम

सोहरामऊ उन्नाव। सोहरामऊ थानाक्षेत्र में इन दिनों हर तरह के चोर सक्रिय हैं। अवैध रूप से खनन कर मिट्टी चोरी के साथ घरों व दुकानों में हाथ साफ करने वाले चोर भी जमकर धमौचौकड़ी मचाए हुए हैं। इससे पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खुल गई है। थानाक्षेत्र में इन दिनों मिट्टी चोरों का बोलबाला है। एक ओर जहां दतौली गांव में 140 डंपर मिट्टी चोरी की पुष्टि हुई है। तो वहीं निबहरी गांव के एक किसान द्वारा उसके खेत से 80 ट्राली मिट्टी चोरी होने की शिकायत थाने में की गई है। मुख्यालय का दूर होना वा थाना पुलिस की मेहरबानी से माफिया वैध व अवैध खनन कर रहे हैं। सामान्य चोर भी लापरवाह पुलिसिंग का फायदा उठाकर गावों में घरों व दुकानों को निशाना बनाकर लाखों का सामान पार कर रहे हैं। चर्चा है कि पुलिस की सुस्ती से चोरियों में इजाफा हुआ है। कई ऐसी चोरियां हैं जिसमें शिकायत कर्ता को पुलिस ने समझाकर बैरंग वापस कर दिया और पुलिस रिकार्ड में कहीं भी वे चोरियां दर्ज तक नहीं हैं।

वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष अमरेश पटेल।

अपना दल एस की बैठक में कार्यकर्ताओं का सम्मान

बांगरमऊ उन्नाव। क्षेत्र के हरदोई मार्ग स्थित एक इंटर कॉलेज में अपना दल एस की विधानसभा क्षेत्र स्तरीय मासिक बैठक आयोजित हुई। इसमें पार्टी के जिलाध्यक्ष अमरेश पटेल ने कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान चलाने और एक माह में बूथ कमेटियां गठित करने के निर्देश दिए। बैठक में सर्वप्रथम किसान-कमेरों के मसीहा व पार्टी के संस्थापक डा. सोनेलाल पटेल व लौह पुरुष सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अभी हाल ही में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, आर्थिक व्यवस्था को सही दिशा दिखाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री को अपना दल एस की जिला इकाई की ओर से धन्यवाद दिया। बाद में उन्होंने जिला कमेटी में प्रमोशन पाने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी का पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल व संचालन जिला उपाध्यक्ष डा. राजेश पाल ने किया। बैठक में जिला महासचिव डा. अनूप पाल, जिलाध्यक्ष सहकारिता मंच कौशल गुप्ता, जिलाध्यक्ष आईटी सेल कन्हैयालाल आर्य, पूर्व जिला महासचिव ओंकार मौर्य, विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष विनोद पाल, सुधांशु कटियार, वसीरजा, छोटे कुशवाहा, विनोद कटियार, अतुल पटेल, कुंवर पाल आर्य, दुर्गा प्रसाद शर्मा, कमल किशोर, प्रदीप आर्य, अमन शर्मा, रमेश गुप्ता, इंद्रपाल व सुशील अर्कवंशी आदि मौजूद रहे।

क्रासिंग बंद होने से सरैयां क्रासिंग पर लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। शनिवार को बैराज मार्ग पर वाहनों का अधिक भार होने के कारण पूरे दिन रुक-रुक कर जाम लगता रहा। वहीं दोपहर के समय लगे जाम में राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं शाम के समय भी जाम लगा रहा। इसके अलावा नवीन पुल पर भी वाहन रेंगते हुये निकले।

बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास आरओबी का काम होने के कारण दोनों ओर का मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके साथ ही मार्ग संकरा होने के कारण शनिवार सुबह से ही जाम लगना शुरू हो गया। वहीं ट्रेनों के आने जाने के दौरान क्रासिंग बंद होने से जाम और तीखा हो गया।

इसी तरह दोपहर में भी जाम की स्थिति बनी रही। जिस कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। दोपहर एक बजे से दो बजे तक लगे जाम में वाहन सवार कराह उठे। इसी तरह शाम को भी रुक-रुक कर जाम लगने से राहगीर परेशान रहे। इसी नवीन पुल पर भी पीक ऑवर के समय रुक रुक कर जाम लगता रहा। जिससे कानपुर आने जाने वाले लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ी।

- नवीन पुल पर भी वाहन रेंगते हुये निकलते रहे

किसान की बिना सहमति के खोद डाली मिट्टी

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

अमृत विचार। थानाक्षेत्र में बन रहे एक वेयर हाउस में अवैध रूप से मिट्टी डालने का कार्य जोरों पर है। रात में तहसील व थाना पुलिस की मिलीभगत से रात में डंपरों से तो वहीं दिन में निजी परमीशन की आड़ में ट्रैक्टर-ट्रालियों से मिट्टी डालने का काम किया जा रहा है। कुछ खनन माफिया किसान को मैनेज करके तो कुछ चोरी से मिट्टी खोद रहे हैं। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने एसओ को तहरीर देकर न्याय की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ज्यादातर खनन माफिया किसान को मैनेज कर उनसे प्रति गाड़ी के हिसाब से मिट्टी खरीदते हैं। लेकिन थानाक्षेत्र के निबहरी गांव में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें खनन माफियाओं ने राजेश सिंह का खेत बिना सहमति के खोद डाला। राजेश सिंह ने थाने में शिकायतीपत्र देकर बताया कि उसके गांव का रहने वाला एक व्यक्ति जो खनन का वैध-अवैध कारोबार करता है। बीती शुक्रवार रात उसने थाना पुलिस से सेटिंग कर उसके खेत से बिना सहमति के मिट्टी खोद ली। सूचना पर जब वह खेत पहुंचा तो वहां से करीब 80 ट्राली मिट्टी चोरी कर अवैध तरीके से बेची जा चुकी थी। उसे देखते ही ट्रैक्टर-ट्रालियों को वहां से भगा दिया गया और विरोध करने पर उसे गलियां देते हुये धमकी दी गई। किसान के खेत से हुई 80 ट्राली मिट्टी मामले ने पुलिस गस्त की पोल खोल दी है। ग्रामीणों ने थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस बारे में एसओ कमल किशोर दुबे ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

खनन माफिया द्वारा किसान के खेत से खोदी जाती मिट्टी। अमृत विचार

- थाना पुलिस पर खनन माफिया के साथ संलिप्तता के आरोप

विकास कार्य | मार्च माह में काम पूरा करने की दी गई डेडलाइन, कर्मकांड कराने से लेकर बैठने और पीने के पानी की होगी सुविधाएं

42 लाख से अंत्येष्टि स्थल को जीवन देने का काम शुरू

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कराने के लिये नगर व आस पास के अलावा उन्नाव, कानपुर और लखनऊ से लोग आते हैं। घाट पर अव्यवस्था होने के कारण अंतिम संस्कार कराने वालों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जिसे देखते हुये पालिका प्रशासन ने घाट के सुंदरीकरण का काम दोबारा शुरू करा दिया है। इसके साथ ही ठेकेदार को मार्च माह तक कार्य पूरा करने की डेड लाइन भी दी गई है।

अंत्येष्टि स्थल विकास योजना के तहत मिश्रा कॉलोनी में श्मशान घाट का सुंदरीकरण का काम कार्यदायी संस्था ने वर्ष 2022 के दिसंबर माह में शुरू कराया था। जिसमें ठेकेदार ने अंत्येष्टि स्थल की फर्श, जीना को जेसीबी से तुड़वाकर कर ऐसे ही छोड़ दिया। वहीं श्मशान घाट पर लगी टिनशेड को हटवा दिया गया है, जिसे कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से शव यात्रा में शामिल होने वाले लोग अंत्येष्टि स्थल पर खड़े नहीं हो पाते थे। एक साल से अधिक समय तक घाट में अव्यवस्थाएं रही। जिसे देखते हुये पालिका प्रशासन ने घाट के सुंदरीकरण का काम दोबारा शुरू कराया। अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा व अवर अभियंता घनश्याम मौर्य ने बताया कि अंत्येष्टि स्थल पर अंतिम संस्कार करने आने वाले लोगों के लिये तमाम प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराने के लिये सुंदरीकरण कराया जा रहा है। इसके साथ ही संबंधित ठेकेदार को मार्च माह तक कार्य पूरा करने की डेडलाइन भी दी गई है।

मिश्रा कॉलोनी अंत्येष्टि स्थल पर होता कार्य। अमृत विचार

अंत्येष्टि स्थल पर यह होंगे निर्माण कार्य

ईओ ने बताया कि 40 लाख की लागत से अंत्येष्टि स्थल पर पिलर के सहारे टिनशेड, फर्श पर इंटरलॉकिंग, शव के स्नान कराने का प्लेटफार्म, जलाने के लिये अलग प्लेटफार्म बनाया जायेगा। जिसके लिये युद्धस्तर से काम कराया जा रहा है।

सीढ़ियों में मिट्टी भरान का काम शुरू

अंत्येष्टि स्थल पर उखड़ी पड़ी सीढ़ियों में मिट्टी भरान का काम शुरू करा दिया गया है। जहां शनिवार को जेसीबी से मिट्टी डलवाकर समतलीकरण का काम कराया गया। समतलीकरण के बाद इन सीढ़ियों को सीमेंट प्लास्टर से पक्का कराया जाएगा। कार्य समाप्त होने की तिथि निर्धारित होने से काम में रफ्तार दिख रही है।

उन्नाव की टीम ने कानपुर को हराया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालौन द्वारा आयोजित हो रही स्व. मुन्नी देवी सिरोठिया उप्र महिला टी-20 लीग चैंपियनशिप के बी पूल का मैच शनिवार को उन्नाव और कानपुर के बीच खेला गया।

जिसमें कानपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी कानपुर की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 121 रन बनाए। जिसमें वर्षा व नेहा वर्मा ने 35-35 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा अंजली ने 17 व सोती ने 13 रन बनाए। उन्नाव की ओर से बालिंग करते हुए शालिनी सिंह ने 2, स्वीटी व खुशबू ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्नाव की टीम ने 17.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 122 रन बनाते हुए जीत दर्ज की। जिसमे शालिनी सिंह ने नाबाद 42, खुशबू ने 20, शिवानी ने 23 व तथीर फातिमा ने नाबाद 26 रनों का योगदान दिया। कानपुर की ओर से बालिंग करते हुए सौम्या पाल ने 2 विकेट हासिल किए। उन्नाव टीम की शालनी सिंह को मुख्य विकास अधिकारी व टूर्नामेंट के कनवीनर प्रदीप सिरोठिया ने मैन ऑफ द मैच दिया। इस मौके पर उन्नाव डीसीए के सचिव पीके मिश्रा भी मौजूद रहे। संचालन शरद श्रीवास्तव ने किया और यूपीसीए के डायरेक्टर श्याम बाबू ने क्रिकेट के विकास पर प्रकाश डाला। इस दौरान टूर्नामेंट के कनविनर प्रदीप सियोठिया, सचिव विकास कुमार, संयुक्त सचिव विनय सिंह, हरेंद्र विक्रम सिंह, उदयवीर सिंह, वरिष्ठ सदस्य शरद श्रीवास्तव, डा. राकेश रंजन शर्मा, संदीप सिंह, रिक्की सिंह, सचिन पाटकर, राजकुमार, कमल सैनी, अनिल कुमार, केशव शुक्ला व सौरभ पाठक भी रहे। स्कोरिंग सचिन पाटकर ने की।

विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

प्रतिबंध को ताख पर रख कर गंगा में मछलियों का शिकार

मत्स्य मंत्री ने भी गंगा में मछलियों के शिकार पर रोक के लिये प्रशासन को दिए थे निर्देश

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगा में मछलियों का शिकार करने पर पूरी तरह से रोक है। इसके बावजूद हाजीपुर से लेकर जाजमऊ चंदन घाट तक गंगा में लोग दिन रात धड़ल्ले से मछलियों का शिकार करते हुये देखे जा सकते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की इस ओर नजर नहीं पड़ रही है। वहीं दिसंबर माह में मत्स्य मंत्री ने भी गंगा में मछलियों के शिकार पर रोक लगाने के लिये जिला प्रशासन और विभाग को निर्देश दिये थे।

गंगा में मछली का शिकार करते मछुआरे। अमृत विचार

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत शुक्लागंज के मिश्रा कॉलोनी घाट पर दिसंबर माह में मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने मत्स्य उत्पादन में वृद्धि को लेकर सवा दो लाख मत्स्य अंगुलिका का संचय गंगा नदी में किया गया था। इस दौरान उन्होंनें गंगा में मछलियों का शिकार न होने पर भी रोक लगाने के निर्देश दिये थे। वहीं गंगा में मछलियों के शिकार पर मत्यस्य पालन विभाग पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है। लेकिन विभाग के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिस कारण जाजमऊ चंदन घाट से लेकर शुक्लागंज व हाजीपुर चौकी तक आने वाले गंगातटों पर सैकड़ों की तादाद में लोग नाव के सहारे गंगा में मछलियों का शिकार कर रहे हैं। नगर के अलावा अब हाजीपुर के सिद्धनाथ, रौतापुर, फत्तेपुर में अवैध तरीके से शिकर कर पकड़ी गई मछलियों को बेचने के लिए बाजार लग रही है। लोग सुबह ही मछलियां खरीदने के लिए लोग लोडर, बाइक से पहुंच जाते हैं। वहीं नवीन पुल, पुराने यातायात पुल और मिश्रा कॉलोनी के पास भी लोग खुलेआम मछलियों की शिकार करते देखे जा सकते हैं लेकिन कोई भी जिम्मेदार मछुआरों पर कार्यवाही नहीं कर रहा है। जिस कारण दिन रात धड़ल्ले से गंगा गंगा में मछलियों का शिकार हो रहा है।

वाहन की टक्कर से महिला श्रमिक की चली गई जान

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ हाईवे पर महिला फैक्ट्री श्रमिक को पैदल जाते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल महिला को जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव नासिरखेड़ा निवासी सियादुलारी कुशवाहा (65) बाबू खेड़ा स्थित एक चर्म फैक्ट्री में श्रमिक थी। शनिवार देरशाम वह छुट्टी के बाद पैदल घर लौट रही थी। सदर क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ हाईवे पर नरी गांव के सामने अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गई। राहगीरों की मदद से परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पौत्र लकी ने बताया कि महिला के दो बेटे हैं। एसएचओ पीके मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

छेड़छाड़ के विरोध पर मारपीट, वृद्ध की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- घर में घुसकर युवक ने महिला से की थी छेड़छाड़
- विरोध पर परिवार सहित घर में घुसकर बोला हमला

अमृत विचार। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात महिला से हुई छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक ने अपने भाइयों के साथ पीड़िता के घर पर हमला बोल दिया। इस दौरान हमलावरों ने बीचबचाव कर रहे वृद्ध के सिर पर लाठी से वार कर दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे गांव अजय पुत्र राजेंद्र उसके घर में पीछे से घुस आया और उससे छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर घर में मौजूद देवर व जेठानी उसे बचाने बचाने दौड़ीं। इस पर युवक उस समय तो मौके से भाग निकला। लेकिन, कुछ देर बाद वह अपने भाई रावेंद्र, बहन रुचि व पिता राजेंद्र पुत्र बच्चू के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर लौटा और उसके परिजनों से मारपीट शुरू कर दी। चीख सुनकर खेतों की रखवाली कर रहे महिला के 70 वर्षीय ससुर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बीच बचाव का प्रयास किया तो हमलावरों ने उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया। लाठी के प्रहार से वे अचेत होकर गिर गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां से रेफर होने पर परिजन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। एसओ अखिलेश तिवारी ने बताया कि शुक्रवार रात तहरीर के आधार पर अजय व रावेंद्र पुत्र राजेंद्र, रुचि पुत्री राजेंद्र व राजेंद्र पुत्र बच्चू के विरुद्ध घर पर चढ़ाई कर छेड़छाड़ करने और मारपीट व गाली गलौज करने के साथ धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। वृद्ध की मौत हुई है। तहरीर आने पर धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

विद्युत फाल्ट ठीक कर रहे श्रमिक को लगा करंट, मौत

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पीपरखेड़ा गांव में एचटी लाइन में फाल्ट हो गया। जिस पर एक श्रमिक उसकी मरम्मत करने पहुंच गया। तभी वह करंट की चपेट में आने से अचेत होकर सड़क पर जा गिरा। साथी उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार शाम जाजमऊ चौकी क्षेत्र के पीपरखेड़ा गांव में एचटी लाइन में फाल्ट हो गया था। जिस पर वहीं का रहने वाला श्रमिक मनोज वहां पहुंचा और लाइन की मरम्मत करने लगा। काम के दौरान वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया और सड़क पर गिर गया। यह देख साथियों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बीकामऊ गांव निवासी साथी संपत उसे जिला अस्पताल ले गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनोज की मौत पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया।

धर्म और जाति में बांट कर सत्ता में बने रहना चाहती है भाजपाः अन्नू टण्डन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। भाजपा का एक सूत्रीय कार्यक्रम लोगों को जाति-धर्म के आधार पर बांटकर सत्ता में बने रहता है। उसे देश में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से कोई लेना-देना नहीं है। यह बात सपा से लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने मोहान विधानसभा क्षेत्र के गावों में ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान कही।

कहा कि हर भारतवासी में भगवान राम के प्रति आस्था और श्रृद्धा है। लेकिन भाजपा भगवान राम का भगवा करण कर जन आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। बीजेपी को राम के आदर्श से कोई लेना-देना नहीं है। वह तमाम मानवीय मूल्यों, आदर्शों की खुली अवहेलना कर रही है। सरकार को घेरते हुए कहा कि पूरे देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अनीति व अन्याय चरम पर है। रामराज्य की आड़ में जंगल राज चल रहा है। सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि सत्ता पर जब तक अमरबेल प्रजाति के लोग काबिज रहेंगे तब तक किसानों व ग्रामीणों का आर्थिक शोषण बन्द नहीं होगा। देश की स्वतंत्रता एकता व अखंडता बचाने के लिए आवश्यक हो गया है कि साम्प्रदायिक शक्तियों को सत्ता से बाहर खदेड़ दिया जाय। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख सेवक लाल, डा. एसके वर्मा, अशोक सिंह गुड्डू, शिव सिंह, राहुल, बालेंद्र, शिवशंकर वर्मा व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

लोगों से मिल कर समर्थन मांगतीं सपा प्रत्याशी अन्नू टण्डन। अमृत विचार

- सपा से लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व सांसद ने मोहान विधानसभा क्षेत्र में लोगों से की मुलाकात

बार एसो. अध्यक्ष के भाई, पत्रकार की भाभी का निधन

शुक्लागंज। उन्नाव बार एसोशिएसन के अध्यक्ष सतीश चंद्र शुक्ला के छोटे भाई व किसान आंदोलन के सक्रिय सदस्य शंकरपुर निवासी उमेश उर्फ रामू शुक्ला काफी दिनों से कैंसर से जूझ रहे थे। शनिवार को उनका बीमारी के चलते निधन हो गया। जिस पर अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई।

जिले के तमाम अधिवक्ता उनके घर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधवाया। सोमवार को मिश्रा कॉलोनी अंत्येष्टि स्थल पर उनका अंतिम संस्कार कराया जायेगा।

वहीं शुक्लागंज के आनंद नगर निवासी पत्रकार बृजेश उर्फ बॉबी पांडे की भाभी अनुपम पांडे का भी निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रही थीं। रविवार को मिश्रा कॉलोनी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां नगर के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

समाधान दिवस में एसपी ने सुनी शिकायतें

संवाददाता नवाबगंज/पुरवा

अमृत विचार। थाना समाधान दिवस पर एसपी ने अजगैन कोतवाली में आए लोगों की शिकायतों को सुनने के साथ अधीनस्थों को मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कोतवाली का निरीक्षण भी किया।

अजगैन कोतवाली पहुंचे एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के सामने नौ लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। सभी मामले राजस्व से संबंधित थे। इनमें से पांच को मौके पर निस्तारित कराया गया। एसपी ने इसके बाद कोतवाली कार्यालय, सीसीटीएनएस, हवालात, महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण भी किया। एसपी ने महिलाओं से संबंधित शिकायत रजिस्टर में संतुष्टि कलाम बनाने के निर्देश दिए। वहीं लोकसभा चुनाव को देखते हुए जल्द से जल्द फोर्स इकट्ठा करने की ड्रिल कराने की जानकारी दी। साथ ही अभिलेखों की प्रविष्टियों को चेक करने के साथ उचित रखरखाव के निर्देश दिये।

अजगैन कोतवाली फरियादी की समस्या सुनते एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना। समाधान दिवस में समस्याएं सुनते कोतवाली प्रभारी।

- कप्तान के सामने पहुंची नौ में पांच शिकायतें मौके पर निपटीं

पुरवा सर्किल क्षेत्र के तीन थानों में समाधान दिवस पर पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनने के बाद अफसरों ने इनके निस्तारण के आदेश दिए। तीनों थानों में 23 प्रार्थनापत्रों में एक का मौके पर निस्तारण किया जा सका। पुरवा कोतवाली में तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह व एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने पांच शिकायतें सुनीं और जिनके निपटारे के लिए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा। मौरावां में एसडीएम रणवीर सिंह, एसओ भवन सिंह मौर्य के सामने राजस्व के 13 मामले पहुंचे। असोहा थाना में नायब तहसीलदार आशुतोष पांडेय ने पांच शिकायतें सुनीं। एक के निपटारे के साथ शेष मामलों को लेकर टीमें बनाई गईं। इसके अलावा जिले के अन्य थाना-कोतवाली में भी लोगों ने पहुंचकर अपनी फरियाद अफसरों को सुनाईं।

समाधान दिवस में आये 4 मामले, नहीं हो सके निस्तारित

शुक्लागंज उन्नाव। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से शिकायत लेकर लोग पहुंचे। जिले से कोई अधिकारी न आने के कारण कोतवाली प्रभारी ने समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने समाधान दिवस का आयोजन किया। जहां नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। इस दौरान पालिका कर्मी, राजस्व कर्मी मौजूद रहे। जिले से कोई सक्षम अधिकारी ने आने पर कोतवाल ने समस्याएं सुनी। कुल 4 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें पुलिस के 3 मामले राजस्व से संबंधित आये। मौके पर कोई निस्तारित नहीं हो सका। जिस पर इंस्पेक्टर ने संबंधित लेखपाल को निस्तारण के लिये सौंपा है। वहीं पुलिस से संबंधित एक मामला आया। उसका भी निस्तारण नहीं हो सका। राजस्व और पुलिस के मामलों का निस्तारण न होने से फरियादी मायूस होकर वापस लौट गये।

श्री देवी भागवत महापुराण की कथा से मिलता है ज्ञान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यास ने कृष्ण जन्मोत्सव, ध्रुव चरित्र की कथा का बखान किया। वहीं पोनी रोड स्थित श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में चल रही श्री देवी भागवत महापुराण के दौरान शनिवार को कथा व्यास ने मौजूद श्रोताओं को महापुराणों की जानकारी दी।

कथा का बखान करते राघव दास महाराज।

श्रीमद् भागवत कथा का बखान करते हुये राघव दास महाराज ने अपने मुखारबिंद से बहुत ही सुंदर तरीके से धुरव चरित्र और प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया। इसके साथ ही कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई गई। नंद के आनंद भयो भजन पर मौजूद सभी श्रोता झूमने लगे। इस मौके पर संतोष तिवारी, सुधा तिवारी, अभिषेक तिवारी, लक्ष्मी नारायण पांडे, राम पांडे, धर्मेंद्र पांडे, ऋषभ पांडे समेत तमाम भक्त मौजूद रहे। वहीं राधा कृष्ण मंदिर में पं. शिवकुमार दीक्षित ने कहा कि श्री देवी भागवत महापुराण 18 पुराणों में यह पुराण सर्वश्रेष्ठ है और धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष प्रदान करने वाला है। जो भक्त श्रद्धापूर्वक कथा को सुनते हैं। उन्हें सिद्धि प्राप्त होने में विलंब नहीं होता है।

रोटरी का स्वास्थ्य शिविर आज

उन्नाव। रोटरी क्लब आफ उन्नाव के प्रयासों से मेदांता अस्पताल लखनऊ की चिकित्सा टीम द्वारा नावेल्टी गेस्ट हाउस में रविवार को चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। इसमें मेदांता के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के साथ लोग चिकित्सीय परामर्श भी ले सकेंगे।

रोटरी के पास्ट गवर्नर अरविंद कमल के आवास में हुई बैठक में क्लब के प्रेसिडेंट विकास कपूर ने जानकारी दी कि शिविर सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इसमें हृदय, हड्डी रोग के साथ अन्य सामान्य रोगों से ग्रसित मरीजों का वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। सचिव नीरज निगम, रोटेरियन हरिमोहन निगम, प्रेम कुमार सिंह, ओपी तिवारी मौजूद रहे।

सड़क हादसों में पांच लोग घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुरवा क्षेत्र में दो ट्रक आमने-सामने टकरा गए। इससे पुरवा रोड करीब दो घंटे जाम रहा।

कार की टक्कर से घायलः अजगैन। कोतवाली क्षेत्र के रवनहार गांव निवासी रामबालक (52) पुत्र देवदत्त के यहां 14 फरवरी को शादी है। जिसकी खरीददारी के लिये वह परिवार के जयकरन पुत्र लल्लू के साथ नवाबगंज कस्बा आया था। लौटते समय नवाबगंज बाईपास पर दोनों पान की दुकान पर रुके थे। तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बाइक सहित आगे खड़ी दूसरी कार में भिड़ गये। गम्भीर हालत में उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। एसएचओ अवनीश कुमार ने बताया कि चालक कार छोड़कर भाग गया।

नवाबगंज सीएचसी में होता घायल का इलाज।

ट्रक में पीछे से घुसा ट्रक

पुरवा। शनिवार शाम नगर के बस स्टेशन पर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से एक ट्रक घुस गया। जिससे ट्रक की स्टेयरिंग फेल हो गई। वहीं दो ट्रकों के बीच सड़क पर खड़े होने से मार्ग को दोनों ओर करीब तीन किमी तक जाम लग गया। जहां पुलिस ने एक ट्रक को किसी तरह सड़क किनारे कराकर एक लेन से यातायात शुरू कराया। जिसके बाद जाम खुल सका। इस दौरान दो घंटे जाम लगा रहा।

तेज रफ्तार बाइकें टकराईं

गंजमुरादाबाद। बेहटामुजावर थानाक्षेत्र के जैतापुर गांव निवासी विशाल पुत्र विमल व अनूप पुत्र सुरेश बाइक से ईंट भट्ठे पर काम करने बेहटा मुजावर गांव आ रहे थे। वहीं सफीपुर थानाक्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर निवासी आशु पुत्र वीरेंद्र बाइक से बेहटा मुजावर से गांव जा रहा था। शनिवार शाम बेहटा-गौरियां कला मार्ग पर गांव गनीपुर के पास तेज रफ्तार दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइकों पर सवार तीन युवक घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

सार-संक्षेप

खांडेकर की टीम ने 39 रनों से मैच किया अपने नाम

शुक्लागंज उन्नाव। उन्नाव शुक्लागंज मां ज्वालादेवी द्वारा संस्थापित शुक्लागंज नगर के 89वें स्थापना दिवस पर आयोजित 20वां मां ज्वालादेवी क्रिकेट ट्राफी टूर्नामेंट का तीसरा मैच शनिवार को खांडेकर क्रिकेट अकादमी व स्टेडियम टेनिस के बीच मैच खेला गया। जिसे खांडेकर की टीम ने 39 रनों से मैच अपने नाम किया। रामकली स्टेडियम में खेले गये मैच के दौरान खांडेकर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में सभी विकेट खोकर 147 रन बनाए। जिसमें बृजेंद्र 30 व आकाश में 20 रनों का योगदान दिया। स्टेडियम की ओर से गेंदबाजी करते हुये रोहित व सार्थक ने तीन-तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेडियम टेनिस अपने सभी विकेट खोकर 108 रन ही बना सकी। जिसमें फैजान 43 रनों का योगदान दिया। खांडेकर की ओर से अमृत राज ने चार व रोहित ने तीन विकेट झटके। शानदार गेंदबाजी करने वाले अमृत राज को मुख्य अतिथि रितेश मिश्रा ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर अजय त्रिवेदी, परवेज अहमद, राजेश भारती, सुनील निषाद मौजूद रहे।

खिलाड़ी को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते मुख्य अतिथि।

पुलिस ने फरार वारंटी को दबोचा

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली के देवारा खुर्द गांव निवासी एक आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। जिस पर उसका वारंट जारी हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि देवारा खुर्द गांव निवासी पिंटू पर घर में घुसकर मारपीट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज था। कोर्ट में वह हाजिर नहीं हो रहा था। इस पर उसका गैर जमानती वारंट जारी हो गया। जिस पर दरोगा ज्ञान सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ उसे गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है।

दहेज में दो लाख मांगने पर पति समेत पर पर रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के श्री नगर मोहल्ला निवासी एक युवती की शादी छह साल पहले कानपुर में हुई थी। शादी के बाद ससुरालीजन उससे अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे न देने पर उसे मारा पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। श्री नगर निवासी स्व. राजेन्द्र शर्मा की बेटी नेहा शर्मा ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वर्ष-2018 में उसकी शादी कानपुर मनीराम बगिया निवासी साजन के साथ हुई थी। शादी में उसके परिजनों ने अपनी क्षमता के अनुसार दहेज दिया था। इसके बावजूद ससुराली जन उससे अतिरिक्त दहेज और दो लाख रुपये की मांग करने लगे, न देने पर उसे प्रताड़ित करने के साथ ही घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति साजन, ससुर राजू, सास सुनीता व ननद रिंकी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज की है।

एचटी पोल बदलने को लेकर चार घंटे गुल रही बिजली

शुक्लागंज उन्नाव। शुक्रवार शाम आदर्श नगर गली के बाहर लगे जर्जर एचटी पोल में बंदर कूद गया। जिससे पोल सड़क की ओर झुक गया था। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने सहारा देकर पोल खड़ा कर आपूर्ति चालू कर दी। शनिवार को जर्जर पोल बदलने का काम किया गया। जिस कारण नगर के तीन फीडरों की बिजली गुल रही। जिससे हजारों लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। शाम करीब साढ़े छह बजे नगर पालिका कार्यालय के सामने आदर्श नगर गली के बाहर राजधानी मार्ग पर लगा एक जर्जर एचटी पोल बंदर के कूदने से टेढ़ा होकर सड़क की ओर झुक गया। यह देख क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचना दी। रात के समय पहुंचे बिजली कर्मियों ने नगर की विद्युत आपूर्ति न बाधित हो, इसके लिये दूसरा पोल सपोर्ट में लगाकर किसी तरह आपूर्ति चालू कराई। जिसके बाद शनिवार दोपहर बिजली कर्मी दोबारा पहुंचे और जर्जर पोल को हटाने का काम किया। जिसके बाद नया विद्युत पोल लगाया। काम होने के कारण फीडर एक, दो और पांच की विद्युत आपूर्ति दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक गुल रही।

सेहत का ख्याल | शनिवार को अफसरों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शुरू हुआ अभियान और आगे बढ़ा

बूथ लगा कर खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवाएं

संवाददाता बांगरमऊ/पुरवा/नवाबगंज

अमृत विचार। फाइलेरिया की खतरनाक बीमारी से बचाव के लिए शनिवार से बूथ लगाकर लोगों को इससे बचाव की दवा खिलाई गई। अफसरों व जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शुरू हुए अभियान में लोग लोगों को दवा का डोज दिया गया। साथ ही सभी से दिव्यांगता से बचाव के लिए डोज लेने को भी कहा गया।

बांगरमऊ सीएचसी में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चिकित्सा अधीक्षक डा. मुकेश कुमार ने क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार की पत्नी विभा कटियार को दवा का डोज देकर अभियान का शुभारंभ किया। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि यह अभियान 10 से 28 फरवरी तक निरंतर चलेगा। ब्लॉक स्तर पर 171 टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें 29 सुपरवाइजरों के सुपरविजन में कार्य करेंगी। बताया कि एक टीम रोजाना 25 घरों में जाकर दवा खिलाएगी। बताया कि यह संक्रामक रोग है। इसे हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। अभियान में घर-घर मुफ्त दवा दी जा रही है। ऐसे में स्वास्थ्य कर्मियों के सामने दवा खाना जरूरी है।

फीता काटकर अभियान की शुरुआत करते रवि प्रताप सिंह, अभियान का शुभारंभ करने को फीटा काटने जातीं मुख्य अतिथि।

पुरवा सीएचसी में फाईलेरिया रोधी अभियान के तहत भाजपा ब्लाक प्रमुख सतीश चौधरी व एसीएमओ डा. जयराम सिंह व 28 चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने दवा खाकर अभियान शुरू कराया। एसीएमओ ने कर्मियों को निर्देश दिये कि घर-घर लोगों की लम्बाई व आयु के हिसाब से दवा खिलाएं। सबको मिलकर फाइलेरिया को जड़ से खत्म करके जिले को फाइलेरिया मुक्त कराना हैं। अभियान में 143 टीमें लगी हैं।

नवाबगंज सीएचसी में फाइलेरिया के रोकथाम व नियंत्रण के लिए हर वर्ष अभियान चलाया जाता है। शनिवार को अभियान का शुभारम्भ रवि प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने फाइलेरिया मुक्त भारत के लिए शपथ दिलायी। इस दौरान अधीक्षक डा. राजेश कुमार ने मौजूद लोगों को दवा खाने के लिए प्रोत्साहित किया। राजकीय बालिका इंटर कालेज व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अधिकारियों के साथ पहुंची स्वास्थ्य टीम ने छात्राओ को दवा खिलायी। जिला मलेरिया अधिकारी रमेश यादव ने बताया कि फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है जोकि मच्छर के काटने से होता है। इसलिए अपने आसपास साफ़-सफाई रखें और मच्छरों को पनपने न दें। बताया कि बांगरमऊ में 7,611 लोगों को दवा खिलाई गई। वहीं नवाबगंज में 12,965 लोगों को दवा खिलाई गई।

तहसीलदार ने पकड़ी प्रतिबंधित पेड़ों की कटान

पाटन उन्नाव। बिहार थानाक्षेत्र में छापा मारकर तहसीलदार ने प्रतिबंधित हरे पेड़ों की लकड़ी भरी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया।

बिहार थानांतर्गत वर्षों से हरे पेड़ों की कटाई वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से चल रही है। प्रतिबंधित हरे पेड़ों पर रातों दिन आरा चलने से क्षेत्र में वन संपदा समाप्त होती जा रही है। शिकायत मिलने पर पुलिस व वन विभाग द्वारा इन ठेकेदारों को जुर्माने की रसीद काट कर अभयदान दे दिया जाता है। तहसीलदार अरसला नाज ने बताया कि शनिवार को गांव कल्याणपुर में दुर्गेश द्वारा महुआ का पेड़ मोनू लकड़ी के ठेकेदार को बेचा गया था। सूचना पर वे पहुंची और छापा मारकर महुआ की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर पुलिस के सुपुर्द किया।

बिना स्थगन 55 घंटे से ज्यादा चली बजट सत्र की कार्यवाही

नेता सदन व विपक्ष का स्पीकर ने जताया आभार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



अमृत विचार। उत्तर प्रदेश की 18वीं विधान सभा में एक बार फिर बिना स्थगन के वर्ष-2024 का प्रथम सत्र शनिवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। बजट सत्र के दौरान आहूत आठ उपवेशनों में सदन की कार्यवाही कुल 55 घंटे 09 मिनट तक चली। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री व नेता सदन योगी आदित्यनाथ समेत नेता प्रतिपक्ष व सभी सदस्यों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यवाही के दौरान कुल 2404 प्राप्त प्रश्नों में अल्पसूचित तारांकित प्रश्न दो, स्वीकृत तारांकित प्रश्न 443 तथा अतारांकित प्रश्न 1753 रहे । जिनकी कुल संख्या 2198 रही। वहीं उत्तरित प्रश्नों में तारांकित प्रश्न 75 तथा अताराकिंत प्रश्नों की संख्या 525 रही। इनकी कुल संख्या 600 रही। 2404 प्रश्न (88.14 प्रतिशत) आनलाइन प्राप्त हुए।

गत दो फरवरी से शुरू होने वाले 2024 के प्रथम सत्र में नियम-300 के अंतर्गत कुल सात सूचनाएं प्राप्त हुई, सुनी गयी सूचनाएं तीन, अस्वीकृत सात रही। नियम-301 के तहत कुल 383 सूचनाएं प्राप्त हुई जिनमें 274 स्वीकृत एवं 109 अस्वीकृत हुई।

सत्र के दौरान सरकार से वक्तव्य मांगने वाले नियम-51 के अन्तर्गत 548 सूचनाएं प्राप्त हुई। इनमें वक्तव्य के लिए 25, केवल वक्तव्य के लिए 11, ध्यानाकर्षण के लिए 258 सूचनाएं तथा 254 सूचनाएं अस्वीकार की गयी।

इसी प्रकार इस सत्र में कुल-686 याचिकाएं प्राप्त की गयी। जिसमें ग्राहय याचिकाओं की संख्या 554 रही। सदन की कार्यसूची में सम्मिलित याचिकाओं की संख्या 554, अग्राहय याचिकाओं की संख्या 61, विलम्ब से प्राप्त याचिकाओं की संख्या 71 तथा याचिका देने वाले कुल सदस्यों की संख्या 171 रही।

नियम-103 के अंतर्गत कुल 14 प्रस्ताव प्राप्त हुए जो सभी 14 अग्राहय हुए। विगत सत्रों के चर्चाधीन प्रस्तावों की संख्या 30 तथा सदन में चर्चा के उपरांत वापस/अस्वीकृत, व्ययगत प्रस्तावों की संख्या 18 तथा शेष चर्चाधीन प्रस्तावों की संख्या 12 रही।

पांच विधेयक प्रस्तुत किए गए

- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक,2024
- भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2024
- उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक 2024
- उत्तर प्रदेश लिफ्ट और ऐस्केलेटर विधेयक, 2024
- उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2024 को पारित किया गया।

पूर्व विधायक लुईस को मिला ईडी का नोटिस

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- 15 फरवरी को लखनऊ में ईडी के जोनल मुख्यालय पर किया गया तलब

अमृत विचार। मूल रूप से कायमगंज के पितौरा निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया है । उन्हें 15 फरवरी को लखनऊ स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल मुख्यालय में तलब किया है। बता दें कि लुईस खर्शीद के खिलाफ दो दिन पूर्व बरेली की एमपी-एमएलए न्यायालय ने गैरजमानती वारंट भी जारी किया है ।

वर्ष 2009-10 में लुईस खुर्शीद की डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट को केंद्र सरकार ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और उपकरण बांटने के लिए करीब 71 लाख रुपये की सब्सिडी दी थी । इसमें फर्जीवाड़ा होने पर जनपद बरेली, बुलंदशहर, शाहजहांपुर समेत कई जिलों में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें ट्रस्ट की परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद और सचिव मोहम्मद अतहर फारुकी को नामजद किया गया था । जाकिर हुसैन ट्रस्ट को 17 जिलों में कैंप लगाकर दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और उपकरण बांटने थे। लेकिन

पूर्व विधायक लुइस खुर्शीद। अमृत विचार

कई जिलों में विभागीय अधिकारियों की फर्जी मोहर, हस्ताक्षर बनाकर सरकारी धन हड़प लिया गया । इसकी जांच शासन ने ईओडब्ल्यू को दी थी । वहीं ईडी ने भी पुलिस में दर्ज मुकदमों के आधार पर ट्रस्ट व उसके पदाधिकारियों के खिलाफ मनी लॉन्डिंग का मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को नोटिस देकर तलब किया है। पूर्व विधायक लुइस खुर्शीद के राज नैतिक सचिव डाक्टर फरीद बैग चुगतई ने बताया कि ईडी ने जाकिर हुसैन ट्रस्ट से सम्बंधित कुछ पेपर मांगे हैं। उन्हें ईडी को सौंप दिया जाएगा।

नन्ही परियों से बोलीं तापसी पन्नू खूब पढ़ो-लिखो और आगे बढ़ो

संवाददाता, रामनगर बाराबंकी

- गांव के सरकारी स्कूल में तापसी पन्नू ने की बच्चों के साथ मस्ती
- डांस किया, बैडमिंटन खेला शैक्षिक सामग्री बांटी, पूछा पढ़ाई का हाल-चाल

अमृत विचार। बॉलीवुड की चर्चित हीरोइन तापसी पन्नू बाराबंकी पहुंची। उन्होंने यहां के सरकारी विद्यालय में बच्चियों से मुलाकात की और उन्हें शिक्षा व खेल के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। तापसी पन्नू ने बच्चियों को शैक्षिक सामग्री दी। उनके साथ डांस किया और उनसे कहा कि पढ़-लिखकर आगे बढ़ो।

दरअसल, वह एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। इसके लिए वे गरीब तबके की बच्चियों को गोद लेकर उनके शैक्षिक विकास को लेकर सहयोग करती हैं। इसके तहत वे बिना किसी तामझाम और सुरक्षा के जिले के रामनगर विकासखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय गर्री पहुंचीं। जहां शिक्षा विभाग के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय गर्री में आफ्टर स्कूलिंग बच्चियों को 2 घंटे फ्री ट्यूशन दिया जाता है। इसमें यहां के छह सरकारी स्कूलों गर्री, लैन, लोनारमठ, बरियारपुर, बिंदौरा, परसपुर और बहलोलपुर की 60 बच्चियां शामिल हैं। इन बच्चियों से मिलने वे हर साल आती हैं। साथ ही उनके परिवार और बाकी बच्चों को मोटिवेट भी करती हैं।

प्राथमिक विद्यालय गर्मी में बच्चों के साथ फिल्म अभिनेत्री तापसी पन्नू। अमृत विचार

विद्यालय पहुंचने के बाद उन्होंने बच्चियों से उनकी पढ़ाई का हाल पूछा। मुलाकात के दौरान उन्होंने इन बेटियों को अमर चित्र कथा की किताबें, रैकेट और शैक्षिक सामग्री उपहार में दी।

शैक्षिक सामग्री वितरित करने के बाद, उन्होंने पूरे स्कूल का जायजा लिया। इतना ही नहीं, कक्षा के अंदर बच्चियों ने जहां उनके साथ डांस किया, वहीं साथ में जमीन पर बैठकर साथ में फोटो भी खिंचवाई। इसके अलावा उनके साथ बैडमिंटन भी खेला। तापसी पन्नू का कहना है कि मैं इन बच्चियों को डाक्टर, इंजीनियर और टीचर के साथ ही जो भी यह बनना चाहें, उन्हें बनाना चाहती हूं। मैं इनके साथ हूं। क्योंकि अगर आप एक आदमी को शिक्षा देते हैं तो आप एक व्यक्ति को शिक्षित कर रहे हैं, लेकिन अगर आप एक बेटी को शिक्षा देते हैं तो आप पूरे देश को शिक्षित करते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्ची, किशोरी या युवती शिक्षा से वंचित न रहे।

चुनावी मजबूरी में भाजपा बांट रही है भारत रत्नः स्वामी प्रसाद

संवाददाता, रायबरेली

- सिविल लाइन पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

अमृत विचार। देश की तीन महान विभूतियों को सरकार द्वारा भारत रत्न दिए जाने के बाद सपा नेता विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने तंज कसा है। उन्होने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी समय में ही क्यों घोषणा की। उन्होने कहा कि राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले चौधरी चरण सिंह व आर्थिक विकास में अहम योगदान देने वाले नरसिम्हा राव को पहले भाजपा ने क्यों नही सम्मान दिया। अब चुनावी मजबूरी में उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। वह लखनऊ से ऊंचाहार एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद ने कहा कि पूर्व में भी भाजपा की सरकार रही है। लेकिन पहले उनके कार्यों की आलोचना होती थी लेकिन अब बखान करना पड़ रहा है। इस दौरान अपने ऊपर हो रहे हमलों को लेकर कहा कि वह भाजपाई है, उन पर कैसे अंकुश लगेगा।

आज चार घंटे रामनगरी में योगी सरकार

अयोध्या कार्यालय

- फूलों से सजी 10 लग्जरी बसों से आएंगे सभी मंत्री और विधायक, बजेगी रामधुन
- हनुमानगढ़ी में पूजा-अर्चना कर रामलला के दरबार में लगाएंगे हाजिरी

अमृत विचार : रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए योगी सरकार के सभी मंत्री और विधायक आज 10 लग्जरी बसों से रामनगरी आएंगे। फूलों से सजी बसों में रामधुन बजेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर के आसपास अयोध्या एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। उनके साथ मंत्रिमंडल के सहयोगियों के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी रहेंगे। योगी सरकार करीब चार घंटे रामनगरी में रहेगी।

उप सूचना निदेशक/प्रभारी मीडिया सेंटर लोकभवन डॉ. मुरलीधर सिंह ने बताया कि बसों की व्यवस्था व्यवस्था परिवहन मंत्री द्वारा विशेष रूप से की गयी है। मंत्रियों और विधायकों को लेकर बसों का काफिला 11 फरवरी की सुबह करीब आठ बजे विधान भवन लखनऊ से अयोध्याधाम यात्रा के लिए रवाना होगा। जो करीब 11 बजे अयोध्या धाम पहुंचेगा। यहां हनुमानगढ़ी में सभी पूजा-अर्चना करने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे रामलला के दर्शन करने जाएंगे। रामलला का दर्शन-पूजन करने के बाद भोजन करेंगे।इसके बाद काफिला बसों से ही लखनऊ के लिए रवाना हो जाएगा। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि हाईवे और जिले के सभी संबंधित थाना पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

रामजन्मभूमि परिसर में ही सभी करेंगे भोजन

सभी मंत्री और विधायक विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामजन्मभूमि परिसर में ही दोपहर का भेजन करेंगे। हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन-पूजन के बाद दोपहर दो बजे से तीन बजे तक का समय भोजन के लिए निर्धारित किया गया है।

पूर्व राज्यमंत्री के बेटे पर हुई फायरिंग, घायल गनर रेफर

संवाददाता, सुलतानपुर

- अखण्डनगर थाना के नेमपुर में देर रात हुई वारदात

अमृत विचार। पूर्व राज्यमंत्री के बेटे व उनके निजी गनर पर अखण्डनगर थाना के नेमपुर घाट के पास एक दुकान पर विपक्षियों ने फायरिंग कर दी। हमले में गनर गंभीर से घायल हो गया। उसे अम्बेडकरनगर मेडिकल कालेज ले जाया गया। वहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

अखण्डनगर थाना क्षेत्र के कुंदाभैरवपुर गांव निवासी पूर्व राज्यमंत्री राणा अजीत सिंह के बेटे अभिजीत प्रताप सिंह व उनके निजी गनर जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के बंधगांव निवासी 24 वर्षीय सुदीप सिंह नेमपुर बाजार में एक दुकान पर बैठे थे। बताया जाता है कि तभी उनके विरोधी पक्ष के कुछ लोग भी वहां आ गए। दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई। फिर बात बढ़ गई। इसके बाद विपक्षियों ने अभिजीत व उनके निजी गनर सुदीप सिंह पर फायिरंग कर दी। रीढ़ में गोली लगने से सुदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि अभिजीत बाल-बाल बच गए। फायरिंग होने के बाद वहां अफरातरफरी मच गई। घायल सुदीप को अम्बेडकरनगर मेडिकल कालेज ले जाया गया।

ट्रक की टक्कर से चाचा-भतीजे की मौत

तिर्वा-कन्नौज। थाना ठठिया के लक्ष्मनपुर सिमरिया गांव निवासी दिव्यांशु (28) पुत्र महेश चंद्र शुक्रवार को सौरिख क्षेत्र के पूर्वगांव निवासी बहन पिंकी के यहां भागवत कथा के समापन पर आयोजित भंडारे में गया था। देर रात भंडारा समाप्त होने के बाद वह अपने चाचा प्रेम चंद्र (35) पुत्र राजाराम के साथ बाइक से वापस लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार इंदरगढ़ थाना के विशैनेपुरवा गांव के सामने पहुंची तो तो अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रक ने बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे मे बाइक सवार दोनों घायल हो गए जिन्हे मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पत्नी पर फायर कर खुद को गोली मारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पत्नी से चल रहा था विवाद मायके में रह रही थी

अमृत विचार। बुआ के घर सदर कोतवाली के गांव सलेमपुर तारा बॉगर आई पत्नी पर फायर करने के बाद युवक ने खुद को गोली मार ली। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच छानबीन की। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के पिता ने बहू और उसके रिश्तेदारों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम हाउस में हंगामा काटा।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बधवा निवासी अमित पाल (28) पुत्र राम विलास का पत्नी विमलेश कुमारी से विवाद चल रहा था। इसी के चलते पत्नी गांव छोड़ कर चार वर्षीय पुत्री के साथ सरायमीरा के देविन टोला में किराये के घर पर रहने लगी। इसके बाद अपने मायके मैनपुरी के थाना वेवर गांव वरहा जाकर रहने लगी।

मृतक की पत्नी से जानकारी लेते सीओ।

शुक्रवार को वह जिला अस्पताल में दवा लेने जाने को सलेमपुर तारा बांगर गांव निवासी बुआ गंगा देवी के घर आई थी। इसकी जानकारी पर पति अमित शनिवार को दिन के 11 बजे के गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी अपने दोस्त राम खिलावन पुत्र सोवरन के ऑटो पर बैठकर सलेमपुर गांव पहुंच गया। घर में घुसते ही उसने देसी तमंचा 315 बोर निकाल कर पत्नी विमलेश पर फायर किया। गोली चलते ही वह जमीन पर गिर गई। इससे गोली उसके दोनों पैरों के बीच से निकल गई।

इधर पत्नी पर गोली चलाने के बाद अमित छत पर गया और उसी तमंचे से कनपटी में गोली मार ली। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने से मौके पर हड़कंप मच गया। गांव से लोगों की भीड़ भी मौके पर जुट गई।

पुलिस भर्ती : परीक्षा को लेकर सुरक्षा की तैयारियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर भर्ती की परीक्षा को लेकर सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने शनिवार को बैठक कर सुरक्षा संबंधित प्रबंध की बाबत अफसरों को दिशा-निर्देश जारी किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ प्रश्न-पत्रो और उत्तर पुस्तिकाओं को केंद्र पर ले जाने और लाने के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने के निर्देश दिए।

सभी जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को दो-दो पालियों में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 4817441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। उन्होंने परीक्षा के तिथि को जिला और कमिशनरेट में कुल परीक्षार्थियों की संख्या के हिसाब सुरक्षा इंतजाम करने के कहा। महत्वपूर्ण हॉट-स्पॉट पर क्यूआरटी टीमों की तैनाती का निर्देश दिया। उन्होंने सबंधित जिले के डीएम के अलावा अन्य विभागो से समन्वय बनाने पर जोर दिया। रेलवे-मेट्रो स्टेशन, बस-टैक्सी स्टैंड तथा होटल-रेस्टोरेंट पर भीड़ प्रबंधन के लिए राजपत्रित अधिकारियों एवं मजिस्ट्रेट की संयुक्त रुप से ड्यूटी लगाने के साथ ही वहां पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग कराए जाने के निर्देश दिया। बैठक में आला अधिकारी मौजूद थे।

सांड़ ने बाइक सवार को पटका, मौत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। हाईवे पर घूम रहे सांड़ ने बाइक सवार युवक को पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए फर्रुखाबाद ले गए, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। युवक गुरसहायगंज में एक शादी-समारोह में शामिल होकर घर लौट रहा था।

बिलाल।

शहर के मोहल्ला चौधरियान 32 वर्षीय बिलाल पुत्र हाजी जमाल सिद्दीकी शुक्रवार की देर शाम गुरसहायगंज में एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहा था। पत्नी और बच्चों को वह वहीं छोड़ आया था। बताया गया कि पूर्वी बाईपास पर हाईवे पर खड़े सांड़ के पास से वह जैसे ही निकला तो उसने हमला बोल दिया, जिससे वह बाइक समेत वहीं गिर गया। इसके बाद सांड़ ने उसे उठाकर पटक दिया। आसपास के दुकानदारों ने शोर मचाया तो सांड़ भाग गया।

मृतक के घर में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

गंभीर रूप से घायल बिलाल को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजन उसे फर्रुखाबाद ले गए, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

सियासत | देवीपाटन मंडल में संसदीय चुनाव की सरगर्मियां तेज

पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में फंसी चार लोकसभा सीटें

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार : देवी पाटन मंडल के चारों जिलों में चार लोकसभा सीटें हैं। इनमें एक पर बसपा तो तीन पर भाजपा के सिटिंग सांसद हैं। लेकिन अन्य दलों की अपेक्षा भाजपा पब्लिक अप्रूवल रेटिंग को आधार बनाकर अपना प्रत्याशी तय करने के मूड में दिख रही है। भाजपा के जानकारों का मानना है कि तीन स्तर से तय रिपोर्टों के मिलान के बाद प्रत्याशी तय होंगे। इसमें बदलाव की भी गुंजाइश है। माना जा रहा है कि इसी माह के अंत तक चुनाव की तारीख तय हो सकती है और प्रत्याशियों के नामों की घोषणाएं भी। ऐसे में भाजपा में अधिक मारामारी है। सपा व बसपा में बहुत कम नाम ही हैं जो लोगों के बीच चर्चा में हैं लेकिन भाजपा में मोदी की गारंटी वाली सीट पर चुनाव लड़ने वालों की लंबी फेहरिस्त है।

गोंडा लोकसभा सीट पर मनकापुर राजघराने के कीर्तिवर्धन सिंह सिटिंग सांसद हैं। यहां से कीर्तिवर्धन सिंह, कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह या उनके बेटे प्रतीक भूषण, गौरा विधायक प्रभात वर्मा, मेहनौन के विधायक विनय कुमार द्विवेदी, महेश नरायन तिवारी, पुष्कर मिश्रा, पीयूष मिश्रा का भी नाम चर्चा में है। गोंडा लोकसभा में गोंडा जिले की चार गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर व गौरा तथा बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। यहां का जातीय समीकरण भी अब बदला है। इसमें सबसे अधिक वोटर पिछड़ा वर्ग है जिसमें सबसे अधिक कुर्मी व यादव हैं। इसके बाद मुस्लिम मतदाता हैं। ब्राह्मण निर्णायक भूमिका में है। तीन लोकसभा गौरा, मेहनौन व उतरौला में कुर्मी तथा मुस्लिम मतदाता निर्णायक होते रहे हैं। यहां सपा से

सूरज सिंह, कांग्रेस से पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह के नाम की भी चर्चा है। इंडिया गठबंधन होने पर यहां सपा या कांग्रेस में किसी एक को ही मौका मिल सकता है। बसपा से अभी किसी नाम की चर्चा सामने नहीं आई है।

बगल में कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र हैं जहां 2009 से बृजभूषण शरण सिंह लगातार सांसद हैं। मौजूदा समय वह भाजपा के कद्दावर नेताओं में हैं और कैसरगंज से उनकी दावेदारी पक्की मानी जा रही है लेकिन पार्टी के सर्वे में उनकी पब्लिक अप्रूवल रेटिंग बेहतर है लेकिन विवादों का साया रहने के कारण इस सीट के भी बदलाव के सुर गूंज रहे हैं। यहां भी भाजपा के कई दिग्गजों का नाम चर्चा में है। इस लोकसभा क्षेत्र में गोंडा जिले की तीन तरबगंज, करनैलगंज, कटरा बाजार तथा बहराइच जिले की कैसरगंज व पयागपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। पयागपुर, कटरा बाजार व तरबगंज विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों का दखल अधिक माना जा रहा है जबकि सरयू के कछार पर यादव वोटरों का भी अधिक महत्व है। समाजवादी पार्टी से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, कैसरगंज के विधायक आनंद यादव के नाम पर भी जोर आजमाइश चल रही है।

बहराइच सुरक्षित सीट पर भाजपा के अछैवर लाल गौड़ सांसद हैं। लेकिन इस बार उनकी आयु सीमा क्रास करने की चर्चा है। इस सीट पर बलरामपुर सदर सीट से विधायक पल्टूराम सहित आधा दर्जन लोगों के नाम की चचा है। माना जा रहा है कि अछैवर लाल गौड़ 70 प्लस हैं और उनकी जगह किसी दूसरे को मैदान में उतारा जा सकता है। चौथी सीट बलरामपुर-श्रावस्ती की है। इसमें तीन विधानसभा बलरामपुर, तुलसीपुर, गैसड़ी तथा श्रावस्ती की दो विधानसभा क्षेत्र को जोड़कर यह सीट बनी है। पिछले चुनाव में भाजपा से दद्दन मिश्रा को लड़ाया गया था लेकिन आपसी खींचतान में वह हार गए थे और बसपा से राम शिरोमणि चुनाव जीते थे। इस बार इस सीट से आधा दर्जन लोगों ने अपनी पैरवी तेज कर दी है। भाजपा से दद्दन मिश्रा, इकौना के विधायक राम फेरन पांडेय, साकेत मिश्रा, शेरावाली शुक्ला, ललिता सिंह, तुलसीपुर के विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, प्रकाश चंद्र मिश्रा के नामों की भी चर्चा है। इसी तरह सपा से मसूद आलम खां, भीष्म शंकर तिवारी, कांग्रेस से विनीता यादव, पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह है।

कॉलेज-घर सहित 45 करोड़ की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- माफिया अनुपम दुबे के खिलाफ की गई कार्रवाई

अमृत विचार। जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने माफिया अनुपम दुबे का घर और डिग्री कालेज सहित कुछ खेत भी कुर्क किये हैं। माफिया के गांव में सन्नाटा पसरा है।

तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार,नायब तहसीलदार सनी कनौजिया, थाना मऊदरवाजा के थानाध्यक्ष आमोद कुमार, कोतवाल मोहम्मदाबाद मनोज कुमार भाटी, नवाबगंज थानाध्यक्ष जेपी शर्मा आदि कई थानों की पुलिस नें सहसापुर स्थित महेश दुबे अपूर्वा महाविद्यालय के साथ ही गाँव में बने आलीशान घर पर भी सरकारी ताला लगा दिया गया।

डिग्री कालेज और घर सहित कुल लगभग 45 करोड़ की सम्पत्ति शनिवार को कुर्क की गई । जबकि पूर्व में माफिया और उसके परिवार की 198 करोड़ 73 लाख की सम्पत्ति कुर्क की जा चुकी है । मौके पर अनुराग दुबे पत्नी अर्चना दुबे मौजूद रहीं ।

कार्यवाही मोहम्मदाबाद में दर्ज मुकदमें के क्रम में की गयी है। तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय नें बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के चलते डिग्री कालेज और कुर्क किया गया है। जिलाधिकारी से वार्ता कर विद्यालय के संचालन किस तरह से हो इसका रास्ता निकाला जायेगा। लोक सेवकों के माध्यम से विद्यालय चलाया जा सकता है।

पांच साल की बच्ची से दो छात्रों ने किया दुष्कर्म

धानेपुर, गोंडा : जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्ष की मासूम संग सामूहिक दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है स्कूल के दो छात्रों ने इस हैवानियत को अंजाम दिया है। दोनों की उम्र 10 वर्ष और 8 वर्ष बतायी जा रही है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और घटना की छानबीन में जुटी है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले सख्श के मुताबिक उसकी पांच साल की बेटी गांव के बगल स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा है। शुक्रवार को वह पढ़ने के लिए स्कूल गयी थी। स्कूल में उसके साथ दो छात्रों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। स्कूल से वापस लौटने के बाद जब मासूम ने परिजनों से दर्द की शिकायत की और घटना की जानकारी दी। सुनकर परिवार के लोग सन्न रह गए।

प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है।

ऋतुराज वसंत आ गए। सुस्वागतम! आओ वसंत । लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरूण तरूण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गए। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां है। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का 'वृहत्साम'। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है।

वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गए? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरूष रूप में कल्पित किया गया है झारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरूष मजेदार है। यह पुरूष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरूष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।" सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं "सृजन यज्ञ में यही पुरूष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।" वसंत ऋग्वेद में है। इतना तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरूष सूक्त से प्राचीन है। पुरूष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। द्रष्टाभाव से उगे सौन्दर्य बोध का चरम परम वसंत है।

प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का संबंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे।

प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ0 1.90) में कहते हैं "हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।" वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है। ऋग्वेद और उसके पहले से ही यह अनुभूति लोकजीवन को रस आपूरित करती आई हैं। रस का यह स्रोत कभी रीता नहीं हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण में वसंत आगमन पर देवता भी आनंदमगन बताए गये हैं।

माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी वसंत स्वागत की मुहूर्त है। यही वाग्देवी सरस्वती के उदय होने की वेला है। भारतीय प्रज्ञा की आराध्य हैं सरस्वती। वे हंसवाहिनी हैं। वीणावादिनी हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में वे एक नदी हैं। ऋग्वेद के ऋषियों की नदीतमा। उन्हीं की गोद में और उनका जल रस पीते भारतीय दर्शन ने अपनी काया और कान्ति पाई। इन्हीं के तट पर गायत्री जैसे अनेक मंत्र उगे। वैदिक ऋषियों ने सरस्वती को मां जाना। यहीं यज्ञ चले, यज्ञ अग्नि से साक्षात्कार हुए ऋषियों के। सरस्वती पुत्रों को 'भरतजन' नाम मिला सरस्वती तट पर। यहीं इसी तट पर अग्निधर्मा सत्य अभीप्सा 'भारत' कहलाई-तस्माद् अर्ग्निभारत। फिर यही सरस्वती नदी रूप में विलुप्त हो गयीं। वैलेन्टाइनी सरस्वती को कल्पना मानते थे। अब सरस्वती का अस्तित्व सिद्ध हो चुका है। सरस्वती ने भारत के मन को नीर-क्षीर विवेकी बनाया। वाग्देवी सरस्वती विवेक की अधिष्ठात्री बनी। वसंत की मस्ती में विवेक का अनुशासन जरूरी है। सोम मस्ती है और ओम् जागरण। परंपरा में दोनो हैं। वसंत के साथ सरस्वती का भी उगना सकारण है। वसंत अप्रतिम सौन्दर्यबोध है तो सरस्वती अप्रतिम आत्मबोध। जगत् में रस आपूरण है। इस रस का अजर अमर और अक्षय रस स्रोत महारस है। तैत्तिरीय के ऋषि ने उसे 'रसो वे सः' गाया है।

वसंत वैदिक मंत्रों में है। परवर्ती साहित्य में है। कालिदास के सृजन में प्रकृति की यह तरूणाई मोहक है। हिरणी हिरण की पीठ सींग से खुजलाती है। वसंत विह्वल नायिका इरावती नायक अग्निमित्र को पुष्प गुच्छ भेजती है। तुलसीदास संत थे। वसंत ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। तुलसी की अनुभूति में वसंत प्रभाव मुर्दो को भी हिला देता है-"जागे मनोभव मुएंहु मन वन सुभगता न परे कही।" श्रीराम मंगल भवन हैं, अमंगलहारी हैं। मर्यादा पुरूषोत्तम भी हैं। लेकिन कविता में वे भी वसंत खेलते हैं-खेलत वसंत राजाधिराज। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हमारे गांव के पड़ोस के। उनकी वसंत अनुभूति का क्या कहना? गाया है "वर्ण गंध धर मधुमरन्द भर तरू-उर की अरूणिमा तरूणतर।" कालिदास, जैसी वसंत अनुभूति को आज हम सोच भी नहीं सकते। निराला के पड़ोसी होकर भी हम लोग वसंत रस का स्वाद नहीं पाते। क्या करें? सोशल नेटवर्किंग में वसंत गंध की कोई जगह नहीं। चैटिंग का बतरस है। बात का बतंगड़ है। अब "सखि वसंत आया" जैसी शब्द धुन की फिक्र किसको है।

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है। ऋत अन्तस् प्रवाह है और ऋतु इसी छन्दबद्ध प्रवाह का चेहरा। गतिशील जगत् में ऋत के कारण परिवर्तन आते हैं। भारत में मोटे तौर पर 6 ऋतुएं हैं। लेकिन मस्त वसंत ऋतुराज हैं। वसंत स्वयं मस्त है, मस्ती देते भी हैं। वे ऐसे वैसे मनमोहन नहीं हैं। वे जैसे मनमोहन हैं, प्रकृति के हरेक अंग को वैसी ही मनमोहन तरंग से भर देते हैं। वे सृष्टि के सभी घटकों को नृत्य तरंग और उमंग देते हैं। वसंत भारतीय लोकजीवन का उल्लास हैं। शुद्ध भौतिक लेकिन रस आपूरण में परिपूर्ण आध्यात्मिक भी। वसंत सनातन हैं, पुरातन हैं और हर बरस नित नए भी हैं। प्रज्ञा और मस्ती के परम्परा प्रवाह को गति देते हैं। शुभकामना है कि यह वसंत आप सबको नवउमंग और नवतरंग के उल्लास से भरे।

रत्नों की बारिश

> मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यहां हम हीरा मोती पन्ना आदि रत्नों की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन भारतरत्न सम्मानों की कर रहे हैं, जिनकी सद्यः बरसाती झड़ी लग गई है। नरेंद्र मोदी के द्वारा 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनकी सरकार द्वारा अब तक 10 विभूतियों को यह प्रदान किया गया या जाएगा। इसमें कालखंडों के अनुसार वितरण बहुत असामान्य है। पांच सम्मान साढ़े नौ साल में, शेष पांच एकदम से पंद्रह दिन के अंदर, और वह भी 26 जनवरी को होने वाली सामान्य घोषणाओं में शामिल न किए जाकर, बाद में रुक-रुक कर, कुछ सोच-सोच कर। वैसे गृह विभाग के नियमों के अंतर्गत एक वर्ष में तीन ही ऐसे सम्मान दिए जा सकते हैं। लगता है इनका संबंध आसन्न लोकसभा चुनावों की गणित से है और भाजपा को 'रामास्त्र' पर पूरा भरोसा नहीं है, गर्वोक्ति चाहे जितनी करें। यहां हम अभी घोषित चौधरी चरणसिंह के नाम की विवेचना कर रहे हैं, जिसका सीधा संबंध उत्तर प्रदेश से है। चरणसिंह की धूमिल विरासत उनके पौत्र जयंत चौधरी ढो रहे हैं और उनके पितामह को यह सम्मान देकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जाट बेल्ट में वोटों की तलाश माना जा रहा है।

विगत में कथित किसान आंदोलन में राकेश टिकैत द्वारा सड़कें घेरने से सरकार को घुटने टेकने पड़े थे और तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े थे, भाजपा का इस पट्टी में असर क्षीण हुआ और इधर रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी 'अखिलेश से ताल मेल कर रहे थे। ऐसे में इस पट्टी को साधने के लिए जयंत को लोकसभा टिकट, उनकी पत्नी को राज्यसभा प्रवेश और उनके बाबा को भारत रत्न देकर अखिलेश के पाले से खींचा गया है। दांव कितना कारगर होगा, यह समय बताएगा। वैसे चौधरी चरणसिंह दल बदल प्रथा के जनक माने गए हैं और उन्हें लोग 'चेयरसिंह' कहने लगे थे। उत्तर प्रदेश में उन्होंने अपनी ही चन्द्रभानु गुप्त सरकार गिराई थी, जब उनके चहेते दो व्यक्ति उदित नारायण शर्मा और जयराम वर्मा को गुप्त जी ने मंत्री नहीं बनाया था। चौधरी साहब ने चलते सदन में 17 विधायक लेकर फ्लोर क्रास की थी। यही नहीं केंद्र में भी अपनी मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

इंदिरा ने तुरंत समर्थन वापस ले लिया और ये लोकसभा फेस नहीं कर पाए और इस्तीफा देना पड़ा। यानी देश के इतिहास में एक ऐसा प्रधानमंत्री भी हुआ, जिसका सदन में एक क्षण को भी बहुमत नहीं रहा। हालांकि उन्होंने कहा था, 'मेरी तमन्ना पूरी हुई और हर व्यक्ति को इस पद की चाहत रखनी चाहिए'। भाजपा के पुरखे अटलविहारी बाजपेयी और कांग्रेस से हटे बाबू जगजीवनराम ने तब चुटकी लेते हुए कहा था, "बुजुर्ग की तमन्ना पूरी हुई"।

मनुष्य का धर्म, मनुष्यता यानी नैतिकता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती।

धर्मो रक्षति रक्षितः धर्म की रक्षा करो तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा? वाह, क्या बात है! माने धर्म लेन-देन की चीज़ है, कोई कॉन्ट्रैक्ट है-एक हाथ दो, दूसरे हाथ लो। इस श्लोकांश ने बहुत भ्रम फैलाया है। पूरा श्लोक है-धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्म हतोऽवधीत्॥ (मनुस्मृति 8:15) (धर्म नष्ट होने पर (पालन न किए जाने पर) नष्ट करता है और रक्षित होने पर रक्षा करता है। इसलिए धर्म को नष्ट नहीं करना चाहिए (उसका उल्लंघन नहीं करना चाहिए) ताकि नष्ट हुआ धर्म हमें नष्ट न कर दे।) तो धर्म की "रक्षा" का एकमात्र अर्थ है धर्म का पालन। धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती। और 'धर्म' का पालन कैसे होता है? पूजा-पाठ करके, ईश्वर-नाम का जप करके, यज्ञ-हवन करके? नहीं। यह सब मनोपचार है। हमारे मन की शांति और सुस्थिरता के लिए है। हम नियमित पूजा-पाठ करते रहें, ईश्वर का नाम जपते रहें और कोई छुरा लेकर हमारा गला काटने आ जाए तो धर्म कहीं से प्रकट होकर उसका छुरा छीन लेगा और उसे पटककर लतियाना शुरू कर देगा? आपको नहीं लगता, ऐसा कुछ होने वाला नहीं, यह शुद्ध अंधविश्वास है? तो अपनी रक्षा का इंतज़ाम हमें स्वयं करना पड़ेगा। किंतु असली 'धर्म' का पालन करने से असुरक्षा का ख़तरा कुछ कम अवश्य हो सकता है, बशर्ते वह असली धर्म हो। सवाल है असली धर्म क्या है? मनुस्मृति बहुत बदनाम ग्रंथ है, फिर भी कहां लिखा है कि बदनाम लोगों या बदनाम चीज़ों में कोई अच्छी बात हो ही नहीं सकती।

मनुस्मृति में ही धर्म के लक्षण देख लीजिए- धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रि यनिग्रहः। /धीर्विद्या सत्यीमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। (मनुस्मृति, 6.92)

(धैर्य, क्षमा, आत्मनियंत्रण, अस्तेय (किसी चीज़ की चोरी न करना), शौच (भीतर-बाहर से पवित्र रहना), इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियों को भटकने से रोकना), बुद्धिमत्ता (विवेकशीलता), विद्या (ज्ञानार्जन करना), सत्य, और क्रोध पर क़ाबू रखना, धर्म के यही दस लक्षण हैं।) यानी धर्म माने नैतिकता-पूजा-पाठ नहीं। हम आत्मनियंत्रण रखें, चोरी न करें, इंद्रियों को भटकने से रोकें, विवेकशील बनें (आत्मरक्षा भी विवेकशीलता में शामिल नहीं है?), सोच-समझकर सत्य ही बोलें, क्रोध पर क़ाबू रखें तो हमारी रक्षा की संभावना अधिक नहीं होगी? धर्म माने वह जो मनुष्य को पशुओं से पृथक करता है, उनसे बेहतर बनाता है- आहारनिद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।

धर्मो हि तेषामधिको विशेषः धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥ (महाभारत, शांति पर्व, 264.26) यानी धर्म माने नैतिक-बोध, विवेक, परिस्थिति विशेष में ग़लत-सही का निर्णय करने की क्षमता और तदनुरूप व्यवहार करने की प्रवृत्ति। अतिसंक्षेप में धर्म माने-श्रूयतां धर्मसर्वस्वं, श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।/आत्मनः प्रतिकूलानि, परेषां न समाचरेत्।। (पद्मपुराण, सृष्टि खण्ड, 19.357)(धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ। जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ नहीं करना चाहिए।) जी हां, धर्म का व्याकरणिक या व्युत्पत्तिमूलक अर्थ भी हमें इसी निष्कर्ष तक ले जाएगा। 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' यही न? क्या मतलब हुआ इसका? धर्म वह है जो लोक को, ब्रह्मांड को धारण करता है (पूजा-पाठ नहीं)। सवाल है हमारे लिए, मनुष्य के लिए धर्म क्या है? बहुत सोचिए, बहुत विचारिए किंतु जवाब वही मिलेगा। मनुष्य का धर्म मनुष्यता यानी नैतिकता। यानी धैर्य, क्षमा, इंद्रियों पर, मन पर नियंत्रण वगैरह। यानी दूसरों के साथ वैसा न करना जैसा हम दूसरों से नहीं चाहते। तभी धर्म इस मनुष्य लोक को धारण कर पायेगा। बाक़ी उसे और भी बहुत कुछ धारण करना है। पृथ्वी की गति, सूर्य, चंद्रमा, हमारी आकाश गंगा नामक नीहारिका के अनन्त सूर्य, उनके अनंत ग्रह-उपग्रह, फिर अनंत नीहारिकाएं, उनके सूर्य, उनके ग्रह-उपग्रह... सबको धारण करना है, अपनी-अपनी जगह, अपने-अपने काम में लगाए रखना है। हमें और आपको छुरेबाज़ों से बचाने की फ़ुरसत है 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' वाले धर्म को? यह भी है कि आदमी ख़ुद तो नैतिक बन सकता है किंतु दूसरों को नैतिक कैसे बनायेगा? नहीं बना सकता। लेकिन पहले ख़ुद नैतिक बने तभी न दूसरों से नैतिक बनने की अपेक्षा कर सकता है।

सभी लोग नैतिक कभी नहीं होंगे। कुछ लोग उन्माद में बह जाएंगे। धर्मांधता में ग़लत को सही समझ लेंगे। उनसे रक्षा के लिए ही राज्य नाम की संप्रभु संस्था है जिसके पास मनुष्य के अनैतिक आचरण- उसकी अपराध-वृत्ति, उसके उन्माद, उसकी धर्मांधता से-हमारी-आपकी रक्षा के लिए एक विशद और ख़र्चीला अधिष्ठान है जो हमारे-आपके पैसे (कर) से चलता है। राज्य के प्रतिनिधि ठीक से काम नहीं करते, ख़ुद अनैतिक आचरण करते हैं, अनैतिक लोगों से मिल जाते है और उन्हीं की मदद करने लगते हैं? इसी का उपाय है जनतंत्र, जनतांत्रिक प्रक्रिया से राज्य के प्रतिनिधियों का चयन। यह काम भी ठीक से नहीं होता? कौन गड़बड़ करता है? हम और आप ही उसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं? फिर तो भगवान् ही मालिक हैं। और कोई उपाय नहीं।

महर्षि वाल्मीकि के वर्ण को लेकर भ्रांति और यथार्थ

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

महर्षि वाल्मीकि को प्राचीन वैदिक काल के महान ऋषियों कि श्रेणी में प्रमुख स्थान प्राप्त हैं। वह संस्कृत भाषा के आदि कवि तथा आदि काव्य 'रामायण' के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके वर्ण (जाति) को लेकर जनमानस में व्याप्त भ्रान्ति का निराकरण स्वयं वाल्मीकि द्वारा किया गया है। महर्षि वाल्मीकि अपना परिचय श्रीराम को देते हुए कहते हैं " प्रचेतसोऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन।" (वाल्मीकि रामायण 7/96/18) अगले श्लोक में वे महर्षि भृगु के कुल में जन्म लेने की पुष्टि करते हैं। संनिबद्धं हि श्लोकानां चतुर्विंशत्सहस्र कम्। उपाख्यानशतं चैव भार्गवेण तपस्विना।। (वाल्मीकि रामायण 7/94/25) ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लेख है-कति कल्पान्तरेऽतीते स्रष्टुः सृष्टिविधौ पुनः। /यः पुत्रश्चेतसो धातुः बभूव मुनिपुङ्गवः।।/तेन प्रचेता इति च नाम चक्रे पितामहः।।-अर्थात्: कल्पान्तरों के बीतने पर सृष्टा के नवीन सृष्टि विधान में ब्रह्मा के चेतस से जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसे ही ब्रह्मा के प्रकृष्ट चित्तसे आविर्भूत होने के कारण प्रचेता कहा गया है। मनुस्मृति में ब्रह्माजी द्वारा प्रचेता इत्यादि 10 महर्षियों के जन्म के विषय में लिखा है। अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।/ पतीत् प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश।। (मनु०-1/34-35)

महाभारत में भी महर्षि वेदव्यास ने महर्षि वाल्मीकि के भार्गव कुल में उत्पत्ति के विषय में लिखा है - श्लोकश्चापं पुरा गीतो भार्गवेण महात्मना।/ आख्याते रामचरिते नृपति प्रति भारत।। (महाभारत 12/57/40) विष्णु पुराण इनका एक नाम ऋक्ष भी आया है-ऋक्षोऽभूद्भार्गववस्तस्माद्वाल्मीकिर्योऽभिधीयते। (विष्णु०3/3/18)-शिव पुराण में इन्हे ब्रह्मा से उत्पन्न बताया गया है।/ पुरा स्वायम्भुवो ह्यासीत् प्राचेतस महाद्युतिः। / ब्रह्मात्मजस्तु ब्रह्मर्षि तेन रामायणं कृतम्।।

उत्तर रामचरित में वाल्मीकि जी सीता को अयोध्या में राम के सम्मुख रखते हुए कहां कि मैने कभी कोई पाप कर्म, अहिंसा या असत्य भाषण किया हो यह मुझे याद नहीं (मुझे कई जन्मों का स्मरण है) श्रीराम! मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि सीता पवित्र और सती है। कुश और लव आपके ही पुत्र हैं। मैं कभी मिथ्याभाषण नहीं करता। यदि मेरा कथन मिथ्या हो तो मेरी संपूर्ण तपस्या निष्फल हो जाय। इससे भी स्पष्ट है कि वे कभी अहिंसा आदि कार्य में सलंग्न नहीं रहे, अब प्रश्न आता है कि यदि महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण वर्ण में जन्मे प्रचेता के पुत्र थे तो उनके शुद्र वर्ण में जन्म लेने की कथा का प्रसार कैसे हुआ? इसका उत्तर स्कन्द पुराण में है जहां रत्नाकर नामक एक डाकू का वर्णन है जो देवर्षि नारद की प्रेरणा से राम नाम लेकर महान तपस्वी बनता है और अपना नाम वाल्मीकि रख लेता है। पुराणों का कालखंड रामायण से बहुत बाद का है, और रत्नाकर का वर्णन केवल स्कंद पुराण में मिलता है, यही संभावना सबसे सटीक बैठती है। महर्षि वाल्मीकि जन्म और कर्म दोनो से ब्राह्मण और त्रिकालदर्शी और सभी के लिए पूज्य है और उनकी कृति से संपूर्ण मानवता लाभान्वित हो रही हैं।

कहां है साहित्य की वह धारा

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जो दुखों से घिरे जनमानस को आश्वस्त करे, निर्भय करे, जिसमें निर्लिप्त-दृष्टि और मनुष्यता की ज्योति है? मीडिया के इतने विकास के बावजूद क्या आज भी साहित्य और जनता के बीच दूरी बनी है? यदि हां तो क्यों? सवाल यह है कि क्या जनता और साहित्य अभी भी दूर हैं? ऐसा तो नहीं कि साहित्य समझ रहा हो कि जनता अपढ़ है, वह भला साहित्य को क्या समझेगी? साहित्य तो अभिजातवर्ग का मनोविलास है। जनता उसका क्या करेगी? साहित्य का सबसे बड़ा गंतव्य तो लोकजीवन ही है और साहित्य की सबसे बड़ी कसौटी लोकमंगल।

साहित्य का सबसे बड़ा आलोचक समय ही है। संतों का साहित्य आज भी जिंदा है और वे किंकविता-अकविता-नई कविता आदि के प्रयोग रसातल में चले गए? जब कोई भाषा और साहित्य जनता से दूर हो जाता है, तो उसकी जीवनी-शक्ति भी चुक जाती है। इससे तो फिल्म के पुराने गीत ही अच्छे, जो जनता की जवान पर तो हैं। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल ने कहा था। साहित्य-साधना योग है। साहित्य सेवी जहां बैठता है, प्रकाश की किरणें छिटकती हैं। लोक जीवन की परिस्थितियों का द्वन्द्व युगद्रष्टा कवि और मेधावी को जन्म देता है। संवेदन-शक्ति के कारण वह मेधावी-कवि लोकमय हो जाता है। युगद्रष्टा कवि और मेधावी की वाणी में स्वयं युग ही लोकजीवन से संवाद करता है। उसकी वाणी में लोक अभिव्यक्त होता है।

आओ ऋतुराज वसंत

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है।

इस बार ठंड कुछ देर से आई तो संभव है जाएगी भी देर से वरना वसंत पंचमी के त्यौहार के बाद मौसम में परिवर्तन आने लगता है। ठंड दबे पैरों वापस जाने लगती है और मधुमास अपने लाव लश्कर के साथ चला आता है। फाल्गुन और चैत्र वसंत ऋतु के दो प्रमुख महीने हैं। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही तापमान में वृद्धि होने लगती है और सर्दी से निजात मिलती है। मन जो शीत ऋतु में कभी-कभी अवसाद से ग्रसित हो जाता था, उसे आनंद की अनुभूति होती है, जीवन में राहत लाता है वसंत। आम में बौर आने लगती है, कोयल पंचम सुर में गाती है, ठंड से ठिठुर रहे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती हुई गेहूं की बालियों और सरसों को देख फूले नहीं समाते हैं। नव पल्लव, नव कुसुम और नवगात की सौगात साथ लेकर वसंत ऋतु आती है इसीलिए तो यह ऋतुराज कहलाती है। वसंती दुशाला पहने धरा का सौंदर्य अद्भुत खूबसूरत लगता है। अंगारों की तरह खिलते लाल बुरांस और सोने की तरह पीले फ्योंली की छटा तो देखते ही बनती है। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन वीक की धूम है।

अपने यहां तो वसंत ऋतु को ही प्रेम की ऋतु कहा जाता है। जीवन में गुनगुनी धूप हो, मंद मंद पवन बहती रहे, प्रेम रस में घुले मीठे बोल हों और क्या चाहिए प्रेम को? अनेक गीतकारों और संगीतकारों ने बसंत को लेकर सुंदर शब्द रचना की हैं और धुन बनायी है... रुत आ गई रे, रुत छा गई रे, संग बसंती अंग बसंती रंग बसंती छा गया, मस्ताना मौसम आ गया, पुरवा सुहानी आई रे, ओ बसंती पवन पागल जैसे गीत बासंती उमंग और उत्साह को और बढ़ा देते हैं। कई कवियों ने अपनी रचनाओं में वसंत को गाया है, जिनमें जायसी, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमीर खुसरो, निराला, गोपाल दास नीरज, दिनकर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद जैसे महान कवि प्रमुख हैं। वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है। कवि देव ने क्या खूब कहा है...

डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के, सुमन झिंगूला सोहै तन छबि भारी दै।/पवन झूलावै, केकी-कीर बतरावैं 'देव', कोकिल हलावै हुलसावै कर तारी दै।।/ पूरित पराग सों उतारो करै राई नोन, कंजकली नायिका लतान सिर सारी दै।/मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि, प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै॥

वसंत पंचमी इस बार 14 तारीख को मनाई जाएगी। इस दिन सुबह स्नान करके घरों में लिपाई-पुताई होती है, पूड़ी-पकौड़ी बनाई जाती है, घर की चौखटों पर ऐंपण दिए जाते हैं। घर की मालकिन टोकरी में फूल, दीप, अगरबत्ती, खाद, पानी, हल्दी टीका, कुदाल रखकर खेत में जाकर हलजोत की रस्म करती है। प्रकृति का धन्यवाद अदा करते हुए अगली बार भी अच्छी फसल होने की कामना करती है। पुराने समय में जिन लोगों के पास बैल हुआ करते थे, वे इस दिन खेत में बैलों के साथ रस्म के तौर पर बुआई करते थे। जिनके पास बैल नहीं होते, वे कुदाल से ही खेत में एक जगह पर खुदाई कर वहां पर खाद आदि से जमीन तैयार करते और उसका घर से टोकरी में लाई गई पूजन सामग्री से पारंपरिक पूजन करते थे। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह प्रथा प्रचलित है। हालांकि खेती का रकबा बुरी तरह घटा है।

वर्तमान समय में अधिकतर बड़े शहरों में कंक्रीट के जंगल दृष्टिगोचर होते हैं, हरियाली से छेड़छाड़ की गई है, वहीं उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में प्रकृति आज भी अपने संपूर्ण यौवन में मिल जाएगी। बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है। और जब बात उत्तराखंड की हो तो हम अपने प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी को कैसे भूल सकते हैं। यूं तो पंत जी ने वसंत पर बहुत कुछ लिखा है लेकिन यहां पर उनकी चार पंक्तियां ही काफी हैं... चंचल पग दीपशिखा से धर/गृह मग, वन में आया वसंत/सुलगा फाल्गुन का सूनापन/सौंदर्य शिखाओं में अनंत।- बसंत के आगमन के साथ ही दिन बड़े होने लगते हैं जो इस बात का संकेत है कि यह जागृत होने का समय है। अपने मन मस्तिष्क को जागृत रखें, अपनी ऊर्जा को सही कार्यों में लगाए, यही संदेश लाता है वसंत हम सब के लिए।

अयोध्या और तुलसी

डा. अरविंद मिश्रा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अयोध्या के नए मंदिर में प्रभु श्रीराम के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। अयोध्या से लौट रहे प्रभु भक्त वहां की भव्यता नव्यता का वर्णन करते नहीं थकते। अयोध्या का उद्धार हो गया। प्रभु राम पुनः विराजे हैं। किंतु एक बात खटकने वाली है। जिसकी चर्चा कई जुबानों पर है। इस सारे परिप्रेक्ष्य में संत कवि तुलसी जैसे विस्मृत से कर दिए गए हों। रामकथा के अनेक प्रतीक प्रस्तरों मूर्तियों मे तुलसीदास कहीं नहीं दिखते। अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा भी आदि कवि वाल्मिकी के नाम पर है। जबकि जन जन तक में श्रीराम की भक्ति का प्रसार करने में तुलसी अद्वितीय हैं। कहते हैं कि तुलसी की काव्य साधना का एक सुदीर्घ काल अयोध्या में ही बीता था।

कुछ विद्वानों का तो यह भी मानना है कि आततायी आक्रांताओं के प्रतिकार में ही संत कवि ने मानस काव्य प्रबंध का संकल्प लिया और रावण और उसकी राक्षसी सेना को ही उन्होंने आततायियों के प्रतीक के रुप में प्रस्तुत किया। जिससे लोकमानस प्रेरणा लेकर आक्रांताओं के विनाश को तत्पर हो। इसलिए क्षोभ भरा आश्चर्य है कि अयोध्या के पुनरुद्धार में तुलसी को बिसरा दिया गया है। कहीं इसके कोई राजनीतिक निहितार्थ तो नहीं?

आज जब केवल और केवल वोट बैंक को हलोरने के दृष्टिगत ही बड़े और अभूतपूर्व फैसले लिए जा रहे हों, सारा माहौल राजनैतिक दांव पेंच से बोझिल हो गया हो कोई आश्चर्य नहीं कि एक यशस्वी संत कवि को मात्र इसलिए ही बिसराने की कूट रचना हो रही हो कि वे ब्राह्मण थे और आज की राजनीति में ब्राह्मण हाशिये पर हैं। उनसे वोटों की गणित हल नहीं होगी। आज बस केवल अनुसूचित और पिछड़े ही राजनीति के तारणहार बने हैं। वोट के इस अपार भंडार के सामने ब्राह्मण की क्या बिसात? पहले तो यह कि कोई भी संत महात्मा जाति पांत से विमुक्त होता है। जाति न पूछो साधु की। और तुलसी के ब्राह्मण होने का मापदंड तो बालकांड की प्रस्तावना की इस अर्धाली से ही स्पष्ट है-'बंदऊ प्रथम महीसुर चरना मोह जनित संशय सब हरना।' अर्थात ब्राह्मण वही जो मोह से उत्पन्न सभी संशयों को मिटा देने का ज्ञान रखता हो। जो भी हो, राजनीति से बोझिल वातावरण में तुलसी की विस्मृति का यदि सचमुच कोई कुचक्र हो, या नहीं भी हो, आरोपित हो रहे राजनीति के शिखर पुरुषों को ही इसका स्पष्टीकरण देना होगा। केवल वाचिक ही नहीं कर्मणा भी। अयोध्या में मंदिर के द्वार प्रमुख पर संत कवि तुलसी की एक भव्य मूर्ति स्थापित हो। यही वर्तमान शासकों द्वारा तुलसी के बिसराये जाने के लांछन का प्रतिकार होगा।

एक नजर

विधानसभा का सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. 18वीं विधानसभा का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है। यह जानकारी विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने दी। हालांकि यह सत्र 12 फरवरी तक चलने की घोषणा की गई थी। मगर, दो शनिवार अवकाश में सदन चलाये जाने से सभी विधायी कार्य दो दिन पहले ही निपट गए।

छह माह से बंद पड़े हैं विद्युत व्यथा निवारण फोरम

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य विद्युत नियामक आयोग के तहत खोले गये विद्युत व्यथा निवारण फोरम पिछले छह माह से बंद पड़े हुए हैं। इससे बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें निस्तारित नहीं हो पा रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बंद पड़ फोरमों को शीघ्र खोले जाने की मांग उठाई है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि विद्युत व्यथा निवारण फोरम में पूर्व में शिकायतें दर्ज होती थीं। शिकायतों पर संबंधित बिजली अभियंताओं से जवाब तलब किया जाता था, पर फोरम के बंद होने से उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रही हैं।

यूपी में आया 2300 करोड़ का विदेशी निवेश

विधानसभा में मुख्यमंत्री ने पेश किया अवस्थापना व औद्योगिक विकास के परिदृश्य का खाका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान शनिवार को एफडीआई और फॉर्च्यून-500 कंपनियों का निवेश प्रदेश में आकर्षित कराने के लिए की जा रही कोशिशों की भी जानकारी दी। कहा कि प्रदेश में 2300 करोड़ का विदेशी निवेश आया है। स्टेबिलिटी व सस्टेनेबिलिटी दो ऐसे फैक्टर्स हैं जिन पर फोकस करके औद्योगिक विकास को गति दी जा रही है। 46 वर्ष के बाद प्रदेश में बीडी के जरिए एक नया औद्योगिक शहर आएगा।

योगी ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सेमीकंडक्टर के महत्व को पहचानने का कार्य हुआ है। एक छोटी सी चिप हमारे इलेक्ट्रिक इक्विप्मेंट्स को संचालित करने में क्या रोल अदा करती है और इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश में सेमीकंडक्टर पॉलिसी को लागू करने का कार्य किया। एफडीआई और फॉर्च्यून 500 कंपनियों से निवेश को आकृष्ट करने के लिए भी नई एफडीआई नीति लागू की है। किसी भी राज्य द्वारा देश में अब तक वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए अब तक इस प्रकार का प्रयास नहीं हुआ है।

विधानसभा में कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य सदस्य।

▸▸ सेमीकंडक्टर पॉलिसी समेत बीडा के रूप में नए औद्योगिक शहर के विकास की दी जानकारी

गंगा एक्सप्रेसवे पर महाकुंभ के पहले यातायात संचालन पर फोकस: प्रदेश के अंदर बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए योगी सरकार में हुए कार्यों को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का विकास हमारे कार्यकाल में हुआ जिसे हम पहले ही पूरा कर चुके हैं।

मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे को भी पूरा करने पर हमारा फोकस है तथा हमें विश्वास है कि महाकुंभ 2025 के प्रारंभ से पहले इसे संचालित करने में सफल होंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को आगरा-लखनऊ से जोड़ने तथा एक लिंग एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रक्रिया के लिए भी बजट में धनराशि का प्रावधान किया गया है।

इन पर भी रहा मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान

▸▸ अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन : वर्तमान बजट की अपेक्षा इस वर्ष 33 फीसदी बढ़ोत्तरी के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

▸▸ एमएसएमई : 2017 के पहले उपेक्षित सेक्टर में 2016-17 तक 2028 करोड़ के ऋण का वितरण प्रदेश में होता था। वहीं, 2022-23 में 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपए का ऋण एमएसएमई यूनिट को उपलब्ध कराया गया। वर्ष 2024-25 के लिए इसे 2 लाख 91 हजार करोड़ रुपए करने का संकल्प रखा गया है।

▸▸ युवा उद्यमी विकास : यह नई स्कीम अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगी। इससे नए उद्यमियों को प्रशिक्षित करने, उद्यम लगाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा पहले चरण में 5 लाख तक के ब्याजमुक्त ऋण की कार्रवाई की जाएगी। भुगतान होने के बाद इस राशि को अगले चरणों में साढ़े सात लाख व 10 लाख तक करने की व्यवस्था की जाएगी। एक लाख युवा उद्यमी कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

▸▸ उत्तर प्रदेश रोजगार प्रोत्साहन कोष : इसके माध्यम से प्रदेश के अंदर युवाओं के लिए ट्रेनिंग, इंटर्नशिप व अप्रेंटिसशिप का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश में युवाओं की ट्रेनिंग के लिए वित्त पोषण रोजगार को उपलब्ध कराने के लिए 10 प्राइवेट औद्योगिक पार्क का विकास हुआ है।

▸▸ वस्त्रोद्योग : 2024-25 में वस्त्रोद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक नई निफ्ट समेत आंगनबाड़ी के विकास का भी कार्य हुआ है।

▸▸ सीएम अप्रेंटिसशिप स्कीम : इसके लिए भी धनराशि की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समेत मशीन लर्निंग के लिए आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर फैसिलिटी स्थापित करने का प्रावधान किया गया है।

▸▸ खेल : प्रदेश में खेल के स्तर को सुधारने के लिए कोई योजना नहीं थी, मगर उत्तर प्रदेश अब पहला राज्य है जो बाकायदा पॉलिसी लाकर 500 से ज्यादा खिलाड़ियों को रोजगार दे चुका है। हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी को डीएसपी बनाया व सम्मानित भी किया गया।

नकल माफिया बोर्ड परीक्षा में लेते थे गांरटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: विप में शनिवार को जैसे ही नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार आने से पहले उत्तर प्रदेश में भर्ती का मतलब घोटाला होता था। अगर बोर्ड की परीक्षा होती थी, तो नकल माफिया बोर्ड से लेकर भर्ती तक नकल की गारन्टी लेते थे। जब भाजपा सरकार आयी तो हमने नकल विरोधी अध्यादेश लाकर नकल बन्द करायी। छात्रों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। जवाब सुनते ही सपा के विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी और सदन से बहिर्गमन कर गये।

शनिवार होने के कारण आज प्रश्न प्रहर नहीं हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सदन के पूर्व सदस्य सरदार महेन्द्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। सदन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजलि अर्पित की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री, नियम 105 के तहत सपा सदस्यों द्वारा उठाए गए बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षित बेरोजगारों की आत्महत्या के सवालों का जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि सपा ने बिना तैयारी के बेरोजगारी के विषय को उठाया है, प्रदेश सरकार पारदर्शी तरीके से नौकरी दे रही है। समयबद्ध तरीके से परीक्षाएं हो रही हैं, पारदर्शी तरीके से रिजल्ट निकल रहे हैं। रोजगार के क्षेत्र में भी उप्र को नम्बर वन बनाने के लिए हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत जिले स्तर पर बच्चों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिल रही है। सरकार की मंशा है कि बच्चे पढ़ लिखकर देश व दुनिया में किसी भी परीक्षा को उत्तीर्ण कर आगे बढ़ें। शिक्षित बेरोजगारो के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने 2015 के सचिवालय में चपरासी के 368 पदों के सापेक्ष 23 लाख आए आवेदन से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इनमें से 250 पीएचडी, 24 हजार ग्रेजुअट थे। इसके बाद सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने और बेरोजगार विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

विधान परिषद कार्यवाही

दोनो सदनों में पास हुए पांच विधेयक

भोजनावकाश के बाद प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2024 और उप्र निजी विश्वविद्यालय(संशोधन) विधेयक,2024 को सदन की मेज पर रखा गया और ध्वनिमत से पारित हुए। इसके अलावा उप्र लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक,2024, उप्र लिफ्ट और एस्केलेटर विधेयक,2024 और उप विनिययोग विधेयक,2024 तीनो विधेयक ध्वनिमत से पारित हुए।

हत्या का मुद्दा कार्य स्थगन के रूप में उठाया

बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने औरैया के ग्राम शहबदिया में ग्राम प्रधान रमाकांत उर्फ रिंकू व उनके चचेरे भाई रविन्द्र कुमार की हत्या का मुद्दा कार्य स्थगन के रूप में उठाया। उन्होंने कहा कि एक ही मामले में दो हत्याएं हो गईं, मगर संबन्धित थाने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने कहा घटना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराध करनेवाला कोई भी बच नहीं पायेगा। प्रधान की हत्या का दोषी जेल जा चुका है, मामला न्यायालय में हैं जबकि दूसरी घटना में कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी। अगर सदस्य विवेचना से संतुष्ट नहीं हैं तो किसी अन्य अधिकारी से विवेचना करायी जा सकती है।

बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..

▸▸ योगी सरकार के बजट पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कसा तंज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश सरकार की ओर से पेश किए गए बजट 2024-25 पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को विधानसभा में जोरदार हमला बोला। बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..सुनाकर सबसे बड़े बजट पर तंज कसा। बजट की तमाम खामियां और आमआदमी, बरोजगार, किसान, व्यापारी समेत हर वर्ग की दुश्वारियां गिनाई। साथ ही राम मंदिर कार्यक्रम में पीएम मोदी पर पूरा फोकस होने पर तंज कसा।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी होने का नारा, विपक्ष का नहीं है। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की डबल इंजन की सरकार का यह नारा है। सरकार यह स्पष्ट करें कि किसानों की आय दोगुनी होगी होगी या नहीं? कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलेगी या नहीं? अच्छी दवाई, अच्छी पढ़ाई के लिए बजट में कितना आवंटन है? अखिलेश ने कहा कि बिजली के जो भी कारखाने लगाए गए थे। वह पूरी क्षमता पर नहीं चल रहे हैं। सरकारी क्या बताएं कि बिजली के नए कारखाने के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है? नई सड़कों को तो छोड़िए, सड़कों के गड्ढे भरने में कोई प्रावधान है या नहीं है। यह देखा जाना चाहिए। गड्ढों को भरने के बहाने सरकार ने कितना पैसा खर्च किया है? उन्होंने शिवपाल यादव का नाम लिए बगैर कहा कि हमें चाचा का नाम लेकर छेड़ा जाता है। हम उन्हें तथ्यों के आधार पर घेर रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि बजट के लिए निर्धारित प्रावधानों को जनता तक पहुंचने में सरकार कामयाब नहीं हुई है। नगर विकास विभाग से लेकर गृह विभाग तक के बजट का आंकड़ा पेश करते हुए कहा कि जो बजट प्रावधान किए गए, उसका आधा पैसा भी खर्च नहीं हो पाया।

विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने के लिए जाते सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव, साथ में अन्य सदस्य।

अयोध्या नहीं जाना है वोट बैंक पर पड़ेगा असर

नेता विरोधी दल अखिलेश यादव द्वारा राम के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि हमने तो कभी राजनीति नहीं की। राम तो हमारे अराध्य हैं। राम के बिना कोई काम कैसे हो सकता है। उठते-जागते हर समय राम-राम का संबोधन होता है, लेकिन अयोध्या नहीं जाना है क्योंकि वोटबैंक पर असर पड़ जाएगा।

राम मंदिर कार्यक्रम पर कसा तंज

राम मंदिर कार्यक्रम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के फोकस में रहने पर शायरी के जरिए हमला बोला। उन्होंने कहा कि पता नहीं वे अयोध्या कितनी बार गए। सड़क कैसा बनेगा? कैसी लाइट लगेगी? सबको देखा। लेकिन, कार्यक्रम के दिन वे नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि, हुजूरे आला आज तक खामोश बैठे हैं इसी गम में..।

मोदी सरकार पर भी साधा निशाना

अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार के भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाए जाने के दावों निशाना साधा। कहा कि हम विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन आज भी देश की 80 करोड़ आबादी 5 किलो अनाज के सहारे है। किसानों की बोरी से 5 किलो की चोरी जारी है। पुराने पेंशन के लिए पांच पैसे भी नहीं हैं। युवाओं के लिए कोई रोजगार या 500 रुपये का बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में कंसेशन 5 फीसदी तक नहीं है।

आशा बहुओं के भुगतान की उठी मांग

▸▸ भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने उठाया मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने उत्तराखण्ड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता कानून (यूनिफार्म सिविल कोड) लागू करने के संबंध में बधाई की सूचना दी। साथ ही उन्होंने नियम 115 में आजमगढ़ की आशा बहुओं के बकाया भुगतान की मांग उठी। सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ. मान सिंह यादव, आशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव, शाहनवाज खान एवं मो.जासमीर अन्सारी ने उप्र राज्य शिक्षा सेवा आयोग के गठन के बाद अभी तक अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति न होने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। निर्दल समूह के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग 2023 के अधिनियमित होने के बाद से आ रही कठिनाईयों का निदान कराये जाने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा आयोग के गठन की प्रक्रिया संचालित है। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने शाम को 7.20 बजे सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है।

शंकराचार्य के बाद हिंदू उत्थान का काम कर रहे मोदी: राजा भैया

अमृत विचार, लखनऊ : कुंडा से निर्दलीय विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने सदन की कार्यवाही के दौरान योगी सरकार के बजट का समर्थन किया और योगी-मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मंदिरों की दीवारों पर गुंबद बना देने से गंगा-जमुनी तहजीब नहीं होती। उन्होंने कहा कि ये हम लोगों का सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर को देखने को मिला। आदि शंकराचार्य के बाद अगर कोई सनातन उत्थान का, हिंदू उत्थान का काम कर रहा है तो वह नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

आसान होगा मुरादाबाद, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और श्रावस्ती का सफर

अमृत विचार, लखनऊ : चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए विमान सेवाएं इस माह के अंतिम सप्ताह से शुरू हो सकती हैं। फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से ये सेवाएं 19 सीटर विमान से दी जाएंगी। विमान का किराया और शेड्यूल भी जल्द जारी होने की संभावना है। राज्य सरकार की पहल पर उड़ान योजना के तहत पांच शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होने जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन पांच शहरों के लिए विमान सेवाएं शुरू की जा रही हैं, उनका किराया 1800 से 2500 रुपये के बीच होगा। लखनऊ से श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और मुरादाबाद का सफर सवा से डेढ़ घंटे में पूरा हो जाएगा।

करने पड़े बड़े सुधार, तब आया सुशासन

मुख्यमंत्री ने सुशासन दिवस 2024 कार्यक्रम को किया वर्चुअली संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित 'सुशासन दिवस 2024' कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश में हुए विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियों की गाथा सुनाते हुए कहा कि प्रदेश में सुशासन की स्थापना अचानक नहीं हुई है, बल्कि इसके लिए बड़े स्तर पर सुधार किये गये। पहले की सरकारों ने जाति, मत-मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर समाज को बांटने और ठगने का कार्य किया, मगर आज विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया गया है। प्रदेश में पहले भी पोटेंशियल था, मगर तब की सरकारों ने इसका बेहतर उपयोग नहीं किया।

▸▸ बोले, पहले की सरकारों ने प्रदेश की क्षमता का नहीं किया बेहतर उपयोग

नई दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राम भाऊ म्हालगी प्रबोधिनी की ओर से आयोजित दो दिवसीय 'सुशासन महोत्सव 2024' के लिए मुख्यमंत्री ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुशासन महोत्सव प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को प्रस्तुत करता है। बीते 10 साल में पूरी दुनिया नये भारत का दर्शन कर रही है। भारत आज दुनिया को सम और विषम परिस्थितियों में नेतृत्व देने का सामर्थ्य रखता है।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर प्रदेश में नये उद्यमियों के लिए लाई गई पांच लाख तक के ब्याज मुक्त ऋण की भी चर्चा की।

बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अंदर चल रही तमाम विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने यूपी में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में हुए कार्यों को गिनाया। साथ ही प्रदेश में सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था जैसी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। कहा कि केवल योजना बनाने से सुशासन नहीं आता, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन का तरीका और उसकी मॉनीटरिंग बहुत जरूरी है। सरकार ने टेक्नोलॉजी का बेहतरीन उपयोग किया है। सरकार ने बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया है।

वर्ग पहेली-339

बाएं से दाएं

1.1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।
4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, ख़र्च करने वाला, उदार, दानशील।
5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।
8.1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

ऊपर से नीचे

1.1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।
2.1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।
3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।
6.1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों
7.1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।



वर्ग पहेली - 338 का हल

1 भा	षा	स	2 म		3 तु
			धु		ला
			मा		ई
	4 कु	5 शा	स	न	
		सि			6 ज़े
7 गुं	जि	त			ह
			8 झा	ड़	न

सुडोकू-56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5	6		1		8		7
			7				3	
	3					5		2
		7		9	4			
1								5
			8	2		4		
9		5			6		8	
	4				3			
8		3				2	1	

सुडोकू - 55 का हल

6	1	7	3	2	4	9	8	5
2	9	8	5	6	1	3	4	7
5	3	4	9	8	7	1	2	6
9	8	5	4	1	3	6	7	2
1	7	2	8	9	6	4	5	3
4	6	3	7	5	2	8	9	1
3	2	9	1	4	5	7	6	8
8	5	1	6	7	9	2	3	4
7	4	6	2	3	8	5	1	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 21.09 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-शतभिषा 17.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष — आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल करेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

वृष — आज घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। घर में टेलीविज़न और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किन्तु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रखें।

मिथुन — आज आपकी वाणी में सौम्यता, आपको परिवार में विशेष सम्मान की हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। दाम्पत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

कर्क — आज यह समय आपके पक्ष का नहीं है। इसीलिए आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य शुरू नहीं करना चाहिए। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नाक, कान और गले संबंधित दिक्कत हो सकती है।

सिंह — आज परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेत्तर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। अपनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे।

कन्या — आज आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइंट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है। मस्तिष्क में अनावश्यक विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें।

तुला — आपको आज किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है।

वृश्चिक — आज घर के कार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। लवमेट्स का दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा करेंगे।

धनु — आज सभी कार्य शान्तिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बनायेंगे। टूटे रिश्तों को आज जोड़ सकते हैं। मनोरञ्जन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और सामन्जस्य बनाकर रखें।

मकर — आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

कुंभ — आज प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। मीडिया और ऑनलाइन कार्यों से जुड़े लोगों का दिन शुभ रहेगा। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी।

मीन — आज जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं। त्वरित निर्णय आज आपको नहीं लेने चाहिये। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ सम्वादहीनता की स्थिति पनप सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कूली — सुबह : 09.00
- सिंह इज ब्लिंग — रात : 09.00

SONY SMAX
- पीकू — सुबह : 08.00
- गुमराह — रात : 07.00

Utsav Gold
- बजरंगी भाईजान — सुबह : 09.15
- सीता रामम — शाम : 06.45

ZEE CINEMA
- पड़ोसन — सुबह : 09.40
- रेड — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- हम्प्टी शर्मा की दुल्हनियां — सुबह : 10.23
- गोविंदा मेरा नाम — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

संता- यार बंता आज सुबह-सुबह एक बिल्ली ने मेरा रास्ता काट दिया...

बंता- अच्छा फिर क्या हुआ?

संता - फिर क्या आगे जाकर उस बिल्ली का एक्सीडेंट हो गया, हमसे पंगा जो ले लिया था।

मास्टर जी- मुहावरे का अर्थ बताओ 'सांप की दुम पर पैर रखना'

स्टूडेंट- पत्नी को मायके जाने से रोकना।

टीचर समझ नहीं पा रहे हैं कि इतनी गहरी जानकारी इसे कैसे हुई।

अर्थव्यवस्था को कांटों से भरी झाड़ी में फंसी साड़ी की तरह निकाला है सही सलामत

वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का विपक्ष को दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार ने पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को कांटों में फंसी साड़ी की तरह सही-सलामत निकालकर भविष्योन्मुखी सुधारों की राह पर चलाने का प्रयास किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि निरंतर प्रयासों और प्रभावी नीतिगत योजनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला दिया है तथा इसके परिणामस्वरूप यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है।

उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले शासन के दौरान 18 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं रुकी हुई थीं। उन्होंने कहा-मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 348 लंबित परियोजनाओं को मंजूरी दी।

श्वेत पत्र ध्यान भटकाने के लिए लाया गया : वेणुगोपाल

कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र इस देश की "वास्तविक सच्चाइयों" को छिपाने और महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार द्वारा लाया गया है। सरकार द्वारा लाए गए श्वेत पत्र पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के सामने मौजूद मुद्दों से ध्यान भटकाने और अपने बचाव के लिए इसका इस्तेमाल किया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भारत रत्न सम्मान का इस्तेमाल कर रही है।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन करेगा आरपीएफ

नई दिल्ली, अमृत विचार: 68वां अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन 12 फरवरी से लखनऊ में होने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव करेंगे और 16 फरवरी को समापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व इस वर्ष रेलवे सुरक्षा बल को दिया गया है। यह आयोजन लखनऊ के जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी में 5 दिन तक चलेगा। होने वाले सम्मेलन में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित राज्यों की पुलिस के अलावा केंद्र शासित अर्धसैनिक बलो के विशेषज्ञ भी आएंगे। कानून एवं अपराध की दृष्टि से उक्त सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।

37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला...

फरीदाबाद जिले में 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में परेड के दौरान अलग-अलग किरदारों में सजे कलाकार प्रदर्शन करते हुए। यहां कई राज्यों के कलाकारों ने हिस्सा लिया है। ● एजेंसी

एक नजर

हरियाणा में मेडिकल की छात्रा ने की आत्महत्या

सोनीपत। सोनीपत के गोहाना के खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा ने शनिवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिसार निवासी मनीषा (24) भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा थी और कॉलेज के छात्रावास में एक कमरे में अकेले रहती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह मनीषा का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना से कॉलेज में हडक़ंप मच गया।

देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल: राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। उन्होंने 'प्रगति मैदान टनल' से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। 777 करोड़ रुपये खर्च कर बनाई गई प्रगति मैदान टनल सिर्फ एक साल में उपयोग के लायक नहीं रही। उन्होंने दावा किया-प्रधानमंत्री विकास की हर परियोजना पर प्लानिंग की जगह मॉडलिंग कर रहे हैं और हम ईडी, सीबीआई से लड़ रहे हैं।

दिव्यांगजन अधिकार कानून में प्रशंसनीय नीति दूर का सपना नहीं होना चाहिए

कोच्चि, एजेंसी

केरल उच्च न्यायालय ने शनिवार को कहा है कि दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम में निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। अदालत ने जनवरी में कोझिकोड जिले में 77 वर्षीय एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा पिछले कुछ महीनों से कथित तौर पर विकलांगता पेंशन न मिलने के कारण आत्महत्या की खबरों के आधार पर मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों को इस मामले पर निर्देश लेने के लिए समय दिया है। याचिका को 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

उच्च न्यायालय ने शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम एक बड़े बदलाव की कल्पना करता है और उक्त कानून के तहत प्रदान किए गए लाभों को साकार करने की कल्पना करता है। उच्च न्यायालय ने कहा-इसमें चीजें बेहतर की गई हैं और कई लोगों की जिम्मेदारियों को शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में, अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की संरचना पर गौर करना और यह

केरल उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

देखना अनिवार्य हो जाता है कि उन्हें लागू किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा-कानून के ढांचे के भीतर निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। अधिनियम की धारा 24 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित है। यह धारा कहती है कि संबंधित सरकार, अपनी आर्थिक क्षमता और दायरे के भीतर दिव्यांगजन के स्वतंत्र रूप से या समुदाय में रहने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक योजनाएं और कार्यक्रम तैयार करेगी। पिछले कुछ महीनों से सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कथित तौर पर पेंशन नहीं मिलने के कारण दिव्यांग व्यक्ति जोसेफ उर्फ पप्पाचन (77) द्वारा आत्महत्या की खबरें आने के बाद अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। जोसेफ ने शुरू में पेंशन न मिलने की शिकायत करते हुए चक्किटपारा ग्राम पंचायत के सचिव और संबंधित थाने से भी संपर्क किया था।

ढाई करोड़ के गबन मामले में प्रबंधक सहित 2 लोग गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 46 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने यहां एक बयान में बताया, ''धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चन्द जैन (72) को गिरफ्तार किया गया।'' अधिकारी के अनुसार, गबन की राशि से आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने उदयपुर-नाथद्वारा रोड पर एक 'फार्म हाउस' खरीदा। उन्होंने बताया कि मामला उस समय सामने आया जब बैंक के एक ग्राहक के खाते से चार फरवरी को 32 लाख रुपये निकाल लिये गये। अधिकारी के मुताबिक, बाद में जब बैंक के अन्य ग्राहकों के खातों की जांच की गई तो गबन की जानकारी हुई।

सीने में दर्द की शिकायत के बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल में भर्ती

कोलकाता। प्रख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार को यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 73 वर्षीय अभिनेता का एमआरआई हो चुका और अन्य परीक्षण किये जा रहे हैं। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा-चक्रवर्ती को आज सुबह भर्ती कराया गया और उन्हें चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है। इस बारे में ज्यादा जानकारी बाद में दी जाएगी। अभिनेता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बने चक्रवर्ती को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

महाराष्ट्र के मंत्री भुजबल को धमकी सुरक्षा बढ़ाई गई

नासिक। महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को एक पत्र मिला है, जिसमें उन्हें उनकी जान को खतरा होने के बारे में चेतावनी दी गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पत्र के मिलने के बाद पुलिस ने नासिक स्थित उनके आवास और कार्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी है। भुजबल अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हैं। भुजबल ने कहा कि यदि उन्हें ऐसे और भी कई पत्र मिलते हैं, तो भी वह अपने रुख से पीछे नहीं हटेंगे। अधिकारी ने बताया कि यह पत्र भुजबल के नासिक स्थित कार्यालय को शुक्रवार शाम को मिला। इसमें दावा किया गया कि मंत्री को नुकसान पहुंचाने के लिए पांच लोगों को 50 लाख रुपये की 'सुपारी' दी गई है।

दलित, ओबीसी और आदिवासी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी

डीसा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासियों को उनकी सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्ष में इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 1.3 लाख आवास के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद कहा कि किसी गरीब व्यक्ति के पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा-1.3 लाख आवास के आंकड़े देखिए। यहां तक कि जब मैं पीएमएवाई के

लोगों से मोदी बोले- हमारी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

तहत राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में शामिल हुआ, मैंने इतना बड़ा आंकड़ा नहीं देखा। मैं गुजरात सरकार को बधाई देता हूं। किसी भी गरीब व्यक्ति के लिए उसके पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा-हमारी सरकार की गरीब हितैषी योजना के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, ओबीसी और आदिवासी हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा केंद्र पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी की अनदेखी करने के आरोपों का जवाब देते हुए यह कहा। मोदी ने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिलाएं विकसित भारत के स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में आज जनजातीय सम्मेलन को करेंगे संबोधित

झाबुआ (मप्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिला मुख्यालय पर रविवार को जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों के आदिवासी समुदाय से आने वाले नागरिक भी शिरकत करेंगे। श्री मोदी इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी की यात्रा के एक दिन पहले शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां यात्रा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे। गुजरात की सीमा से लगे झाबुआ में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में झाबुआ और आसपास के जिलों के हजारों की संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग भी शामिल होंगे। व्यापक भीड़ के मद्देनजर समारोहस्थल पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफारम	2800-2850
जौ	2000 -2100
ज्वार	2600 -4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000 -2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5400 -5500
अरहर	8000 -8300
मसूर	5500 -5600
मटर	4400 -4500
उड़दहरा	10000 -10200
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	8500 -8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	15000-15200
अरहरस्पेशल1	12400-12600
चनादाल	6900-7000
मटरदाल	5300-5400
मसूरमलका	6950-7000
मसूरदाल	7050-7100
उड़ददाल	8800- 12500
उड़द धोवा	10200- 12800
मूँगदाल	9500 -10500
मूँग धोवा	9500-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000 - 2300
बासमती नं.1	9100 - 11000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं.2	7000 - 8000
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1440-1475
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5050-5100
अलसी	4500 -4600 रुपये।

सरकार की नई पॉलिसी ने बढ़ाई ई-वाहनों की रफ्तार

पेट्रोल महंगा हुआ तो तेजी से बढ़ने लगा इलेक्ट्रिक गाड़ियों का कुनबा, दिसंबर 2023 तक बिक चुके हैं 6,65,115 वाहन

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: पर्यावरण के 'मित्र' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बिक्री की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। ई-वाहनों की नई पॉलिसी से वाहन बिक्री ने सोने में सुहागा कर दिया है। मिलती सरकारी रियायत और लोगों के रुझान ने अब इन बेआवाज वाहनों की ओर दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

ईवी खरीद का बढ़ता आंकड़ा बताता है कि अब बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। 31 दिसंबर तक अकेले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 66,960 तक हो चुकी है। इन गाड़ियों की खरीद पर न केवल गाड़ी के पंजीकरण में बल्कि क्रय सब्सिडी में भी छूट दी जा रही है।

ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के लिए दी जा रहीं ये सुविधाएं

1-ईवी वाहनों में गाड़ियों के पंजीयन पर टैक्स से छूट।

2-वाहन स्वामियों को तीन साल तक इलेक्ट्रिक वाहनों में टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

3-चौथे और पांचवे साल में उन वाहनों को टैक्स में छूट दी जाएगी जो उत्तर प्रदेश में निर्मित हों।

4-वाहनों की खरीद पर सब्सिडी।

5-छूट की राशि सीधे खाते में जाती है।

प्रदेश में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दिसंबर 2023 तक

वाहन का प्रकार	ट्रांसपोर्ट गाड़ियां
बस	744
ई-रिक्शा	5,50,689
ई-रिक्शा विद कार्ट	21,689
थ्री व्हीलर यात्री	15,633
थ्री व्हीलर गुड्स	1,288
गुड्स कैरियर	177
मोटर कैब	138
बाइक-स्कूटर किराए वाली	35
एक्स-रे वैन	1

वाहन का प्रकार	नॉन ट्रांसपोर्ट व्हीकल
मोटर साइकिल स्कूटर	66,960
बाइक-स्कूटर विद साइड कार	52
मोपेड	703
मोटर-कार	4,712
मोटराइज्ड साइकिल 25 सीसी	2,198
कृषि ट्रैक्टर	91
एडाप्टेड वाहन	03
फारक लिफ्ट	01
थ्री व्हीलर पर्सनल	01
कुल ट्रांसपोर्ट ईवी	5,90,394
कुल नॉन ट्रांसपोर्ट ईवी	74,721
कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या	6,65,115

इस बारे में पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा ने बताया कि ई-गाड़ियों की बिक्री लोगों का रुझान बता रही है। अब लोग अपने निजी वाहनों की सूची में इसे शामिल कर रहे हैं। दिसंबर 2023 तक के ई-वाहन बिक्री के आंकडे लोगों की पसंद बता रहे हैं।

वहीं इस बारे में चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश का कहना है कि सरकार की नई पॉलिसी से ई-वाहनों की बिक्री रफ्तार पकड़ चुकी है। परिवहन विभाग की ओर से खरीदारों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोग अब प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की खरीद से बच रहे हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को रास आ रही हैं। धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहन लोगों के घरों में अपनी जगह बना रहे हैं।

आसान नियमों के साथ सेवानिवृत्त व्यक्तियों को मिलेगा चिकित्सा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

ईएसआईसी की 193वीं बैठक में लिया गया फैसला

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शनिवार को नियमों में ढील के साथ सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा लाभ देने का फैसला किया। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ईएसआईसी की 193वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

इसमें कहा गया कि ईएसआईसी ने उन बीमित सेवानिवृत्त श्रमिकों को चिकित्सा लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो वेतन सीमा से अधिक होने के कारण ईएसआई योजना कवरेज से बाहर हो गए हैं, यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम पांच साल के लिए बीमा योग्य रोजगार के अंतर्गत था। वे व्यक्ति जो एक अप्रैल, 2012 के बाद कम से कम पांच वर्षों तक बीमा योग्य रोजगार में थे और एक अप्रैल, 2017 को या उसके बाद 30,000 रुपये प्रति माह तक वेतन के साथ सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए थे, उन्हें नई योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तरी राज्यों में सेवा वितरण तंत्र को बढ़ाने के लिए ईएसआईसी ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में औषधालयों, चिकित्सा बुनियादी ढांचे/क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए मौजूदा मानदंडों में ढील दी है। बैठक के दौरान ईएसआई लाभार्थियों की समग्र भलाई को बढ़ावा देने के लिए ईएसआईसी संस्थानों में आयुष 2023 पर एक नई नीति अपनाई गई।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,700
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,175
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,800
चांदी तैयार	73,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,950
सोना जेवरात गिन्नी	62,950
चांदी पक्की	717 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,200
चांदी आभूषण	72,700।

जेएसडब्ल्यू समूह ओडिशा में लगाएगा विद्युत वाहन व बैटरी कारखाना

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाले विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक समूह जेएसडब्ल्यू ने ओडिशा में कटक और पारादीप में एक बड़े पैमाने का एकीकृत विद्युत वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण परियोजना स्थापित करने की शनिवार को घोषणा की।

कंपनी ने कहा है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा और इससे रोजगार के 11 हजार से अधिक अवसर पैदा होंगे। इस पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में भुवनेश्वर में हस्ताक्षर किए गए। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा गया है कि बिजली के क्षेत्र में ओडिशा की स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य की सरकार के साथ जेएसडब्ल्यू समूह ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण कटक और पारादीप में परियोजना। जेएसडब्ल्यू समूह ने कहा है कि इस परियोजना के लिए उसे दूसरे राज्यों से भी प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव मिले थे।

नीतीश ने कृषि यांत्रिकरण मेले का किया भ्रमण

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला का भ्रमण किया। श्री कुमार ने शनिवार को यहां गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार-2024) का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर कृषि के लिये उपयोगी आधुनिकतम कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी ली। इस मेला में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि यंत्रों के क्रय करनेवाले प्रगतिशील किसान लाभार्थियों से मुलाकात की।

वाराणसी, मुंबई व सूरत समेत चार शहरों के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने दी जानकारी

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत, और विशाखापट्टनम के आर्थिक रूपांतरण और 2047 तक भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए एक योजना तैयार की है। कहा कि आयोग की योजना 20-25 और शहरों की आर्थिक योजना तैयार करने की है, क्योंकि वे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र हैं।

उन्होंने भारत को 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा एक दृष्टिपत्र तैयार किया जा रहा है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया जाएगा।

सुब्रमण्यम ने यहां एक कार्यक्रम में कहा-नीति आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत और विशाखापट्टनम के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार की है। पिछले साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें 2030 तक मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) की जीडीपी को 300 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा की गई थी। सुब्रमण्यम ने कहा कि केंद्र ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए 11 दिसंबर को देश के युवाओं के विचार मांगे थे। अब तक हमें 10 लाख से अधिक विस्तृत सुझाव प्राप्त हुए हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में वुड की जगह शमार

नई दिल्ली, एजेंसी

3 करोड़ रुपए में आईपीएल में खेलने को जुड़े

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने शनिवार को वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसफ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए इंग्लैंड के मार्क वुड की जगह टीम में शामिल किया। पिछले महीने जोसफ ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अकेले दम पर टेस्ट मैच में जीत दिलाई थी। इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिसबेन के गाबा में आस्ट्रेलिया के स्टार सुसज्जित बल्लेबाजी लाइन अप को चरमराते हुए दूसरी पारी में 68 रन देकर सात विकेट झटके थे। वह तीन करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ेंगे और यह आईपीएल में जोसफ का पहला सत्र होगा। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने टाटा आईपीएल 2024 के आगामी चरण के लिए शमार जोसफ को तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर शामिल किया है। इसके अनुसार, जोसफ तीन करोड़ रुपये में एलएसजी से जुड़ेंगे। हाल में गाबा में वेस्टइंडीज को टेस्ट में मिली जीत के दौरान इस तेज गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था।

चेन्नई ओपन

नागल और लुका में होगा मुकाबला

चेन्नई, एजेंसी। भारत के टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने चेक गणराज्य के तीसरी वरीयता प्राप्त डेलिबोर स्विरसीना को हराकर शनिवार को चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नागल ने चेक गणराज्य के 21 वर्षीय खिलाड़ी को दो घंटे तक चले मैच में 6-3, 6-4 से हराया। फाइनल में उनका मुकाबला इटली के लुका नारदी से होगा। नारदी ने चीनी ताइपे के चुन सीन त्सेंग को हराया। पुरुष युगल फाइनल में साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन ने हमवतन ऋत्विक बोल्लिपल्ली और निकी पूनाचा को हराकर खिताब जीता।

छठा विश्व कप जीतने को तैयार हैं भारतीय जांबाज

आईसीसी अंडर-19 विश्व कप का फाइनल : ऑस्ट्रेलिया की टीम से भिड़ने को बेताब युवा क्रिकेटर

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला आज 11 फरवरी को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विलोमूर पार्क मैदान में खेला जाएगा। इंडिया सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को और ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची है। भारत के युवा खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में हर मैच में जीत हासिल की है। अब फाइनल में कंगारू को हराकर खिताब जीतना चाहेगी।

भारत के युवा क्रिकेटर रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतकर रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पिछले साल 19 नवंबर को आस्ट्रेलियाई टीम ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली सीनियर टीम को वैश्विक मंच पर रूलाया

था जिससे उदय सहारन की अगुआई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम को हराकर खिताब जीतना सुखद होगा।

कप्तान सहारन ने कहा था कि फाइनल में सामने ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता। हम विरोधी पर नहीं अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं। हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू वेबगेन, सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन, तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर और कैलम विडलर ने इस चरण के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है जो भारत के लिए परेशानी बन सकते हैं। भारत की अंडर-19 टीम ने 2012 और 2018 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और इस चरण के खिताबी मैच में भी वह प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम हमेशा आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 'पॉवरहाउस' रही है और इस टूर्नामेंट में नौवीं बार फाइनल में पहुंचना इसका प्रमाण है। भारत की अंडर-19 टीम ने 2016 के बाद सभी फाइनल खेले हैं जिसमें से उसने 2018 और 2022 चरण में खिताब जीते जबकि 2016 और 2020 में उसे हार मिली। विराट कोहली की टीम ने 2008 में ट्राफी जीती थी जिसके बाद अंडर-19 विश्व कप ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। लाइव टीवी कवरेज और 'स्ट्रीमिंग' से इसके प्रति उत्सुकता भी बढ़ गई है।

भारत	ऑस्ट्रेलिया
उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उप कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।	ह्यू वेबगेन (कप्तान), लाचलान ऐटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैम्पबेल, हैरी डिक्सन, रेयान हिक्स (विकेटकीपर), सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, ऐडन ओकोनोर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर और ओली पीक। **मैच दोपहर डेढ़ बजे।**

खेल डायरी

गुकेश ने कार्लसन को हराया, संयुक्त दूसरे स्थान पर

वांगल्स (जर्मनी), एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां शुरू हुए वेसेन्हॉस शतरंज चैलेंज के पहले दिन एक के बाद एक जीत दर्ज करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैग्सन कार्लसन, अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन और मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को पराजित किया। हालांकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ पहली बाजी में हारकर पूरे अंक गंवाने से गुकेश की शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन इसके बाद वह पूरी तरह लय में आ गये और उन्होंने चार में से तीन अंक अपनी झोली में डाले। इससे वह रैपिड वर्ग में जर्मनी के विन्सेंट केमेर (3.5 अंक) के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। नोडिरबेक अब्दुसतारोव को पहले दिन एक भी बाजी में हार नहीं मिली लेकिन उनके अंक गुकेश के बराबर हैं। कार्लसन, फिरोजा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना 200,000 डॉलर पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दो अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

हरमनप्रीत के 2 गोल, भारत ने स्पेन को 4-1 से दी मात

भुवनेश्वर, एजेंसी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में स्पेन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। हरमनप्रीत ने सातवें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला और 20वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। अपना 199वां मैच खेल रहे हरमनप्रीत ने पेनाल्टी कार्नर पर अपने गोल की संख्या 150 पर पहुंचा दी है। जुगराज सिंह ने भी 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को तीसरी सफलता दिलाई। ललित उपाध्याय ने 50वें मिनट में गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। स्पेन की तरफ से गोल 34वें मिनट में मार्क मिरालेस ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। भारत अगला मैच रविवार को नीदरलैंड से खेलेगा।

रामकुमार को मिला बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

बेंगलुरु, एजेंसी। भारत के दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को 12 फरवरी से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के एकल मुख्य ड्रा में शनिवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। हाल में पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की अगुआई करने वाले रामकुमार यहां चल रहे चेन्नई एटीपी चैलेंजर के पहले दौर में हार गये थे जिससे उन्हें घरेलू सरजमीं पर अच्छा करने का मौका मिलेगा। रामकुमार सात बार एटीपी चैलेंजर सर्किट के एकल फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने नवंबर 2021 में बहरीन के मनामा में अपना एकमात्र खिताब जीता था। दिलचस्प बात है कि रामकुमार ने दो साल पहले अपना सातवां और अंतिम युगल चैलेंजर खिताब बेंगलुरु में हमवतन साकेत मायनेनी के साथ जीता था।

मेस्सी पर नाराजगी से अर्जेंटीना का मैत्री मैच रद

हांगकांग, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी मैच में नहीं खेलने के कारण अगले महीने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल मैत्री मैच को शुक्रवार को रद्द कर दिया गया। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था। बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच होने थे। लेकिन मेस्सी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था। वह पिछले रविवार को 'ग्रोइन' चोट के कारण मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे। इससे खेल प्रेमी काफी नाराज हो गये थे। शुक्रवार को अर्जेंटीना और नाईजीरिया के बीच मैत्री मैच रद्द कर दिया गया। हांगझोउ स्पोर्ट्स ब्यूरो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की कि कारण सभी को पता है, हमें अधिकारियों से पता चला है कि परिस्थितियां मैच कराने के सही नहीं हैं।

कोहली श्रृंखला से हटे, अय्यर बाहर गेंदबाज आकाशदीप टीम में शामिल

बीसीसीआई की पुष्टि के बाद कोहली को लेकर चल रही अटकलें हुईं खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट श्रृंखला के बचे हुए मुकबलों से हट गए हैं, जिसकी पुष्टि शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने की। इससे कोहली को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गईं। कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेले थे।

बीसीसीआई ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से श्रृंखला के बचे हुए मैचों के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है। कोहली इस समय पारिवारिक कारणों से विदेश में हैं। अभी श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। व्यक्तिगत कारणों से कोहली की अनुपलब्धता के बारे में बीसीसीआई को पता था लेकिन अधिकारी यह देखना चाहते थे कि क्या वह 7 से 11 मार्च तक धर्मशाला में होने वाले अंतिम टेस्ट खेल सकते हैं। बीसीसीआई के सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि चयन समिति को पता था कि विराट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे और इसके अनुसार आकस्मिक योजना तैयार थी। बीसीसीआई में हर कोई चाहता है कि विराट अपनी पारिवारिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करें और जब भी वह उचित समझे वापस आएं। राष्ट्रीय चयन समिति ने सीनियर खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को टीम में शामिल किया है लेकिन बीसीसीआई की चिकित्सा टीम से मंजूरी मिलने के बाद ही वह खेल सकते हैं। इन दोनों को चोट लगी थी। राहुल फिट हैं और अंतिम एकादश में शामिल किए जाने को तैयार हैं। उसके अभी 'क्वाड्रीसैप्स' में थोड़ी ऐंठन है और चिकित्सा टीम इसे बढ़ाना नहीं चाहती। जडेजा की मांसपेशियों में खिंचाव है और वह बेहतर हो रहे हैं। मैच शुरू होने में अब भी पांच दिन बचे हैं और अगर वह ठीक रहते हैं तो बढ़िया है। अगर राहुल और जडेजा अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो विशाखापत्तनम में पदार्पण करने वाले रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा क्योंकि श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया गया है। सीनियर बल्लेबाज अय्यर को कमर के निचले हिस्से और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद टीम में नहीं लिया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनका मेडिकल अपडेट नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि अय्यर को हर हाल में बाहर कर दिया जाता और उनकी चोट ने चयनकर्ताओं के लिए फैसला आसान कर दिया है। अय्यर ने काफी लंबे समय से अर्धशतक नहीं जड़ा है और बल्लेबाजों के मुफीद भारतीय पिचों पर उनके आउट होने का तरीका चिंताजनक है। निकट भविष्य में लंबे प्रारूप के लिए अय्यर के नाम पर शायद विचार नहीं किया जाए क्योंकि शॉर्ट गेंद का सामना करना उनकी कमजोरी रही है। इस 17 सदस्यीय टीम में एकमात्र नया चेहरा बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप हैं जिन्हें प्रथम श्रेणी क्रिकेट और हाल ही में भारत 'ए' बनाम इंग्लैंड लायंस टेस्ट श्रृंखला में लगातार प्रदर्शन की बदौलत यह मौका मिला है।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

उम्मीद न थी कि इतनी जल्दी टेस्ट टीम में मिलेगी जगहः आकाशदीप

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल और भारत ए की तरफ से किया था अच्छा प्रदर्शन

बिहार के क्रिकेटर ने दुर्गापुर में टेनिस बॉल से की थी शुरुआत

इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में चुने गए तेज गेंदबाज आकाशदीप ने कहा कि उन्हें इतनी जल्दी राष्ट्रीय टीम में शामिल होने की उम्मीद नहीं थी। पिछले सत्र में बंगाल और भारत ए की तरफ से क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले आकाशदीप ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि मुझे भविष्य में टेस्ट टीम में चुना जाएगा लेकिन इतनी जल्दी इसकी उम्मीद नहीं थी।

इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दुर्गापुर में टेनिस बॉल क्रिकेट से अपने क्रिकेट कॅरियर की शुरुआत की। वह बिहार के रहने वाले हैं जहां एक समय क्रिकेट को करियर के रूप में नहीं देखा जाता था। उन्होंने कहा कि बिहार में तब (भारतीय क्रिकेट बोर्ड से निलंबित होने से) क्रिकेट के लिए कोई उचित मंच नहीं था विशेष कर सासाराम में जहां का मैं रहने वाला हूं, वहां क्रिकेट खेलना अपराध था। कितने ही माता-पिता अपने बच्चों से कहते थे कि आकाश से दूर रहो। वह पढ़ाई नहीं करता और उसकी संगत में बिगड़ जाओगे। आकाश ने कहा कि मेरे पिताजी मुझे बिहार पुलिस कांस्टेबल या राज्य सरकार में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की परीक्षा देने के लिए कहते थे। वह उन सरकारी नौकरी के आवेदन पत्र भरते थे और मैं परीक्षा देने जाता था और खाली फॉर्म जमा कर आ जाता था। आकाश ने कहा कि मेरे पापा और भैया का 6 महीने में देहांत हो गया। मेरे पास अब खोने के लिए कुछ नहीं था। यही प्रेरणा थी कि मुझे कुछ करना है क्योंकि परिवार की जिम्मेदारी लेनी है। एक दोस्त की मदद से उन्हें पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक क्लब की तरफ से खेलने का मौका मिला लेकिन उनकी कमाई टेनिस बॉल क्रिकेट खेलने से होती थी। उन्होंने बताया कि मैं क्लब की तरफ से लेदर बॉल से खेलता था लेकिन शुरू में उससे कमाई नहीं होती थी इसलिए मैं महीने के तीन या चार दिन टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलता था, जिससे मुझे प्रतिदिन 6000 रुपए मिल जाते थे। इससे महीने में मैं 20000 रुपए कमा लेता था।

मेरी ताकत है मेरा धर्म और अध्यात्म : केशव

केपटाउन, एजेंसी

दाहिने हाथ में ओम नमः शिवाय लिखा तांबे का कड़ा पहनने वाले और जल्द ही अयोध्या जाने की तमन्ना रखने वाले दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज के लिए धर्म और अध्यात्म कठिन हालात में उनकी ताकत है। केशव मैदान पर भी कभी अपनी आस्था की अभिव्यक्ति से परहेज नहीं करते हैं और मैदान में उतरने पर डीजे से राम सियाराम बजाने को कहते हैं। भारत में वनडे विश्व कप के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ मैच में उनके बल्ले पर ओम का स्टिकर लगा था और पाकिस्तान के

खिलाफ चेन्नई में मैच जीतने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में जीत पर खुशी जाहिर करने वाले संदेश के अंत में लिखा जय श्री हनुमान। भारत के खिलाफ अपनी सरजमी पर हाल ही में टेस्ट श्रृंखला के दौरान मैदान पर उतरते समय उन्होंने डीजे से राम सियाराम बजाने के लिए कहा था और यह वीडियो काफी वायरल हुआ। भारतीय मूल के केशव ने यहां एसए 20 फाइनल से पहले दिए इंटरव्यू में कहा कि मैं काफी धार्मिक और अध्यात्म में रूचि रखने वाले परिवार से हूं। धर्म और अध्यात्म मुझ पर थोपे नहीं गए लेकिन मैं महसूस करता हूं कि कठिन हालात में यह मुझे मार्गदर्शन और एक दृष्टिकोण देते हैं। मैं अपनी आस्था से काफी जुड़ा हुआ हूं। केशव के परदादा उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से थे जो 1874 में मजदूरी के लिए डरबन आए थे। केशव ने कहा कि मैं घर पर सारे त्योहार मनाता हूं। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से वह इतने उत्साहित थे कि उसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया था।

शनिवार को मैनचेस्टर, इंग्लैंड के एतिहाद स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी और एवर्टन के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल के खेले गए मैच के दौरान मैनचेस्टर सिटी के जेरेमी डोकू, बाएं, एवर्टन के एशले यंग और उनके साथी डोमिनिक कैल्वर्ट-लेविन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। **एजेंसी**

बॉलीवुड हलचल

यामी की फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। जियो स्टूडियोज ने बी62 स्टूडियोज के सहयोग से फ़िल्म आर्टिकल 370 ट्रेलर रिलीज़ किया। इस फ़िल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका में नज़र आयेंगी। आर्टिकल 370 एक खुफिया अधिकारी (यामी द्वारा अभिनीत) की कहानी को दर्शाती है, जो पीएमओ ब्यूरोक्रेट (प्रियामणि) के साथ घटनाओं की जटिल सिरीज़ और आतंकवाद की सांठगांठ का पर्दाफ़ाश करने की कोशिश करती है, जिसके कारण कश्मीर से आर्टिकल 370 को समाप्त करने का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व परिणाम सामने आता है। आर्टिकल 370 हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

8 साल बाद फिर से जादू बिखेरेंगे सलमान और सूरज बड़जात्यावा

निर्देशक सूरज बड़जात्या और अभिनेता सलमान खान ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इसमें मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्में हैं। सलमान और बड़जात्या की फिल्म का लोगों को हमेशा इंतजार रहता है। पिछले साल इस जोड़ी ने कन्फर्म किया था कि वह प्रेम रतन धन पायो (2015) के 8 साल बाद अपने पांचवें सहयोग के लिए फिर से साथ आ रहे हैं और उनकी अपकमिंग परियोजना बड़े पैमाने पर बनाई जाने वाली है। सूरज बड़जात्या और सलमान खान एक बड़े विज़न और बड़े पैमाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और उससे उन्हें काफी उम्मीदें है।

रणबीर की 'रामायण' में शूर्पणखा बनेंगी रकुल प्रीत सिंह

दंगल फेम डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर राम, सांई पल्लवी सीता और केजीएफ स्टार यश रावण का किरदार निभाएंगे। अब हाल ही में खबर आई है कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह फिल्म में रावण की बहन शूर्पणखा का किरदार निभा सकती हैं। नितेश तिवारी और रकुल प्रीत सिंह के बीच इसे लेकर बातचीत चल रही है। चूंकी शूर्पणखा 'रामायण' का एक खास किरदार है इसी की वजह से भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध हुआ। इसीलिए इसके लिए रकुल ने अभी से लुक टेस्ट वगैरह भी दे दिए हैं। अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक रहा तो रामायण पहला प्रोजेक्ट होगा, जिसकी शूटिंग रकुल अपनी शादी के बाद शुरु करेंगी। बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर और साउथ एक्टर यश की फिल्म 'रामायण' इन दिनों सुर्खियों में हैं। नितेश तिवारी की 'रामायण' में नए-नए स्टार्स की एंट्री हो रही हैं। अब तक इस फिल्म में रणबीर कपूर, यश, सनी देओल, बॉबी देओल समेत कई स्टार्स की एंट्री हो चुकी है। अभी हाल ही में माता सीता के किरदार के लिए जाह्नवी कपूर का नाम सामने आया था, जिसके बाद माना जा रहा था कि साई पल्लवी फिल्म से बाहर हो जाएंगे। इन सब के बाद अब फिल्म में 'शूर्पणखा' के रोल के लिए एक एक्ट्रेस का नाम सामने आ रहा है। नितेश की फिल्म 'रामायण' रिलीज से पहले स्टारकास्ट को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। अभी हाल ही में 'रामायण' में जाह्नवी कपूर की एंट्री को लेकर खबरें सामने आई थी। रणबीर कपूर और यश की फिल्म में शूर्पणखा के रोल के लिए एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह का नाम सामने आया है।

रजनीकांत की लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल पड़ी भारी

नई दिल्ली। 9 फरवरी को कुल चार फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इनमें से एक बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर-कृति सेनन के तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और बाकी तीन साउथ की लाल सलाम, अनवेशप्पिन कांडेतम और रवि तेजा की ईगल है, लेकिन साउथ की मूवीज में ईगल ने बाजी मारते हुए रजनीकांत और थोविनो थॉमस को भी पीछे छोड़ दिया है। सक्निल्क डाट कॉम के आकंड़ों के अनुसार, ईगल ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 6.1 करोड़ की कमाई की है. जबकि लाल सलाम ने केवल 4.3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इशके चलते रजनीकांत के स्पेशल कैमियो वाली फिल्म लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल भारी पड़ती हुई नजर आई है। जबकि बॉलीवुड मूवी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की टक्कर ईगल से होती दिख रही है क्योंकि इस फिल्म ने भी 6 करोड़ पार की कमाई अपने नाम की है। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित रवि तेजा की फिल्म ईगल में अनुपमा परमेशवरर, काव्या थापर, मधू और विनय राय जैसे सितारे हैं।

अंजना सिंह की फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की आने वाली फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू हो गई है। राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ठाकुरगंज का मुहूर्त संपन्न हो गया और शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में अंजना सिंह है और राहुल सिंह हैं। निर्माता आदित्य कुमार झा ने कहा कि ठाकुरगंज एक बेहतरीन पटकथा पर आधारित है। फिल्म की कहानी घर परिवार से है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होगी। इस फिल्म का बजट रूटिंन फिल्मों से ज्यादा है। फिल्म के निर्देशक नीरज रणधीर है। वही फिल्म को लेकर अंजना ने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन मौका है, जिसमें एक शानदार पटकथा पर बनने वाली फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में मेरा किरदार सर्वोपरि है और मैं इसे पूरी तरह से जीना चाहती हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

इजराइली हवाई हमले में 10 बच्चे समेत 28 फिलिस्तीनियों की मौत

एपी। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से रफा से आमलोगों को निकालने और हमास पर हमले की दोहरी योजना की घोषणा के बाद से वहां मौजूद लोगों की सांसें थमी हुई हैं। 12 लाख के करीब लोग वहां फंसे हुए हैं। हालांकि, नेतन्याहू की ओर से हमले का समय नहीं बताया गया है। लेकिन उनकी इस घोषणा के बाद से डर का माहौल बना हुआ है। इस बीच, इजराली वायु सेना की ओर से हमले जारी हैं। शनिवार तड़के रफा में इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमले में 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। एक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, शनिवार को रफाह क्षेत्र में घरों पर तीन हवाई हमले किए गए थे। हमले में तीन परिवारों के कई सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें कुल 10 बच्चे थे।

यूक्रेन के खारकीव पर रूस का ड्रोन हमला, 3 बच्चों समेत 7 की मौत

कीव। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस ने ड्रोन से शुक्रवार-शनिवार की रात बड़ा हमला बोला। हमले में सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनिहुबोव ने शनिवार को कहा कि ईरान निर्मित शहीद ड्रोन से नेमिश्लियन जिले में नागरिक बुनियादी ढांचा को निशाना बनाया गया। इस हमले के कारण भीषण आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आकर 15 घरों को नुकसान पहुंचा है। गृहमंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि वहां से 50 लोगों को निकाला गया है।

कनाडा: भारतवंशी चालक पर नशीली दवाओं को बांटने का आरोप

टोरंटो। कनाडा में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर पर नशीली पदार्थों को बांटने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, उसे 8.7 मिलियन कनाडाई डॉलर मूल्य की कोकीन अमेरिका लाने के प्रयास में पकड़ा गया था। ड्राइवर की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर की गई है। उसे कस्टम और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) ने कोकीन के साथ पकड़ा था। अधिकारियों के अनुसार, यह जब्ती बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के वितरण गतिविधियों के अनुरूप है। आपराधिक शिकायत के अनुसार, आरोपी ने सीबीपी अधिकारियों को अनदेखा करने और उनके द्वारा रोके जाने के बाद टोल से आगे बढ़ने की कोशिश की।

अमेरिका के हवाई- कैलिफोर्निया में 5.7 तीव्रता से आया भूकंप

होनोलूलू/मालिबु। अमेरिका के हवाई के बिग आइलैंड और मालिबु के निकट सदर्न कैलिफोर्निया में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि हवाई में 5.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र नालेहु से 11 मील (18 किलोमीटर) दक्षिण में और छह मील (10 किलोमीटर) गहराई में था। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि सुनामी की कोई आशंका नहीं है। दूसरी तरफ कैलिफोर्निया में भी 4.6 तीव्रता का भूकंप आया जिसके झटके लॉस एंजिलिस क्षेत्र में भी महसूस किए गए।

जेलों में गर्भवती हो रहीं महिला कैदियों के मामले में उच्चतम न्यायालय ने लिया स्वतः संज्ञान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की जांच के लिए सहमति व्यक्त करते हुए जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल से इस मुद्दे को देखने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

अग्रवाल जेलों में बढ़ते कैदियों के मामले में न्याय मित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रहे हैं। गुरुवार को बंगाल के सुधार गृहों में में महिला कैदियों के गर्भवती होने का मुद्दा हाई कोर्ट में उठाया गया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले को आपराधिक मुकदमों की सुनवाई करने वाली खंडपीठ को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसमें कोर्ट द्वारा नियुक्त न्याय मित्र तापस कुमार भांजा ने दावा किया था कि बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। इसलिए 196 बच्चे इस तरह के विभिन्न सुधार गृहों में रह रहे हैं। भांजा ने सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों को महिला कैदियों के सेल में प्रवेश पर रोक लगाने का सुझाव दिया है।

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा हैं चार्जिंग स्टेशन

यूपी ईवी में अव्वल

12,146 कुल चार्जिंग स्टेशन हैं भारत में, 18 सौ से ज्यादा चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर

देश का ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) सेक्टर तेजी से विकास कर रहा है। सड़कों पर बड़ी संख्या में दोपहिया-तिपहिया के साथ ही ईवी कारें और बसें नजर आ रही हैं, लेकिन ईवी के विकास के लिए सबसे जरूरी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या अब भी कम है। भारी उद्योग राज्य मंत्री, कृष्णपाल गुर्जर ने लोकसभा में बताया कि इस साल 2 फरवरी तक देश में कुल 12,146 चार्जिंग स्टेशन खुल चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 3079 चार्जिंग स्टेशन हैं। 1886 चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर है, जबकि कर्नाटक में 1041 चार्जिंग स्टेशन हैं। इसके बाद केरल (852), तमिलनाडु (643) और उत्तर प्रदेश की बारी आती है।

2030 तक 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की होगी जरूरत

देश में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत

भारत में 2030 तक 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत होगी। इसलिए सरकार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए सब्सिडी दे रही है। फेम-2 योजना के तहत सरकार पहले 5000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कुल चार्जिंग स्टेशन लागत का 50 से 100% तक सब्सिडी दे रही है। साथ ही सरकार ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश और मानक जारी किए हैं, जो घर-दफ्तर में ईवी चार्ज करने की इजाजत देते हैं।

2023: हर माह 1 लाख से ज्यादी ईवी बिकीं

जैसे-जैसे ईवी तकनीकि तौर पर विकसित और सस्ती होती जा रही है। बाजार में इसकी मांग भी बढ़ती जा रही है। एनआरआई कंसल्टिंग एंड सॉल्यूशंस के प्रितेश सिंह बताते हैं- पिछले साल हर महीने 1 लाख से ज्यादा ईवी की बिक्री हुई। इनमें से 56% टू व्हीलर्स हैं। अकेले मई में सबसे ज्यादा 1,58,374 ईवी की बिक्री हुई।

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन हैं। जबकि देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स उत्तर प्रदेश में ही हैं। आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में अगस्त 2023 तक 5,74,967 रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे। यानी 988 वाहनों के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन। इसके बाद सबसे ज्यादा ईवी महाराष्ट्र (3,05,006) में हैं। यानी हर 100 ईवी के लिए एक चार्जिंग स्टेशन है। देश की राजधानी दिल्ली में 124 ईवी के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन है। देश में 3 अगस्त 2023 तक कुल ईवी 28,30,565 थीं। इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप का डेटा नहीं जोड़ा गया है।

इमरान खेमे में दोहरी खुशी, पीटीआई समर्थित प्रत्याशियों ने जीतीं सर्वाधिक सीटें

इमरान को 12 केसों में मिली जमानत

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों के बीच शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिली है। दरअसल, रावलपिंडी में आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने इमरान को 9 मई के दंगों से संबंधित 12 मामलों में जमानत दे दी है।

इमरान के लिए ये दोहरी खुशी इसलिए भी है, क्योंकि चुनावी नतीजों में भी उनकी पार्टी पीटीआई के समर्थित उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। इसके अतिरिक्त, इमरान खान के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को 13 मामलों में जमानत दे दी गई है। इमरान को आर्मी म्यूजियम पर हमलों में भी जमानत दे दी गई है। अदालत ने सभी 12 मामलों में 1 लाख पाकिस्तान रुपये के जमानत बांड पर जमानत दी है। जमानत आवेदनों पर एटीसी न्यायाधीश मलिक इजाज आसिफ ने फैसला सुनाया कि पीटीआई संस्थापक को हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं है और 9 मई के मामलों में सभी संदिग्धों को जमानत दे दी गई। इमरान और कुरैशी को 6 फरवरी को आरोपों के अनुसार दोषी ठहराया गया था।

पीटीआई के उम्मीदवारों को मिलीं 99 सीटें

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अनुसार, नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 99 सीट जीती हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित हैं। नवाज की पीएमएल-एन ने 71, पीपीपी ने 53 सीट और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। इमरान खान की पार्टी ने पीपीपी, पीएमएल-एन के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने बलबूते संघीय सरकार बनाने की स्थिति में है।

बेटी मरियम-नवाज की जीत को चुनौती, कोर्ट पहुंचे पीटीआई नेता

पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज की जीत को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने दोनों को लाहौर की नेशनल असेंबली की सीटों पर विजयी घोषित किया है। चुनाव आयोग पर आरोप है कि सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है।पूर्व प्रधानमंत्री की बेटी के निर्वाचन को शनिवार को चुनौती दी गई। याचिका में पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने दावा किया कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने उन्हें 'फर्जी' परिणाम पर विजेता घोषित किया।

राजनीतिक -आर्थिक स्थिरता लाए आगामी सरकार: मुनीर

पाकिस्तान के चुनावी परिणाम आने के बाद शनिवार को सेना प्रमुख असीम मुनीर ने देश की जनता को सफल चुनावों के लिए बधाई दी। असीम ने इसी के साथ कहा कि मेरी कामना है कि देश को इस चुनाव से अराजकता और खराब राजनीति से छुटकारा मिलेगा और आगे बढ़ने के लिए स्थिर सरकार मिलेगी। उन्होंने कहा लोकतांत्रिक ताकतों को संभालने वाली सरकार राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करेगी, यही उम्मीद करता हूं और इसी के साथ कामना करता हूं कि ये चुनाव राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता, शांति और समृद्धि लाए।

100% भरोसा, यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनेगा भारत

पर्थ, एजेंसी

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं। वह दो दिवसीय हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। शनिवार को जयशंकर ने कहा कि 100 प्रतिशत विश्वास है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलेगी, लेकिन यह आसान नहीं होगा क्योंकि बहुत सारे देश हैं जो हमें रोकना चाहते हैं।

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि जब वह दुनिया भर में जाते हैं तो उन्हें यह बदलाव नजर आता है कि अब दुनिया भारत को कितनी अलग नजरों से देखती है। उन्होंने स्थायी सीट को लेकर कहा 'मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं कि हम वहां पहुंचेंगे। लेकिन मैं ईमानदारी से कहूं तो, हमें यह आसानी से नहीं मिलेगा क्योंकि दुनिया प्रतिस्पर्धा से भरी है। किसी देश का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग हमें रोकने की कोशिश करेंगे, उस मार्ग को कठिन बना देंगे या रास्ते में किसी तरह की बाधाएं, किसी तरह का तर्क डालेंगे, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम वहां पहुंचेंगे और मैं पांच साल पहले या 10 साल पहले की तुलना में आज अधिक आश्वस्त हूं।'

उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे मैं दुनिया भर में घूमता हूं, मैं अक्सर लोगों से यह सुनता हूं कि 'देखो, आप वो बातें कह सकते हैं जो हम नहीं कह सकते। हम यह कहने के लिए आप पर भरोसा करते हैं क्योंकि हमारी अपनी सीमाएं हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारत ने पहले ही स्वाभाविक रूप से एक स्थिति बना ली है जो उन सभी के लिए एक सामूहिक स्थिति है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मुद्दे थे जिनमें कई लोगों के हित शामिल थे लेकिन वैश्विक बहस पर कुछ ही लोगों का दबदबा था।

आने वाले वक्त में क्वाड की प्रासंगिकता बढ़ेगी

भारतीय समुदाय को संबोधित करते जयशंकर।

जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि क्वाड समूह की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह क्षेत्रीय तथा क्षेत्र से परे राजनीति व नीति में एक बड़ा कारक बनेगा। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, यह समूह प्रमुख शक्तियों की बदलती क्षमताओं और पूरी दुनिया पर उसके असर का परिणाम है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख से निपटने के लिए 2017 में किया गया था। जयशंकर ने कहा, यह तीन बहुत महत्वपूर्ण संबंधों को भी दर्शाता है जो शीत युद्ध खत्म होने के बाद बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि ये चारों देश इस समुद्री क्षेत्र के चार कोनों पर स्थित हैं।

भारत में एक दशक में 8 नए एयरपोर्ट बने

जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कोरोना महामारी (कोविड) के दौर में भारत में हुई सकारात्मक पहल और गरीबों को मुफ्त राशन जैसी योजनाएं गिनाते हुए कहा कि कोरोना से उबरने में प्रोत्साहन की अहम भूमिका रही। विदेश मंत्री ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना से जूझ रही थी, उस समय भारत में सभी के मन में एक ही बात और भावना थी, किसी भी सूरत में इस संकट के समय को पीछे छोड़ना है। उन्होंने बीते एक दशक में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

अमेरिका: घायल भारतीय मूल के युवक की अस्पताल में मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ 2 फरवरी को रेस्तरां के बाहर घायल अवस्था में फुटपाथ पर मिले थे विवेक तनेजा, जांच जारी

अमेरिका के वाशिंगटन शहर के एक रेस्तरां के बाहर एक 41 वर्षीय भारतीय मूल के कार्यकारी पर किसी विवाद के कारण हमला किया था, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई है।

जांचकर्ताओं के अनुसार, अधिकारियों ने 2 फरवरी को सुबह लगभग 2 बजे शोटो रेस्तरां के बाहर विवेक तनेजा घायल अवस्था में फुटपाथ पर पड़े थे। उन्हें जानलेवा चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

मीडिया के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तनेजा और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और वह झड़प में बदल गई। इसके बाद शख्स ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया गया और उनका सिर फुटपाथ पर जा लगा। बुधवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अब तनेजा की मौत को हत्या मानकर जांच कर रही है। तनेजा डायनेमो टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। तनेजा संघीय सरकार के अनुबंध क्षेत्र पर जोर देने के साथ डायनेमो की रणनीतिक, विकास और साझेदारी पहल का नेतृत्व करते थे। तनेजा वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में अपनी उनकी पत्नी और एक बेटी के साथ रहते थे।

पुलिस उस शख्स को अब भी खोज रही है, जिसने विवेक पर हमला किया था। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने आरोपी शख्स को पकड़ने के लिए अब जनता से भी मदद मांगी है।

संगम पर उमड़े भक्त...

प्रयागराज: चल रहे माघ मेले के तीसरे और मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर भक्त उमड़ पड़े। मेला प्रशासन का अनुमान है कि शनिवार शाम तक 2 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला प्रशासन ने स्नान घाटों की संख्या बढ़ाकर 12 कर दी। घाटों की लंबाई भी 6800 रनिंग फोट से 8000 रनिंग फोट की गई। श्रद्धालुओं की मदद के लिए 500 मेला मित्र भी तैनात रहे। पहली बार एनडीआरएफ ने महिला बचावकर्मियों को भी तैनात किया है। इस स्नान को 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ के रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। ● एजेंसी

मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता तीन दशक बाद भारत में होगी, 18 से होगा आगाज

नई दिल्ली। करीब तीन दशक बाद भारत में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता होने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता का यह 71वां संस्करण होगा, जो 18 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये वर्तमान मिस वर्ल्ड पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का, पूर्व विजेता टोनी एन सिंह (जमैका) ने प्रतियोगिता की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 फरवरी को भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) करेगा। प्रतिस्पर्धा इंडिया वेलकम द वर्ल्ड गाला के साथ शुरू होगी और इसका ग्रैंड फिनाले 9 मार्च को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा। नई दिल्ली में भारत मंडपम समेत विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएगी। इसमें दुनिया भर के देशों के 120 प्रतियोगी भाग लेंगे।

पूर्व पीएम नरसिम्हा राव ने इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी: गिलोन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा की है। जिसके बाद से ही तमाम राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच, भारत में इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 1992 में पीएम नरसिम्हा राव के नेतृत्व में भारत और इजराइल ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे।

एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव ने भारत और इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी थी, जो आज प्रगाढ़ हो चुके हैं। मोदी द्वारा उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के एलान की मैं प्रशंसा करता हूं। साथ ही मध्यपश्चिम भारत में इजराइली महावाणिज्यदूत कोबी शोशानी ने भी इजराइल और भारत के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में धमाका, एक पुलिसकर्मी समेत तीन आतंकी ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस मोबाइल वैन पर हमले के बाद हुई गोलीबारी में कम से कम तीन आतंकवादी और एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के दारजिंदा इलाके में गश्त कर रही एक वैन पर अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक अतिरिक्त एसएचओ की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस और हमलावरों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई। पुलिस ने बताया कि लड़ाई के दौरान तीन हमलावरों को मार गिराया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने कहा, हमलावरों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

टीएमसी नेता की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन, इंटरनेट ठप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।

हाथों में लाठी और झाड़ू लेकर स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली के विभिन्न इलाकों में जुलूस निकाला। एक अधिकारी ने बताया धारा 144 लागू की गई है और जिले के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शेख शाहजहां पिछले महीने से फरार हैं। ईडी कथित राशन घोटाले में उनके घर पर छापेमारी की थी। जिस दौरान भीड़ ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

विज्ञान नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए सौरमण्डल में छिपे महासागर की हुई खोज

शनिग्रह के उपग्रह 'मीमास' में मिला जल का भंडार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश ने वैज्ञानिकों को अकूत तरल जल का खजाना हाथ लगा है। बाहरी ग्रह पर मिले महासागर में जीवन की संभावना प्रबल बताई जा रही है। तरल जल का यह महासागर शनि के चंद्रमा मीमास में खोजा गया है। ऑब्ज़र्वेटोएरे डी पेरिस-पीएसएल के खगोलशास्त्री वैलेरी लैनी और उनकी टीम ने यह खोज की है।

नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए यह खोज हुई है। मीमास शनि का सबसे छोटा उपग्रह है। इस उपग्रह पर तरल जल की मौजूदगी की कोई संभावना नजर नही आती थी। कैसिनी अंतरिक्ष यान ने 2004 से 1017 के बीच कई बार मीमास के जांच पड़ताल की और तस्वीरों समेत डेटा पृथ्वी पर भेजा। जब वैज्ञानिकों ने इस उपग्रह का डेटा खंगाला तो हैरान हो गए। मीमास के भीतरी सतह में महासागर छिपा हुआ था। इस उपग्रह की सतह मोटी परत की बर्फ से ढकी हुई है और सतह से केवल 20 से 30 किलोमीटर की गहराई में तरल जल का महासागर समाया हुआ है। लंदन क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने महासागर की इस घोषणा को प्रकाशित किया है। खोजकर्ता वैज्ञानिको का कहना है कि शनि के चंद्रमा मीमास का महासागर संभवतः 5 से 15 मिलियन वर्ष पहले शनि द्वारा मीमास के ज्वारीय निचोड़ के कारण बना था। इस खोज से वैज्ञानिकों को महासागर की उत्पत्ति की जानकारी मिल सकती है। साथ ही इस महासागर में किसी भी रूप में जीवन भी मिल सकता है। अब आगे के अध्ययन से इस संदर्भ की पुष्टि होगी। बीते दशक में नासा ने चंद्रमा की बर्फ से ढंकी सतह के नीचे तरल रूप में पानी मौजूद होने का दावा किया था।

फिर चाहे वह भूमिगत जल हो या किसी महासागर के रूप में हो। लेकिन शनि के चंद्रमा एनक्लेडस को देखकर पहली झलक में कहा जा सकता है कि इसके दक्षिणी ध्रुव पर पानी का अथाह भंडार है। इस खोज को नेचर जरनल में प्रकाशित शोध पत्र के प्रमुख शोधकर्ता और कारनेल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मैट हेडमैन ने बातया था कि, एनक्लेडस जब शनि के बहुत करीब होता है तो जलस्त्रोतों के पोर जैसे बंद हो जाते हैं और जब ये चाद अपने शनि ग्रह से सबसे अधिक दूर होता है तो जल सबसे अधिक छलकता है।

शनि का उपग्रह मीमास।

एन्सेलाडस, यूरोपा के क्लब में शामिल हुआ मीमास

मीमास एक छोटा चंद्रमा है, जिसका व्यास केवल 400 किलोमीटर है। यह खोज मिमास को आंतरिक महासागरों वाले चंद्रमाओं के एक विशेष क्लब में जोड़ती है, जिसमें शनि का चंद्रमा एन्सेलाडस और बृहस्पति का चंद्रमा यूरोपा शामिल है।

88 की उम्र में हीमैन ने बदला नाम, अब हुए धर्मेंद्र सिंह देओल

मुबंई। हीमैन ने 88 साल की उम्र में अपना नाम बदल दिया है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में दिए गए शुरुआती क्रेडिट से पता चला कि धर्मेंद्र ने अपने जन्म के समय दिए गए मिडिल नेम और सरनेम को अपने नाम के साथ जोड़ लिया है। फिल्म के क्रेडिट में उनका नाम धर्मेंद्र सिंह देओल लिखा गया है। बता दें, इडंस्ट्री में आने के 64 साल बाद उन्होंने नाम बदला है। इससे पहले धर्मेंद्र अपने नाम के साथ कुछ भी नहीं लगाते थे। धर्मेंद्र के बचपन का नाम धर्मेंद्र केवल किशन देओल है। हालांकि, अब तब हीमैन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

सरकार को बर्खास्त कर लगाएं राष्ट्रपति शासन: उद्धव ठाकरे

मुबंई, एजेंसी

महाराष्ट्र में उद्धव गुट के नेता की हत्या के बाद शिवसेनाम (यूबीटी) और कई विपक्षी दलों ने शिंदे सरकार पर टिप्पणी की है। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बुरी तरह से खराब हो रही है। मुख्यमंत्री शिंदे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने यह कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, जिसके बाद नए सिरे से राज्य में चुनाव कराए जाएं।

बता दें गुरुवार शाम महाराष्ट्र स्थित दहिसर में शिवसेना(यूबीटी) के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से ही राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी दल आक्रमक हो गया है। उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार पर गुंडों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर महाराष्ट्र में बेकाबू कानून व्यवस्था की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

बता दें, गुरुवार शाम शिवसेना नेता की स्थानीय व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मौरिस नोरोन्हा ने फेसबुक लाइन के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले पर कहा कि नोरोन्हा ने बाद में खुद को ही मारा डाला।

▸▸ कानून व्यवस्था को लेकर उद्धव ने मुख्यमंत्री शिंदे को घेरा